# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 9 सितम्बर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 115 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




गुमला में निशाना साधने का प्रशिक्षण लेते एनसीसी कैडेट

## हथियार के साथ टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने बरवाटोली, भगिया के पास से टीएसपीसी के सक्रिय उग्रवादी रोहन गंझू को देसी लोडेड बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को जेल भेज दिया। पकड़ा गया उग्रवादी बरवाटोली भगिया निवासी रोहन गंझू है, जिसके पिता का नाम करम गंझू है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लोडेड देसी बंदूक बरामद की है। बालूमाथ के पुलिस अनुमंडल अधिकारी उमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी उग्रवादी अपने घर बरवाटोली आ रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी करके रोहन गंझू को हथियार के साथ पकड़ लिया। श्री सिंह ने बताया कि रोहन गंझू लगातार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। आरोपी के खिलाफ बालूमाथ, चंदवा, बारियातू, चतरा और टंडवा थाना क्षेत्रों में कुल पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार रोहन गंझू टीएसपीसी के आदेश गंझू के निर्देशों पर क्षेत्र में लेवी वसूलने का काम करता था।

# झारखंड की बेटियों में शिक्षा की असीम क्षमता : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार ने मंगलवार को महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रम में बेहतर करने वाली छात्राओं को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने बताया कि झारखंड की बेटियों में शिक्षा की असीम क्षमता है। उन्होंने कहा कि जीवन सिर्फ डिग्रियों से नहीं बल्कि नैतिक मूल्य एवं सकारात्मक सोच से आगे बढ़ता है। दरअसल बिष्टुपुर क्षेत्र में स्थित एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह का आयोजित किया गया। समारोह में सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, विश्वविधायल की कुलपति प्रो. इला कुमार के अलावा सभी प्रोफ़ेसर और छात्राएं मौजूद थीं। दीक्षांत समारोह में कुल 1990 छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गई जबकि विभिन्न संकायों की



54 मेधावी छात्राओं को स्वर्ण पदक, चांसलर मेडल और दूसरे पुरस्कारों से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की छात्राओं को रेखा झा मेमोरियल मेडल भी प्रदान किया गया। वहीं विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहला मौका रहा जब चार शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इस मौके पर कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने उपाधि और सम्मान प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्राओं के साथ-साथ उनके परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने छात्राओं से अपनी शिक्षा और प्रतिभा का उपयोग समाज और देश के विकास में करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीवन सिर्फ डिग्री से नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच से आगे बढ़ता है। आज देश में बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी की अपनी अलग पहचान बना रही है। झारखंड की बेटियों में शिक्षा की असीम क्षमता है और जमशेदपुर का महिला विश्वविद्यायल निरंतर शिक्षा के क्षेत्र मे अलग पहचान बनाते हुए आगे बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### विस्फोट में खुखड़ी चुनने गया व्यक्ति घायल

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना अंतर्गत कचान गांव में मंगलवार सुबह जंगल में खुखड़ी चुनने गए एक व्यक्ति के साथ अचानक हुए विस्फोट में गंभीर हादसा हो गया। विस्फोट की चपेट में आने से गांव निवासी शनिचर राम का दायां हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है।

### दो दिनों से लापता युवक का मिला शव

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गांडेय थाना क्षेत्र के झारकट्टा गांव के नीचे टोला के पास मंगलवार को एक 32 साल के युवक का शव नदी किनारे मिला। युवक पिछले दो दिनों से लापता था। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के चिरैया घाट निवासी दीपक बर्णवाल के रूप में हुई है। उसके शरीर पर चोट के निशान देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दीपक करीब 15 दिनों पहले ही गुजरात से अपने घर लौटा था।

### लाखों रुपए के जेवरात और नकदी की चोरी

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चुरा ली। चोरों ने घर में सो रहे 12 लोगों को उनके कमरों में बाहर से बंद कर दिया था। यह घटना बीती रात हुई। परिजनों के अनुसार चोरों ने पहले उक्त मकान के निचले तल्ले के कमरों में चोरी की फिर दूसरे तल्ले पर जाकर खाली कमरों को निशाना बनाया। इधर पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही मुख्य मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

### चिल्ड्रेन पार्क में फंदे से लटकता मिला शव

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जसीडीह रेलवे स्टेशन के टीआरडी कॉलोनी स्थित चिल्ड्रेन पार्क में मंगलवार सुबह लोहे के एंगल से शर्ट के फंदे से लटका एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस पदाधिकारी और आरपीएफ कर्मी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। इसके बाद शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा की कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### दो गिरफ्तार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमसांडी थाना क्षेत्र में अवैध संबंध के आरोप में जगेश्वर भुइयां की हत्या हो गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस कांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

## भू-धंसान से कई घर जमींदोज, एक किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के जोगता थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब सिजुआ काली मंदिर के समीप अचानक जमीन धंस गई। भू-धंसान इतना भीषण था कि इसकी चपेट में आने से कई घर जमींदोज हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में चीख-पुकार और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के मुताबिक भू-धंसान के दौरान कुछ लोग मलबे में दब गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल राहत-बचाव शुरू करते हुए मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकाला। एक बच्चे की मौत और कई लोग घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में पहले अवैध तरीके से कोयला खनन किया गया था जिसकी वजह से जमीन कमजोर हुई और यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कराने की



मांग की है। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने कतरास-सिजुआ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल पुनर्वास की मांग की। लोगों का कहना है कि जब तक सुरक्षित आवास और पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी मौके पर पहुंचे। विधायक ने घटना के पीछे पूर्व में हुई अवैध माइनिंग को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के कारण जमीन खोखली हुई और इसी वजह से यह भयावह हादसा हुआ। फिलहाल मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी हुई है। लोग प्रशासन से प्रभावित परिवारों के सुरक्षित पुनर्वास और घटना की जांच की मांग पर अड़े हैं। हादसे के बाद इलाके में भय का माहौल बना हुआ है। बीसीसीएल सिजुआ एरिया के जीएम निर्झर चक्रवर्ती ने बताया कि इलाके में भू-धंसान की घटना हुई है। इस घटना में चार घर पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं जबकि दो अन्य घर भी इसकी चपेट में आए हैं। घटना में कुछ लोगों के घायल होने की सूचना है जिनका इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भू-धंसान की घटना में 12 वर्षीय विक्रम कुमार भुइयां की मौत हो गई है। मौत की पुष्टि अंचल अधिकारी (सीओ) गिरिजानंद किस्कू ने की है।

## गुवा गोलीकांड के शहीदों की कुर्बानी हमेशा याद रहेगी : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुवा गोलीकांड के शहीदों समेत झारखंड आंदोलन के सभी वीरों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि झारखंड की धरती हमेशा से जल, जंगल, जमीन और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले लोगों की धरती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुवा गोलीकांड के शहीदों और झारखंड आंदोलन से जुड़े कई लोगों ने अपने अधिकारों और झारखंड की पहचान के लिए संघर्ष किया। कई वीरों ने इसके लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के हक के लिए संघर्ष करने वाले कई वीर आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनका संघर्ष और उनकी कुर्बानी हमेशा याद की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन वीरों का सपना और उनके



संघर्ष की कहानी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने गुवा गोलीकांड के शहीदों समेत झारखंड के सभी वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि गुवा गोलीकांड के साथ ही झारखंड के सभी वीर शहीद अमर रहें। साथ ही उन्होंने जय झारखंड का नारा भी दिया।

## 20 फीट गड्ढे में समाया ट्रेलर, दो लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** जिले की चुट्टूपालू घाटी ने एक बार फिर दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। यहां एक ट्रेलर बेकाबू होकर सीधे बीस फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसा इतना खौफनाक था कि ट्रेलर पर लदे सरिया के नीचे दो लोग बुरी तरह दब गए और मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद सरिया के नीचे दबे शवों को बाहर निकाला जा सका। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से सरिया लेकर हजारीबाग की तरफ जा रहा ट्रेलर घाटी में वन विभाग के रेस्ट हाउस के विपरीत अनियंत्रित हो गया। चालक ने सड़क किनारे वाहन रोकने का प्रयास किया लेकिन जैसे ही ट्रेलर सड़क से उतरा वह सीधे बीस फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। रामगढ़ थाना के एएसआई मनोज कुमार ने बताया कि घाटी क्षेत्र में तीखी ढलान होने के कारण यहां लगभग रोजाना कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। उन्होंने बताया कि सरिया हटाने का कार्य जारी है और यह देखा जा रहा है कि गड्ढे में कोई और तो नहीं दबा है। दोनों मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। यह हादसा किस्मत का खेल नहीं बल्कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की खुली लापरवाही का नतीजा है। चुट्टूपालू घाटी सालों से मौत का गलियारा बनी हुई है। बावजूद इसके इस दुर्घटना-संभावित क्षेत्र में आज तक कोई ठोस और स्थायी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। सबसे गंभीर बात यह है कि एनएचएआई ने सड़क किनारे सुरक्षा दीवार तो खड़ी कर दी लेकिन उसी दौरान पानी निकासी के लिए बनी नाली को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

## छात्रों के मुद्दे पर सड़क पर उतरी भाजपा, किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** छात्रों के आंदोलन के बाद दर्ज मुकदमों को वापस लेने और जेपीएससी-जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में अनियमितता की सीबीआई जांच की मांग को लेकर भाजपा का राज्यव्यापी आंदोलन आज से शुरू हो गया। पार्टी कार्यकर्ता आज सड़क पर उतरे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आठ से 11 सितंबर तक राज्यभर के सभी डीसी-एसपी कार्यालयों के घेराव का कार्यक्रम तय है। इसकी शुरुआत आज रांची, दुमका, हजारीबाग, जमशेदपुर और गढ़वा से हुई। रांची में जिला स्कूल शहीद चौक से जुलूस की शक्ल में समाहरणालय पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे रास्ते हेमंत सोरेन के खिलाफ नारे लगाए। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में हुए इस घेराव में हटिया विधायक नवीन जायसवाल, रांची विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद दीपक प्रकाश और रांची मेयर रोशनी खलखो सहित कई नेता मौजूद रहे। समाहरणालय के समक्ष भाजपा नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोला। प्रदेश अध्यक्ष





आदित्य साहू ने कहा कि पार्टी हमेशा छात्रों के आंदोलन के साथ रही है। परीक्षा में गड़बड़ी हुई और जब छात्र आंदोलन कर रहे थे तब सरकार ने बर्बरतापूर्वक कार्रवाई की और उन पर मुकदमा भी दर्ज कर दिया। हम मांग करते हैं कि पूरे मामले की सीबीआई जांच हो और छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। आज से शुरू हुआ यह आंदोलन 11 सितंबर तक राज्य के सभी जिलों में चलेगा। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार जान-बूझकर सीबीआई जांच नहीं कराना चाहती क्योंकि इसमें सरकार के लोग फंस सकते हैं। लेकिन हम मानने वाले नहीं हैं। हम छात्रों के साथ हैं। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि अगर सरकार पाक-साफ है तो सीबीआई से जांच करवाए और छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे वापस ले।

## बिना पेन और यू-डायस कोड स्वीकार नहीं होंगे बोर्ड परीक्षा फॉर्म

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड बोर्ड की वर्ष 2027 की मैट्रिक, इंटर, मदरसा और मध्यमा परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए जरूरी खबर है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने परीक्षा से जुड़े पंजीयन और फॉर्म भरने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब विद्यार्थियों के लिए परमानेंट एजुकेशन नंबर यानी पेन और शिक्षण संस्थानों के लिए यू-डायस कोड अनिवार्य कर दिया गया है। परिषद ने स्पष्ट कर दिया है कि पेन और यू-डायस कोड के बिना किसी भी छात्र का पंजीयन या परीक्षा फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। नई व्यवस्था को लागू करने के लिए काउंसिल ने सभी विद्यालयों और संबंधित शिक्षण संस्थानों को 30 सितंबर तक विद्यार्थियों का पेन जनरेट कराने का निर्देश दिया है। वहीं जिला स्तर पर शिक्षा विभाग ने भी स्कूलों से पेन नंबर से जुड़ी विस्तृत जानकारी मांगी है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की यह अनिवार्य व्यवस्था केवल मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं तक सीमित नहीं रहेगी। इसका दायरा मध्यमा और मदरसा परीक्षाओं तक भी होगा। मदरसा की वस्तानियां, फौकानिया और मौलवी परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यही नियम लागू होगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश के तहत झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के फर्जी या डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन पर पूरी तरह रोक लगाना और शैक्षणिक आंकड़ों को अधिक विश्वसनीय बनाना है। एकीकृत डेटाबेस तैयार होने से शैक्षणिक योजनाओं के संचालन, उनकी निगरानी और नीति निर्माण में भी आसानी होगी। इसके अलावा प्रमाणिक आंकड़ों के आधार पर जीईआर, एनईआर और ड्रॉपआउट दर में सुधार के लिए बेहतर कार्ययोजनाएं तैयार करने में मदद मिलेगी। काउंसिल के निर्देश के अनुसार केंद्र सरकार के यू-डायस पोर्टल पर विद्यार्थियों के आंकड़े अपलोड होते ही उनका पेन अपने आप जनरेट हो जाता है। परिषद ने सभी विद्यालय प्रमुखों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक नए शैक्षणिक सत्र में नामांकन शुरू होने के साथ ही विद्यार्थियों के पेन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिन शिक्षण संस्थानों के पास अब तक अपना यू-डायस कोड उपलब्ध नहीं है, उन्हें तत्काल कोड प्राप्त करने के लिए कहा गया है। इसके लिए संबंधित संस्थानों को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक से तुरंत संपर्क कर निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। जिन विद्यालयों के पास अपना यू-डायसकोड नहीं है, उनके सामने परीक्षा फॉर्म भरवाने को लेकर प्रशासनिक कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं। ऐसे कई संस्थानों ने विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरवाने के लिए आसपास के यू-डायस कोड वाले विद्यालयों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद अब स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा में शामिल होने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का पेन उपलब्ध हो और संबंधित शिक्षण संस्थान के पास वैध यू-डायस कोड भी हो।



C M Y K

# सांसद खेल महोत्सव : बरही में नमो फुटबॉल नॉक आउट मैच

## युवा भारत के भविष्य और प्रधानमंत्री के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में सांसद की पहल कारगर : मनोज यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर सांसद खेल महोत्सव-2026 के तहत आयोजित नमो फुटबॉल नॉक आउट मैच का मंगलवार को बरही प्रखंड मैदान में भव्य आगाज हुआ। प्रतियोगिता में बरही प्रखंड क्षेत्र की कुल 50 टीमों ने पंजीकरण कराया है। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों के साथ बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और दर्शक शामिल हुए, जिससे पूरा मैदान उत्साह और उमंग से सराबोर रहा। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद मशाल जलाकर खेल को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इसके बाद आकर्षक नमो जर्सी पहने सैकड़ों खिलाड़ियों के साथ मार्च पास्ट किया गया। विधायक ने फुटबॉल में किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा उपस्थित खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के साथ सामूहिक रूप से नशामुक्ति का संकल्प लिया। उद्घाटन समारोह की शुरूआत



सामूहिक राष्ट्रगान से हुई, जिससे मैदान में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों द्वारा रंग-बिरंगी नमो जर्सी में मशाल के साथ किया गया मार्च पास्ट आकर्षण का केंद्र रहा। उद्घाटन मैच अंबेडकर क्लब बाराटांड़ और एफसी बुल 11 क्लब छोटकी केवाल के बीच खेला गया, जिसमें अंबेडकर क्लब बाराटांड़ ने 1-0 से जीत दर्ज की। विधायक के मैदान पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन एवं मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में पहुंचे। मंच का संचालन जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता और संजय दुबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने सांसद मनीष जायसवाल की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगभग 60 हजार खिलाड़ियों का महासमागम हो रहा है। इस खेल महोत्सव के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं, जिसमें खिलाड़ियों को मैदान से जोड़ना, उन्हें प्रोत्साहित कर बेहतर मंच उपलब्ध कराना और युवाओं को नशामुक्त बनाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री के इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाना ही सभी का लक्ष्य है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने में सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव की पहल मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधानसभा प्रतिनिधि मुकुंद साव, नमो खेल श्रृंखला के संयोजक बंटी तिवारी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि मणिलाल यादव, भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी, अर्जुन साव, राजेंद्र चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, नागेश्वर रजक, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, परमेश्वर यादव, मुखिया नारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, भाजपा युवा नेता आकाश जायसवाल, मुन्ना यादव, सुजीत कुमार, बालेश्वर यादव, बिनोद यादव, दिनेश साव, अशोक यादव, आलोक बर्नवाल, केदार यादव, सागर चंद्रवंशी, मनोज उपाध्याय, सचिन यादव, पिंटू ठाकुर और दिलीप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे। नमो फुटबॉल नॉक आउट मैच को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष बलराम केसरी, उपाध्यक्ष सह मंडल अध्यक्ष विजय यादव, नागेश्वर रजक, मुन्ना यादव, सचिव रोशन राणा, संयुक्त सचिव पिंटू ठाकुर, कोषाध्यक्ष शुभांशु कुमार दुबे, सह कोषाध्यक्ष सचिन कुमार सहित प्रवेशकर्ता रोशन राणा, संजय कुमार, रंजीत सिंह, मुन्ना यादव, सचिन कुमार, राज आर्यन उर्फ छोटी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मी की हत्या, बिहार झारखंड सीमा के जंगल से मिला शव

**30 घंटे के भीतर पुलिस ने बरामद किया शव, पांच लोग हिरासत में, प्रोजेक्ट मैनेजर की भूमिका की भी जांच**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र से करीब 15 किलोमीटर दूर बिहार सीमा से सटे जमुई जिले के चिहरा थाना क्षेत्र के पिपरातरी जंगल के समीप मंगलवार को कंट्रक्शन कंपनी के कर्मी मंजेश कुमार का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में सिर पर वार कर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। हालांकि हत्या के कारणों और घटना की पूरी परिस्थितियों को अभी पुलिस ने आधिकारिक खुलासा नहीं किया है। जानकारी के अनुसार, मंजेश कुमार रविवार को खटपोंक पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे कंट्रक्शन कंपनी का काम कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार लोगों द्वारा उसे अगवा किए जाने की बात सामने आई। इसके बाद उसके भाई ने तिसरी थाना में लिखित आवेदन देकर उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच दलपतडीह/भोगताडीह निवासी पिंटू यादव के खोरीमहुआ एसडीपीओ के समक्ष सरेंडर करने की बात सामने आई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जमुई जिले के चिहरा थाना क्षेत्र स्थित पिपरातरी जंगल के समीप मंगलवार सुबह मंजेश का शव बरामद किया। पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ पुलिस ने मामले में खटपोंक पंचायत क्षेत्र से पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस लगातार छापेमारी कर घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है। वहीं, प्रोजेक्ट मैनेजर उपेंद्र चौधरी की कथित भूमिका की बात भी सामने आई है, हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मंजेश के लापता होने की सूचना मिलने के बाद तिसरी थाना प्रभारी संभूनाथ ईश्वर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लगातार तलाशी अभियान चलाया। करीब 30 घंटे के भीतर शव बरामद कर लिया गया। पुलिस अब हत्या की वजह, घटना में शामिल लोगों और वारदात की पूरी कड़ी का पता लगाने में जुटी है। जांच पूरी होने के बाद होगा खुलासा : एसडीपीओ खोरीम हुआ एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार ने कहा कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जल्द ही मीडिया के समक्ष पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने परिजनों से की मुलाकात घटना की सूचना मिलने पर माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव तिसरी थाना पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट मैनेजर उपेंद्र चौधरी की साजिश से हत्या को अंजाम दिया गया है। हालांकि इस आरोप की पुलिस स्तर से पुष्टि नहीं हुई है। पूर्व विधायक ने हत्या में शामिल सभी लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने संवेदक हरे राम चौधरी से बातचीत कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो सड़क निर्माण कार्य रोक दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से शोक की लहर, सिविल सोसाइटी ने दी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह के विधायक एवं झारखंड सरकार के मंत्री स्व. सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है। उनके निधन पर सिविल सोसाइटी, गिरिडीह की ओर से अध्यक्ष निर्मल झुंझुनवाला के आवास पर शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में उपस्थित सदस्यों ने नम आंखों से स्व. सुदिव्य कुमार सोनू को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका असमय निधन गिरिडीह के लिए बेहद पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन से समाज और गिरिडीह की राजनीति में जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई आसान नहीं होगी। शोकसभा में महासचिव शंकर पांडेय, उपाध्यक्ष लखन लाल, सचिव सुनील खंडेलवाल, कार्यालय सचिव सुधीर अग्रवाल, देवराज आनंद, रामदेव विश्वकर्मा, राजेंद्र त्रिपाठी, काशी खंडेलवाल, अरुण कुमार, गौतम सोनी सहित सिविल सोसाइटी के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### कांग्रेस कार्यालय में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित नेता एवं कार्यकर्ता भावुक नजर आए। सभी ने नम आंखों से सुदिव्य कुमार सोनू को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व, राजनीतिक योगदान और जनसेवा से जुड़े अनुभव साझा किए। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि झारखंड ने राजनीतिक क्षितिज का एक चमकता हुआ सितारा खो दिया है। सुदिव्य कुमार सोनू केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे। वे गुरुजी के सपनों के झारखंड के निर्माण को लेकर हमेशा चिंतित और प्रयासरत रहते थे। उनका निधन केवल गिरिडीह ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर मोहम्मद अली खान, मोहम्मद शमीम सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नरेश वर्मा, अजय सिन्हा, नागेश्वर मंडल, मनीर, महेश भगत, निजामुद्दीन, गुलाम सरवर, सरफराज अंसारी, सोहेल, बेलाल हुसैनी, नदीम अख्तर, इतवारी वर्मा, एहसान, संतोष वर्मा, दिनेश पप्पू, चांद राशिद, सिकंदर, शबीर खान, अवैश अहमद, मोतीलाल शास्त्री, तौशिफ, मोनू, अल्ताफ, अफसर, चांद, शहजाद, अफताब, शहजादा, ऐनुल, कपिल देव राय, पप्पू पांडे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रामकृष्ण महिला महाविद्यालय में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी गई श्रद्धांजलि

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्री रामकृष्ण महिला महाविद्यालय में सोमवार को झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री रहे सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। उनका निधन 6 सितंबर 2026 को हुआ था क्शोकसभा के दौरान महाविद्यालय परिवार ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णानंद शर्मा ने सुदिव्य कुमार सोनू को याद करते हुए कहा कि वे केवल झारखंड आंदोलन से जुड़े व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि एक प्रखर जननायक भी थे। उन्होंने सदैव आम जनता के हितों के लिए कार्य किया। प्राचार्य ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का निधन राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके बाद महाविद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।शोकसभा में डॉ. अनुज कुमार, प्रो. नम्रता तिर्की, डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ. छाया रानी तिवारी, डॉ. इंदु कुमारी, प्रो. लक्ष्मण राम, प्रदीप सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अवैध संबंध के आरोप में जगेश्वर भुइयां की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** कटकमसांडी थाना क्षेत्र के तोरार गांव में अवैध संबंध के आरोप में हुई जगेश्वर भुइयां की हत्या के मामले में हजारीबाग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडा और एक स्मार्टफोन भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, 6 सितंबर 2026 की रात ग्राम तोरार निवासी जगेश्वर भुइयां, पिता लखन भुइयां की हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक की पत्नी फुलमति देवी के आवेदन पर कटकमसांडी थाना कांड संख्या 140/26, दिनांक 7 सितंबर 2026, धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के



तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले के उद्भेदन और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन के नेतृत्व में विशेष जांच दल (स्ब्ळ) का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डिबल बांध गांव निवासी मंगरा कच्छप उर्फ गुमन कच्छप और रतन कुजूर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में यह बात सामने आई कि मृतक जगेश्वर भुइयां का गांव की ही एक महिला के साथ कथित अवैध संबंध को लेकर विवाद था। इसी मामले को हत्या की वजह बताया जा रहा है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी-डंडा तथा आरोपी मंगरा कच्छप उर्फ गुमन कच्छप का रियलमी कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपीः मंगरा कच्छप उर्फ गुमन कच्छप, पिता स्व. कोका उरांव, ग्राम डिबल बांध, थाना कटकमसांडी, रतन कुजूर, पिता मांगा उरांव, ग्राम डिबल बांध, थाना कटकमसांडी। छापामारी दल में शामिलः पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन, पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल सपन महथा, कटकमसांडी थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, फिलीप बारला, योगेन्द्र मेहता सहित कटकमसांडी थाना सशस्त्र बल शामिल रहे।

# सुदिव्य कुमार के निधन पर समाहरणालय में अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के मंत्री एवं गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार के आकस्मिक निधन से पूरा जिला शोक में डूबा हुआ है। मंगलवार को समाहरणालय सभागार में दिवंगत मंत्री की आत्मा की शांति एवं श्रद्धांजलि के लिए शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में उपायुक्त रामनिवास यादव समेत जिले के वरीय पदाधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मौके पर उपायुक्त



रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, सहायक समाहर्ता यश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं समाहरणालय कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुदिव्य कुमार के निधन को राज्य और गिरिडीह जिले के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भाजपा का एकदिवसीय हजारीबाग डीसी, एसपी का घेराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** झारखंड में छात्रों की आवाज बुलंद करते हुए, जे एस एस सी,जेपीएससी के माध्यम से हुए घोटाले की सीबीआई जांच और शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग को लेकर, भाजपा द्वारा हजारीबाग जिला में डीसी एवं एसपी कार्यालय का घिराव दिनांक - 8 सितंबर 2026 को जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में किया गया। निर्मल महतो पार्क से शांतिपूर्ण, गर्म जोशी के साथ नारेबाजी करते हुए, पैदल मार्च समाहरणालय तक हजारों छात्र-छात्रों एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ किया गया। जहां समाहरणालय गेट के पास सभा में परिणत हो गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता झारखंड



सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल श्री रघुवर दास जी उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर यदुनाथ पांडे, विधायक मनोज यादव, अमित यादव, पूर्व विधायक हजारीबाग जिला प्रभारी किशन दास व प्रदेश मंत्री डॉ अमरदीप यादव उपस्थित थे ।प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद व धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री सर्वेश सिंह द्वारा की गई। प्रदर्शन एवं धरना कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय वस्तु पर विषय प्रवेश करवाते हुए कहा ,कि हेमंत की भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को जिस विश्वास के साथ जनता चुन्नी थी। हर मोर्चे पर विफल साबित हुई और हेमंत की बहरी गूंगी सरकार को जाने का समय आ गया है ।जहां चुनाव के समय 2019 में 5000 नौकरियां एवं नहीं मिलने तक बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गई थी ।उसका पालन हेमंत की निकम्मी सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। अपने संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि श्री दास ने कहा की, हेमंत की सरकार को चाहिए की नियुक्ति में हुई धांधली एवं गड़बड़ी को लेकर सीबीआई से जांच करने के बाद नियुक्तियों को रद्द करने की घोषणा करनी चाहिए क्योंकि नियुक्तियों में फर्जी और गलत तरीके से की गई बहाली के साथ-साथ मेरिट वाले भी छात्र थे। जिनको भी इस की सजा दी गई। सरकार जानती थी कि यह मामला कोर्ट में जाएगा और सरकार द्वारा जारी आदेश को निरस्त कर देगी ।इस तरह हेमंत सरकार छात्रों के साथ धोखा किया ।

# पेलावल ओपी क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** पेलावल ओपी क्षेत्र में हजारीबाग पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान से कुल 55 पीस अवैध शराब बरामद की है। मामले में पुलिस ने दुकान संचालक नरेश राम को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब में 31 पीस विदेशी शराब और 24 पीस बीयर शामिल है। पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम पबरा स्थित एक दुकान में बिना वैध अनुज्ञप्ति के अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन और



कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने ग्राम पबरा, थाना कटकमसांडी (पेलावल) स्थित नरेश राम, पिता चरण राम की दुकान में छापामारी की। पुलिस को देखते ही नरेश राम भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद दुकान की तलाशी लेने पर बिना किसी वैध कागजात के रखी विदेशी शराब और बीयर बरामद की गई। पूछताछ के दौरान नरेश राम शराब रखने और बिक्री से संबंधित कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका।

# इंटक प्रदेश अध्यक्ष ने एसपी-डीआईजी को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रदेश अध्यक्ष राकेश पांडेय ने हजारीबाग एसपी अमन कुमार और डीआईजी अंजनी कुमार झा को पत्र भेजकर पगार ओपी प्रभारी दिनेश मंडल पर गंभीर आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि इंटक के बीजीआर हेड परमेश्वर कुमार के साथ थाना प्रभारी ने दुर्व्यवहार, मारपीट और गाली-गलौज की। पत्र की प्रतिलिपि इंटक के प्रतिनिधिमंडल ने डीआईजी को भी सौंपी। प्रतिनिधिमंडल में इंटक के प्रदेश सचिव धीरज कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सूरजीत नाग, मनोज नारायण भगत, अशोक देव समेत कई लोग शामिल थे। राकेश पांडेय ने पत्र में कहा है कि बीजीआर हेड परमेश्वर कुमार द्वारा कथित भ्रष्टाचार का मामला उजागर किए जाने के बाद उनके साथ मारपीट करना, गाली-गलौज करना और हथकड़ी लगाकर हाजत में रखना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि बीते 14 अगस्त को बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ने के बाद फोन पर कथित तौर पर चार हजार रुपये लेकर छोड़ने की शिकायत परमेश्वर कुमार ने थाना प्रभारी दिनेश मंडल से की थी। आरोप है कि बालू गाड़ी छोड़ने के एवज में उक्त राशि निजी चालक के खाते में ली गई थी। शिकायत से नाराज थाना प्रभारी ने कथित तौर पर 3 सितंबर की शाम परमेश्वर कुमार को फोन कर थाना बुलाया, जहां उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक को दिए जाने के बाद उनके हस्तक्षेप से परमेश्वर कुमार को छोड़े जाने की बात कही गई है। इंटक प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि थाना प्रभारी का कथित व्यवहार झारखंड पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है और संविधानसम्मत नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो इंटक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिलकर पूरे प्रकरण की जांच और कार्रवाई की मांग करेगा।

# जनता दरबार में 40 से अधिक फरियादियों की सुनीं समस्याएं, डीसी ने दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 40 से अधिक फरियादियों ने भूमि, बिजली, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, आवास, राशन कार्ड, रोजगार समेत अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामले उपायुक्त के समक्ष रखे।उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याएं क्रमवार सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदनों की जांच कर नियमानुसार एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिर्फ आवेदन अग्रसारित नहीं, निष्पादन की होगी मॉनिटरिंग डीसी ने अधिकारियों को



निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को केवल संबंधित विभाग को भेजने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनके निष्पादन की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उनका शीघ्र समाधान किया जाए। जांच या विभागीय समन्वय की जरूरत वाले मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करते हुए आवेदकों को भी प्रगति की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। प्रत्येक मामले में पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियमानुकूल प्रक्रिया के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को एक ही समस्या के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कुछ मामलों का तत्काल समाधान जनता दरबार में विभागीय समन्वय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया गया। कुछ शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया।

# 25 दिनों के सघन उपचार के बाद तीन प्री-मैच्योर नवजातों को मिला नया जीवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** आरोग्यम अस्पताल के चिकित्सकों और एनआईसीयू टीम ने गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचे तीन प्री-मैच्योर नवजात शिशुओं को बेहतर उपचार और लगातार चिकित्सकीय निगरानी के जरिए नया जीवन दिया। जन्म के समय बेहद कम वजन और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रहे दो लड़कों और एक लड़की का करीब 25 दिनों तक एनआईसीयू में सघन उपचार किया गया। स्वस्थ होने के बाद तीनों बच्चे अपनी मां की गोद में घर लौट गए। खास बात यह रही कि तीनों का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क किया गया। अनुल अंसारी और उनकी पत्नी जीनत नाज के घर एक साथ तीन बच्चों का जन्म हुआ था। प्री-मैच्योर डिलीवरी के दौरान गंभीर आपातकालीन जटिलताएं सामने आने पर तत्काल एलएससीएस यानी इमरजेंसी सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। जन्म के समय तीनों नवजातों की स्थिति बेहद नाजुक थी और उनका वजन सामान्य से काफी कम था। इनमें एक बच्चा एक्सट्रीमली लो बर्थ वेट तथा दो



बच्चे लो बर्थ वेट/वेरी लो बर्थ वेट श्रेणी में थे। गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को तत्काल आरोग्यम अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती कराया गया। अस्पताल के वरिष्ठ बाल एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हीरालाल राम और डॉ. प्रकाश चंद्र ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के समय तीनों बच्चों को सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। उनकी स्थिति को देखते हुए तत्काल उपचार शुरू किया गया और जरूरत के अनुसार वेंटिलेटर एवं एनआईवी सपोर्ट दिया गया। उपचार के दौरान बच्चों को गंभीर संक्रमण, हाई सीआरपी, एप्निया, खून की कमी और ब्लीडिंग जैसी कई जटिलताओं का भी सामना करना पड़ा। एनआईसीयू की मेडिकल और नर्सिंग टीम ने चौबीसों घंटे निगरानी रखते हुए आईवी एंटीबायोटिक्स और आवश्यक दवाओं के जरिए संक्रमण तथा अन्य जटिलताओं को नियंत्रित किया। लगातार उपचार और निगरानी के बाद धीरे-धीरे तीनों बच्चों की हालत में सुधार होने लगा। करीब 25 दिनों के उपचार के बाद तीनों बच्चों का वजन बढ़कर लगभग 1750 ग्राम से दो किलोग्राम तक पहुंच गया। अब तीनों खतरे से बाहर हैं और सामान्य रूप से मां का दूध पी रहे हैं। अस्पताल से छुट्टी से पहले सभी आवश्यक मेडिकल स्क्रीनिंग पूरी की गई। परिजनों को घर पर बच्चों की देखभाल, सही फीडिंग तकनीक और खतरे के संभावित लक्षणों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि समय से पहले जन्मे और बेहद कम वजन वाले नवजातों का उपचार बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे मामलों में अत्याधुनिक एनआईसीयू सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित नर्सिंग टीम का समन्वय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तीनों नवजातों का स्वस्थ होकर घर लौटना पूरी चिकित्सकीय टीम के लिए संतोष और गर्व का विषय है। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि अस्पताल पहुंचने के समय तीनों बच्चों की हालत बेहद गंभीर थी। एनआईसीयू की पूरी टीम ने चौबीसों घंटे समर्पण और संवेदनशीलता के साथ बच्चों की देखभाल की। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय सेवा का उद्देश्य केवल उपचार करना नहीं, बल्कि मरीज को स्वस्थ और सुरक्षित अवस्था में घर तक पहुंचाना है। बच्चों की मां जीनत नाज ने अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बच्चों की नाजुक हालत देखकर पूरा परिवार बेहद चिंतित था।

## एक नजर

### 100 किसानों का मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शुरू

**बिहारशरीफ।** कृषि विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत आत्मा नालंदा के सभागार में मंगलवार को किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार के नए अवसर विकसित करने के उद्देश्य से मधुमक्खी पालन, मधु प्रसंस्करण एवं विपणन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा नालंदा डॉ. नितेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में जिले के सभी 20 प्रखंडों से चयनित करीब 100 किसान शामिल हुए। डॉ. नितेश कुमार ने कहा कि कृषि के साथ सहायक कृषि गतिविधियों को अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। मधुमक्खी पालन कम लागत में अतिरिक्त आमदनी का बेहतर माध्यम है। इससे शहद उत्पादन के साथ फसलों, फल एवं सब्जियों में परागण के कारण उत्पादन और गुणवत्ता भी बढ़ती है। नूरसराय महाविद्यालय के प्रोफेसर वीरबहादुर सिंह और कृषि विज्ञान केंद्र हरनौत के वैज्ञानिक उदयनारायण सिंह ने किसानों को मधुमक्खी कॉलोनी प्रबंधन, वैज्ञानिक देखभाल, मौसम के अनुसार प्रबंधन और शहद उत्पादन की तकनीक की जानकारी दी। किसानों को मधु प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग एवं विपणन के बारे में भी बताया गया। उप परियोजना निदेशक आत्मा धनंजय कुमार सिंह ने आत्मा की किसान हितैषी योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण का लाभ उठाकर आधुनिक तकनीक अपनाने की अपील की।दूसरे दिन किसानों को थरथरी के कुमार सुदर्शन सिन्हा और एकंगरसराय के सुदीक्षण प्रसाद के मधुमक्खी पालन स्थल का भ्रमण कराकर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीसरे दिन सैद्धांतिक प्रशिक्षण के बाद किसानों को प्रमाणपत्र वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारी व कर्मी भी उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध से बचाव को लेकर चला जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना पुलिस द्वारा जय प्रभा प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक सह प्लस 12 विद्यालय में साइबर मंगलवार अभियान के तहत पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों को साइबर क्राइम, आनलाइन ठगी और डिजिटल अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह अभियान बिहार पुलिस के साइबर क्राइम मंगलवार के तहत द्वारा चलाया गया। थाना के एसआई रोहित कुमार, एसआई ऐश्वर्या प्रिया ने कहा कि आनलाइन ठगी, डिजिटल अपराध की घटनाएं होती हैं तो इसकी जानकारी थाना पुलिस को फ़ौरन दें ताकि कानूनी कार्रवाई की जा सकें। साइबर अपराध से बचाव ही एक उपाय है। किसी तरह की लालच में नहीं फंसे। किसी को ओटीपी नहीं बताएं। बैंक, थाना और जज के नाम से फ़ोन आता है तो उसका जवाब नहीं दें, या लिंक पर क्लिक नहीं करें। फ्राड करने वाले व्यक्ति

# पारा मेडिकल छात्रों को छह महीने से नहीं मिला मानदेय, अधिकारियों के लगा रहे चक्कर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** एसएनएमएमसीएच में सेवा दे रहे पारा मेडिकल छात्रों का दर्द अब सड़क से अधिकारियों के दरवाजे तक पहुंच गया है। छात्रों का आरोप है कि मार्च महीने से लगातार सेवा देने के बावजूद उन्हें अब तक मानदेय नहीं मिला है। करीब छह से सात महीने के बकाया भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्र सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे। सिविल सर्जन के छुट्टी पर होने के कारण छात्रों ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक से मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई और जल्द भुगतान की मांग की। धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पारा मेडिकल छात्र पिछले कई महीनों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मरीजों की जांच से लेकर अस्पताल के अलग-अलग विभागों में तकनीकी जिम्मेदारियां संभालने वाले इन छात्रों को अब अपने ही मानदेय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



**हर छात्र को 12 हजार रुपए मानदेय मिलना था**

दरअसल, 2023-25 बैच के करीब 50 पारा मेडिकल छात्रों की सेवा मार्च महीने से शुरू हुई थी। छात्रों के मुताबिक, सरकार की बांड आधारित सेवा व्यवस्था के तहत उन्हें एसएनएमएमसीएच के अलग-अलग विभागों में टेक्नीशियन के पद पर सेवा देनी है। इसके एवज में प्रत्येक छात्र को हर महीने 12 हजार रुपये मानदेय मिलना तय है। लेकिन सेवा शुरू हुए छह से सात महीने बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। छात्रों का कहना है कि वे नियमित रूप से अपनी ड्यूटी कर रहे हैं, बावजूद इसके मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक परेशानी बढ़ती जा रही है।

**बकाया मानदेय जल्द जारी कराने की मांग**

मंगलवार को छात्र अपनी मांग लेकर सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे थे। सिविल सर्जन के अवकाश पर रहने के कारण छात्रों ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार से मुलाकात की। छात्रों ने उन्हें पूरे मामले की जानकारी देते हुए बकाया मानदेय जल्द जारी कराने की मांग की। अब छात्रों की नजर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर है। उनका कहना है कि जब उनसे तय शर्तों के तहत लगातार सेवा ली जा रही है, तो मानदेय के भुगतान में देरी क्यों हो रही है। छात्रों ने जल्द भुगतान नहीं होने पर आगे आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाके में पलामू पुलिस ने टॉप नक्सलियों का चिपकाया पोस्टर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड-बिहार के सीमावर्ती इलाके में पलामू पुलिस ने एक बार फिर से नक्सलियों के खिलाफ पोस्टर वार की शुरुआत की है। पलामू पुलिस ने झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाके में टॉप माओवादी और टीएसपीसी कमांडरों के पोस्टर चिपकाए हैं। दरअसल पूरे झारखंड में माओवादियों का सबसे बड़ा दस्ता झारखंड-बिहार के सीमावर्ती इलाके में सक्रिय है।

**सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा**

पलामू के पिपरा थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को टॉप नक्सल कमांडरों के खिलाफ पोस्टर लगाए गए। पिपरा थाना क्षेत्र और बिहार सीमा से सटे हुए इलाके में पुलिस ने 15 लाख के इनामी माओवादी रीजनल कमांडर नितेश यादव, 10 लाख के इनामी माओवादी संजय गोदराम, 10 लाख के इनामी मनोहर गंझू, ठेगन मियां, 10 लाख के इनामी टीएसपीसी कमांडर शशिकांत गंझू और नथुनी सिंह का पोस्टर लगाया है। पिपरा थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि नक्सलियों का पोस्टर चिपकाया गया है। लोगों को इनके बारे में बताया गया है। लोगों से सूचना देने का आग्रह किया गया है, सूचना देने वालों का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।

# एशियन गेम्स में झारखंड की चार बेटियों पर नजर, सलीमा टेटे संभालेंगी भारतीय टीम की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** एफआईएच महिला हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम 20वें एशियन गेम्स आइची-नागोया 2026 के लिए जापान रवाना हो गई हैं। एशियन गेम्स में भारतीय टीम की कमान झारखंड की स्टार और सिमडेगा की सलीमा टेटे संभाल रही हैं। टीम का लक्ष्य एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के साथ लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालिफिकेशन हासिल करना है। भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों को जगह मिली है। इनमें कप्तान सलीमा टेटे के अलावा खूंटी की निक्की प्रधान, ब्यूटी




डुंगडुंग और सिमडेगा की दीपिका सोरेंग शामिल हैं। चारों खिलाड़ियों के चयन से एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय हॉकी में झारखंड की प्रतिभा और मजबूत उपस्थिति सामने आई है। खास तौर पर सलीमा टेटे को भारतीय टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने से राज्य के खेल प्रेमियों में उत्साह है। एशियन गेम्स के हॉकी मुकाबलों में भारत को पूल-बी में रखा गया है। इस पूल में भारत के साथ मेजबान जापान, थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया और उज्बेकिस्तान की टीमें हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी। इसके बाद 21 सितंबर को इंडोनेशिया, 23 सितंबर को थाईलैंड, 25 सितंबर को जापान और 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ मुकाबला होगा। इस टूर्नामेंट का स्वर्ण पदक मुकाबला 2 अक्टूबर को खेला जाएगा।

# साझा केंद्रीय पुस्तकालय की बदहाली के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम परिसर में संचालित साझा केंद्रीय पुस्तकालय की बदहाल व्यवस्था को लेकर मंगलवार को विद्यार्थियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र निदेशालय पहुंचे और कार्यालय का घेराव कर अपनी समस्याएं रखीं। छात्रों ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और पढ़ाई के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी पुस्तकालय आते हैं, लेकिन यहां जरूरी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। छात्रों ने बताया कि बारिश के दौरान पुस्तकालय की छत से कई जगहों पर पानी टपकता है। पानी गिरने से फॉल सीलिंग भी प्रभावित हो रही है। कई बार विद्यार्थियों को अपनी सीट छोड़कर दूसरी जगह बैठना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित होती है। छात्रों ने इस समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। इसके अलावा पुस्तकालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने की शिकायत भी विद्यार्थियों ने की। छात्रों का कहना है कि पानी के लिए उन्हें पुस्तकालय परिसर से बाहर जाना पड़ता है। वहीं, लंबे समय से वाईफाई सेवा बंद रहने के कारण ऑनलाइन अध्ययन और डिजिटल संसाधनों का इस्तेमाल करने में भी परेशानी हो रही है। विद्यार्थियों ने पुस्तकालय के वाशरूम की साफ-सफाई को लेकर भी नाराजगी जताई।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/सीनि. डीईएन/1/डब्ल्यूII, दिनांक 03.09.2026;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/सियालदह, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-163-26-27; कार्य का नाम:** सियालदह नॉर्थ स्टेशन एवं कृष्णपुर में एमईएमयू के लिए त्वरित जल भरने की व्यवस्था करना। **निविदा मूल्य:** रु. 89,46,335.62; **ईएमडी:** रु. 1,78,900; **कार्य समापन अवधि:** 09 (नौ) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.10.2026 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 01.10.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-213/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 03.09.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1; निविदा सं.: टीएन-164-26-27; कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वर्क्स/सोनारपुर के अधीन ढाकुरिया (सोनारपुर सहित) से कैनिंग तक सेवा भवनों, कर्मचारी क्वार्टरों, गेट लॉजों की सामान्य मरम्मत तथा रखरखाव तथा अन्य छोटे-मोटे नए कार्यों इत्यादि के लिए जोनल कार्य [जोन सं. 23 समापन अवधि 30.06.2027]। **निविदा मूल्य:** रु. 89,00,000; **ईएमडी:** रु. 1,78,000; **क्रमांक 2; निविदा सं.: टीएन-149-26-27; कार्य का नाम:** (i) धपधपी (डीपीडीपी) यार्ड रिमॉडलिंग, (ii) निश्चिंदपुर में : निश्चिंदपुर में ओवर रन-लाइन (120 मी) का प्रावधान एवं वर्तमान लूप लाइन का विस्तार। (iii) बारुईपुर में: सहायक अभियंता/बारुईपुर के अधीन क्षतिग्रस्त स्टेशन पहुंच क्षेत्र के साथ साइड रेलवे परिसरों में लेवल क्रॉसिंग गेटों से जुड़ी हुई सड़क की मरम्मत साथ में अन्य सभी आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,34,57,028.76; **ईएमडी:** रु. 4,69,200; **कार्य समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने (दोनों क्रम सं. के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.10.2026 को 15.00 बजे (दोनों क्रम सं. के लिए)। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 01.10.2026 को 15.00 बजे (दोनों क्रम सं. के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तें के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। (SDAH-214/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# साक्षरता जागरूकता रैली के साथ सात दिवसीय हिंदी महोत्सव का आगाज

## 'साक्षरता विकास और सामाजिक परिवर्तन का आधार' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मंगलवार को सात दिवसीय हिंदी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन महाराणा प्रताप चौक से रमेश चौक तक साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया। दूसरे सत्र में 'साक्षरता विकास और सामाजिक परिवर्तन का आधार' विषय पर संगोष्ठी हुई। इसका उद्घाटन लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. धनंजय शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, खादी ग्राम के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव,



साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह और प्रो. डॉ. विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवलाल सिंह, ललन सिंह और संजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह और संचालन सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने साक्षरता को समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बताया। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि साक्षर समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव है। डॉ. धनंजय शर्मा ने साक्षरता के साथ नैतिक शिक्षा को आवश्यक बताया। अजय श्रीवास्तव, संजय सिंह, प्रो. डॉ. विनोद सिंह और समाजसेवी आदित्य श्रीवास्तव ने वंचित वर्ग तक शिक्षा पहुंचाने पर बल दिया। कवि लवकुश प्रसाद, लोक गायक राम श्लोक रामा, धर्मेंद्र यादव और मुकेश चौबे ने प्रस्तुतियों के जरिए साक्षरता का संदेश दिया। इस दौरान प्रमोद सिंह, तुलसी सिंह, ओम प्रकाश पाठक, जितेंद्र सिंह, मधुसूदन तिवारी और सुरेश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तबीयत बिगड़ने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरमेरा।** थाना क्षेत्र के गोवाचक गांव में सोमवार की रात अचानक तबीयत बिगड़ने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी सुरेंद्र यादव के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सोमवार की रात खाना खाने के बाद प्रिंस कुमार सोने चला गया। सोने के कुछ देर बाद उसके पेट में अचानक तेज दर्द होने लगा। कुछ समय बाद वह दोबारा सो गया। मंगलवार की सुबह परिजनों ने उसे जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह मृत मिला। युवक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना के बाद गोवाचक गांव में भी मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा प्रदान करना**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/33 दिनांक: 26.08.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चौथी मंजिल, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों** की संविदा प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **सूचीपत्र सं. : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-33; नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 10.09.2026 को 14.00 बजे। **सिक्वेंस सं.; लॉट सं.; विवरण : एए/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केडब्ल्यूएई-ओएच-156-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा मंडल के कटवा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) अदद **वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन)** के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकारों प्रदान करना। **एए/2;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एजेड-ओएच-163-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा मंडल के आजिमगंज रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) अदद **वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन)** के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकारों प्रदान करना। **एए/3;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-ओएच-164-26-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); हावड़ा मंडल के आरामबाग रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वारा के निकट सर्कुलेटिंग एरिया में तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) अदद **वीडियो वॉल (एलईडी स्क्रीन)** के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के अवसर के साथ रेलवे की जानकारी के प्रदर्शन हेतु अधिकारों प्रदान करना। **एबी/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-केक्यूयू-ओएसएन-30-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल); हावड़ा मंडल के **कमारकुण्डु (एचबीसी) स्टेशन के स्टेशन परिसर** के भीतर तीन (03) वर्षों की अवधि के वाणिज्यिक प्रचार के प्रदर्शन हेतु संविदा प्रदान करना। नीलामी सूचीपत्र **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। (HWH-323/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# साहिबगंज के शहरी इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी, नाव और डिब्बे की मदद से स्कूल जाते बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**साहिबगंज।** जिले में बाढ़ का दायरा फैलता जा रहा है। इसी वजह से अब शिक्षण संस्थान भी प्रभावित हो रहे हैं। जिससे छात्रों के साथ उनके परिजनों पर सुरक्षा को लेकर असर देखा जा रहा है। डीएसई उमेश हांसदा ने बताया कि दियारा क्षेत्र में एक दर्जन के करीब सरकारी स्कूल बाढ़ से प्रभावित हैं। इस संबंध में उपायुक्त के पास स्कूल की सूची भेजी गई है। मार्गदर्शन मिलने के बाद आदेश दिया जाएगा।

**पढ़ाई के साथ मध्याह्न भोजन भी संचालित**

इस दौरान किशन प्रसाद स्कूल में बाढ़ का पानी घुस जाने से



स्कूल बंद हो चुका है, हालांकि शिक्षा विभाग से बंद करने का आदेश प्राप्त नहीं हुआ है, ऐसे में शिक्षक, गांव में ऊंचे स्थान पर पेड़ के नीचे बच्चों को पढ़ा रहे हैं, साथ ही मध्याह्न भोजन भी संचालित है। स्कूल के प्रभारी शिक्षक राजीव रंजन ने बताया कि दियारा क्षेत्र में कई जगहों पर पुलिया पर पानी चढ़ गया है। पैदल चलने में डर लगता है। मोटरसाइकिल डूबने लगी है। बलुआ दियारा के पास और गंगोटाटोला के पास पुल पर पानी चढ़ चुका है। स्कूल तक सुरक्षित पहुंचने में शिक्षकों को अपनी जान जोखिम में डालना पड़ रहा है।

**स्कूल के ऊपरी तल में पढ़ रहे बच्चे**

इधर, सिंह टोला स्कूल के बच्चों को शोभनपुर भट्ठा स्कूल में शिफ्ट किया गया है। शोभनपुर भट्ठा स्कूल में ग्राउंड फ्लोर में पानी प्रवेश कर गया है, जिससे सभी बच्चों को ऊपरी तल में शिफ्ट करके पढ़ाया जा रहा है। शहर के कई निजी स्कूलों में पानी अंदर घुस चुका है। मोहल्ले में पानी प्रवेश करने से परिजन बच्चों को किसी तरह सुरक्षित सड़क तक पहुंचा रहे हैं। बाढ़ की वजह से परिजन की भी सांस अटक जाती है कि कैसे उनकी अनुपस्थिति में छुट्टी के बाद बच्चे घर वापस आएंगे।

**28.55 मीटर पर पहुंचा जलस्तर**

दरअसल, गंगा नदी खतरे के निशान से एक मीटर 30 सेमी उपर से बह रही है। मंगलवार की शाम जलस्तर 28.55 मीटर मापा गया। इस साल का यह अधिकतम जल स्तर है। पिछले साल अधिकतम जलस्तर 28.70 मीटर पहुंचा था। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, दो घंटे में एक सेमी की रफ्तार से जलस्तर में वृद्धि हो रही है। बक्सर, पटना, हाथीदह एवं मुंगेर तक पानी घट रहा है और भागलपुर, कहलगांव और साहिबगंज और फरक्का तक जलस्तर में धीमी गति से वृद्धि हो रही है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएनजीजी-06/26-27 (खुली), दिनांक 03.09.2026 (कैपिटल टेंडर);** मुख्य कारखाना प्रबंधक, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, कंचरापाड़ा वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, पिन-743145, 24-परगना (उत्तर), पश्चिम बंगाल द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए विशेषकर रेलवे/सीपीडब्ल्यूडी/पीडब्ल्यूडी/एमईएस/सिंचाई अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में अतीत में समतुल्य प्रकृति के कार्य निष्पादन करने का समुचित अनुभव तथा वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: डब्ल्यूटी-17-26-27, कार्य का विवरण:** कांचरापाड़ा वर्कशॉप में-कांचरापाड़ा वर्कशॉप के कर्मचारी क्वार्टरों में जल आपूर्ति की व्यवस्था जैसी विविध कर्मचारी सुविधाओं का सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 4,67,22,657.05। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा*:** रु. 9,34,500 (*रेल बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी, दिनांक 30.12.2020 के अनुसार निर्देश दिया गया था कि दिनांक 31.12.2021 तक किसी भी कार्य निविदा के लिए कोई भी ईएमडी नहीं ली जाए। परंतु, आज तक इस संबंध में आगे कोई भी निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है, इसलिए ईएमडी व्यवस्था फिर से लागू कर दी गई है)। **पीओ जारी किए जाने की तारीख से कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। कार्य का दायरा सांकेतिक मात्र है। हालांकि, विवरण भारतीय रेल की ई-टेंडरिंग साइट अर्थात् **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। **विज्ञापन अवधि:** इस समय के दौरान निविदा से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध रहेंगी, परंतु प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किए जा सकते हैं। **निविदा दिनांक** 30.09.2026 को 14.00 बजे **बंद कर दी जाएगी** तथा **निविदा** उसी दिन 14.30 बजे के उपरांत किसी भी समय निविदा खोलने वाले कर्मियों तथा नेट की उपलब्धता के अनुसार **खोली** जाएगी। (MISC-173/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एसआईआर के माध्यम से तैयार मतदाता सूची मानी जाएगी स्थायी दस्तावेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में चल रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तैयार मतदाता सूची स्थायी दस्तावेज मानी जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार ने इस संबंध में स्पष्ट रूप से कहा है कि एसआईआर के माध्यम से तैयार मतदाता सूची को परमानेंट डॉक्यूमेंट के रूप में संरक्षित किया जाता है, इसलिए कोई भी पात्र भारतीय नागरिक पंजीकरण से वंचित न रहें। उन्होंने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नए और युवा पात्र भारतीय नागरिकों को फॉर्म-6 एवं निर्धारित घोषणा-पत्र के माध्यम से मतदाता सूची में शामिल करने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2026 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद नए और छूटे हुए पात्र मतदाताओं से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। दावा-आपत्ति की अवधि में फॉर्म-6 के आवेदन 15 सितंबर 2026 तक प्राप्त किए जा सकेंगे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत विभिन्न श्रेणियों के लिए संविदाएं प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल-713301 द्वारा **संविदा प्रदान करने** के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण नीचे उल्लेखित है: **क्रम सं. एवं नीलामी की श्रेणी; ई-नीलामी सूचीपत्र सं.; नीलामियों के शुरू होने की तारीख; स्टेशन का नाम/स्थान: (1) पार्किंग;** एएसएन-पीएआरके-डीयूजे; 19.09.2026 को 13:15:00 बजे; दुबराजपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में जीआरपी कार्यालय के बगल वाले स्थान पर दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग लॉट। **(2) पार्किंग;** एएसएन-पीएआरके-यूएलटी; 21.09.2026 को 13:15:00 बजे; कुल्टी रेलवे स्टेशन दक्षिण की ओर तालाब के निकट दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग लॉट। **(3) पे एंड यूज शौचालय;** सी5-एएसएन-पीएनयू-बीयू; 21.09.2026 को 12:15:00 बजे; **(i)** कुल्टी स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर हावड़ा छोर की ओर पीए कार्यालय के निकट सीएसआर पहल के अंतर्गत पे एंड यूज शौचालयों का निर्माण। **(ii)** बराचक स्टेशन दक्षिण सर्कुलेटिंग क्षेत्र में सीएसआर पहल के अंतर्गत पे एंड यूज शौचालयों का निर्माण। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उल्लेखित अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। (ASN-251/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सियालदह मंडल के तहत एमपीएस इकाइयों की संविदा प्रदान करना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा सं. 44, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा **सियालदह मंडल के तहत पांच (05) वर्षों की अवधि के लिए 09 अदद एमपीएस इकाइयों** हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। • **ई-नीलामी सूचीपत्र सं.:** एमपीएस-एसईपी-02-06, दिनांक 03.09.2026। **नीलामी शुरू:** 18.09.2026 को 11.30 बजे। **सिक्वेंस सं.; स्टेशन; इकाई की सं.; प्लेटफॉर्म सं.; श्रेणी: एए/1;** गोबरडांगा; 01; पीएफ सं.-01; स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में हुई विधवा तथा रेलवे कर्मियों की विधवा। **एए/2;** सारगाछी; 01; 01; स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में हुई विधवा तथा रेलवे कर्मियों की विधवा। **एए/3;** बिशरपाड़ा कोदालिया; 01; पीएफ सं.-02; अनारक्षित/सामान्य। **एए/4;** भगवानगोला; 01; 01; एससी/सभी के लिए खुला। **एए/5;** कृष्णपुर; 01; 01; अनारक्षित/महिला। **एए/6;** सियालदह; 01; नॉर्थ निकासी गेट; अनारक्षित/महिला। **एए/7;** हालिसहर; 01; पीएफ सं.-02; अनारक्षित/महिला। **एए/8;** बारासात; 01; पीएफ सं. 01; अनारक्षित/महिला। **एए/9;** मुर्शिदाबाद; 01; 01; ओबीसी/सभी के लिए खुला। अन्य विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-215/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नाव डूबी, तीन लापता

## पानी में बोल्डर से टकरायी नाव ▢ मौके पर मची अफरातफरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** महात्मा गांधी सेतु के पाया नंबर 9 के पास मंगलवार को बड़ा नाव हादसा हो गया। तेरसिया दियारा इलाके से गुजर रही एक नाव बाढ़ के पानी में मौजूद बोल्डर से टकराने के बाद असंतुलित होकर डूब गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाव पर करीब 10 लोग सवार थे। इनमें से सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि तीन लोग अभी लापता बताए जा रहे हैं। घटना गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि नाव तेरसिया दियारा की ओर से महात्मा गांधी सेतु के पाया नंबर 9 के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान नाव पानी में मौजूद बोल्डर से टकरा गई। टक्कर के बाद नाव का संतुलन बिगड़ गया और कुछ ही देर में वह बाढ़ के पानी में डूब गई।

नाव के अचानक डूबने के बाद उसमें सवार लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद कुछ लोग किसी तरह तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि स्थानीय लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, अब तक सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है, जबकि तीन लोगों का अभी पता नहीं चल सका है।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाके के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोग बाढ़ के पानी में लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा है और सभी लापता लोगों के सुरक्षित मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

नाव हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन भी सक्रिय हो गया। एसडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय थाना पुलिस और अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। टीम के पहुंचने के बाद लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा।

## कस्तूरबा विद्यालय की तीन छात्राएं गंभीर

**भागलपुर।** जिले के नवगछिया पुलिस जिला अंतर्गत गोपालपुर थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी उच्च माध्यमिक आवासीय विद्यालय सैदपुर में सोमवार की शाम एक बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। आवासीय छात्रावास में रह रहीं तीन छात्राओं ने धोखे से फिनाइल पी लिया, जिससे उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। आनन-फानन में विद्यालय प्रशासन ने कर्मचारियों के सहयोग से तीनों छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोपालपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया गया है। अस्पताल में भर्ती छात्राओं की पहचान गोपालपुर प्रखंड के डुमरिया गांव निवासी सुमित मंडल की पुत्री नैना कुमारी और संजय मंडल की पुत्री मनीषा कुमारी (दोनों 10वीं की छात्राएं) तथा इस्माईलपुर प्रखंड के इस्माईलपुर निवासी मुकेश मंडल की पुत्री ब्यूटी कुमारी (9वीं) के रूप में हुई है। तीनों छात्राओं की स्थिति फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है।

# समोसा और मिठाई खाने से मदरसे की चार छात्राएं बीमार, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सुपौल।** सदर थाना क्षेत्र के बसबिट्टी वार्ड नंबर-19 स्थित जामियअतुस सालिहात एजुकेशनल ट्रस्ट में संचालित निजी मदरसे में सोमवार को चार छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सभी को बेहोशी की स्थिति में सुपौल शहर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान नेमुआ निवासी कमरे आलम की 10 वर्षीय बेटी अल्फिशा की मौत हो गई। घटना के बाद मदरसे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मदरसा प्रबंधन के अनुसार, यहां करीब 60 से 65 छात्राएं रहकर पढ़ाई करती हैं। संस्था लगभग दो वर्षों से संचालित है। मृत बच्ची भी करीब डेढ़ से दो साल से इसी परिसर में रह रही थी। संचालक खलील रहमान ने बताया कि सोमवार को अल्फिशा की मां बच्ची से मिलने आई थीं। वह मिठाई और समोसा देकर वापस चली गईं। इसके बाद इन्हें खाने वाली चार छात्राओं की तबीयत अचानक खराब हो गई। आफिया, सहाना खातून,

### मदरसे में आवासीय रूप से रह रही हैं कई बच्चियां

हलीमा सादिया और अल्फिशा बेहोश हो गईं। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान अल्फिशा ने दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मदरसे पहुंची। परिसर का निरीक्षण करने के साथ संचालक और वहां मौजूद शिक्षकों से पूछताछ की गई। सदर एसडीपीओ ने भी प्रबंधन से घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस छात्राओं के बीमार पड़ने की वजह, खाने की गुणवत्ता और घटनाक्रम से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। इधर, मृतका के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

सदर एसडीएम मनोहर कुमार साहू ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वे एसडीपीओ और थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे। मदरसे में बड़ी संख्या में बच्चियां आवासीय सुविधा के तहत रह रही हैं। इनमें एक छात्रा की मौत हुई है, जबकि दो-तीन अन्य का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। प्रशासन उनके स्वास्थ्य की जानकारी ले रहा है।

सदर एसडीएम ने बताया कि जिला शिक्षा कार्यालय से डीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी मदरसे के दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि संस्था को छात्राओं को आवासीय रूप से रखने की अनुमति है या नहीं और इसके लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। वहीं, पुलिस की ओर से भी घटना की अलग से जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसाद पंचायत अंतर्गत सरेला गांव स्थित राजारामपुर टोला में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 32 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान वार्ड संख्या चार निवासी अमरजीत मुखिया की पत्नी दौलत देवी 32 के रूप में की गई है। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं।

## बीडीओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रसूलपुर। थाना क्षेत्र के एकमा पश्चिमी भाग के चार विद्यालयों बीइओ मनीष कुमार ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेनौत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेलिया डीह, प्राथमिक विद्यालय असहनी टोले वंशीछपरा में निरीक्षण के दौरान मध्यांतर के बाद भी बच्चों के खेलने पर विद्यालय प्रशासन को हिदायत दी और पठन पाठन पर जोर दिया।कहां कि खेल जरूरी है पर समय पर होना चाहिए।आर एन हाईस्कूल योगियां में बीइओ मनीष ने विद्यालय की इंफ्रास्ट्रक्चर और छात्र छात्राओं व शिक्षकों की उपस्थिति देख प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के लैब ,पुस्तकालय और क्लास का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में छात्र छात्राओं की अच्छी संख्या के बावजूद ग्यारहवीं -बारहवीं कक्षा में और संख्या बढ़ाने पर बीइओ मनीष कुमार ने बल दिया।प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने विद्यालय में वर्ग कमरों की कमी बताई जिसे बीइओ ने ऊपर के अधिकारियों तक इसे पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## दिवंगत शिक्षक की पत्नी को शिक्षकों ने दी आर्थिक सहायता



**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के बन्दा कॉलोनी निवासी दिवंगत शिक्षक स्वर्गीय टुनटुन मल्लिक के निधन के बाद उनके परिवार की मदद के लिए प्रखंड के शिक्षकों ने मानवीय पहल करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मंगलवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा के दौरान विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों के आपसी सहयोग से एकत्रित की गई 1,11,000 की चंदा राशि दिवंगत शिक्षक की धर्मपत्नी को आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की गई। इस दौरान शिक्षकों ने दिवंगत टुनटुन मल्लिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शोक सभा में पूर्व बीआरपी बाल मुकुंद सिंह, विकेश कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, पारस नाथ महराज, शांति भूषण, रामनाथ राय, दिलीप कुमार, रामनाथ पंडित, अरुण पासवान, शिव कुमार, राम शंकर सिंह, अभिनव मिश्रा, मृत्युंजय राय, शिव कुमार कुंवर, रंजीत, अमरेंद्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे शिक्षकों की इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। आपसी सहयोग से जुटाई गई राशि दिवंगत शिक्षक के परिवार के लिए कठिन समय में कुछ राहत प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में इस सहयोग अभियान में शामिल सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी जरूरतमंद शिक्षक परिवारों के सहयोग के लिए इसी तरह एकजुट रहने की अपील की गई।

## खुले आसमान के नीचे रह रहे बाढ़ पीड़ित

**आरा।** महुदही के संजय सिंह का पूरा घर बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है और परिवार छत पर जिंदगी की जंग लड़ रहा है। घर में बचे जरूरी सामान किसी तरह इस जंग में काम आ रहे हैं, लेकिन परेशानी बढ़ती जा रही है। यह स्थिति गांव में कई परिवारों की है। प्रखंड में बाढ़ की स्थिति विकट होने के कारण बड़ी संख्या में लोग घर छोड़कर कोईलवर बक्सर तटबंध, सरैया-सिन्हा मुख्य सड़क और अपने घरों की छत पर प्लास्टिक का त्रिपाल लगाकर रहने को मजबूर हैं। कोईलवर-बक्सर तटबंध और उत्तर प्रदेश के बिरला बांध पर खुले आसमान के नीचे रह रहे बाढ़ पीड़ितों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। सड़क मार्ग बंद होने से प्रभावित गांवों के लोगों के सामने रोजमर्रा की जरूरत का सामान जुटाना भी चुनौती बन गया है। इस बीच नथमलपुर पंचायत के संजय सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने पंचायत में नावों के संचालन को लेकर सवाल उठाया है।

## सम्मानित हुई शिक्षिका



**फतुहा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पटना जिले की दो शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। इनमें फतुहा व्यापार मंडल उच्च विद्यालय की शिक्षिका भव्या का नाम भी शामिल है। मुसाय नायक सीता देवी एजुकेशनल ट्रस्ट, रोहतास (सासाराम) के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में पूरे भारत से चयनित करीब 200 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया।

पटना जिला से चयनित दोनों शिक्षिकाओं के चयन पर शिक्षकों एवं क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। पटना की उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुर्थौल की डॉ .भवानी शारदे और फतुहा के व्यापार मंडल उच्य विद्यालय के भव्या के सम्मानित होने से फतुहा व्यापार मंडल उच्च विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों में भी हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राजकृष्ण चौधरी, केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजेश कुमार, वीरेंद्र कुमार सक्सेना सहित बिहार विधान परिषद के सदस्यों और गण्यमान्य लोगों ने शिक्षकों को सम्मानित किया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई।

# परीक्षाओं में अनियमितता के खिलाफ 4 दिनों का आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आठ से 11 सितंबर तक राज्य के 24 जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी और उपायुक्त (डीसी) तथा पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय का घेराव करेगी।

जेपीएससी, जेएसएससी, सीजीएल समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपितों की गिरफ्तारी और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर पार्टी ने राज्यव्यापी आंदोलन की तैयारी पूरी कर ली है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देश पर चार दिवसीय आंदोलन के लिए जिलावार प्रमुख नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये नेता संबंधित जिलों में पार्टी के आंदोलन का नेतृत्व करेंगे।

### 24 जिलों में डीसी - एसपी कार्यालय घेरेगी भाजपा

उन्होंने बताया कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आठ सितंबर को गढ़वा में मौजूद रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू आठ सितंबर को रांची, नौ सितंबर को सरायकेला और 11 सितंबर को खूंटी में आंदोलन में शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी आठ सितंबर को दुमका, नौ सितंबर को पाकुड़, 10 सितंबर को साहिबगंज और 11 सितंबर को गोड्डा में मौजूद रहेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आठ सितंबर को हजारीबाग, 10 सितंबर को धनबाद और 11 सितंबर को लोहरदगा में आंदोलन में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा आठ सितंबर को जमशेदपुर, नौ सितंबर को बोकारो और 11 सितंबर को रामगढ़ में आंदोलन का नेतृत्व करेंगे।

अमर कुमार बाउरी ने बताया कि एसटी मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव नौ सितंबर को सिमडेगा, 10 सितंबर को गुमला और चाईबासा तथा 11 सितंबर को गिरिडीह में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय 10 सितंबर को चतरा और 11 सितंबर को जामताड़ा, जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश नौ सितंबर को पलामू और 10 सितंबर को लातेहार में आंदोलन में शामिल होंगे। मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल नौ सितंबर को कोडरमा और पूर्व मंत्री नीरा यादव 11 सितंबर को देवघर के कार्यक्रम में शामिल होंगी।

अमर कुमार बाउरी ने बताया कि आंदोलन को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए जिलावार संयोजक भी बनाए गए हैं। रांची और देवघर की जिम्मेदारी गणेश मिश्रा, सरायकेला की बालमुकुंद सहाय, खूंटी की नीलकंठ सिंह मुंडा और दुमका की सुनील सोरेन को दी गई है।

पाकुड़ के लिए कृष्णा महतो, साहिबगंज के लिए अनंत ओझा, गोड्डा और धनबाद के लिए दिलीप वर्मा, हजारीबाग, गढ़वा और पलामू के लिए भानु प्रताप शाही, लोहरदगा के लिए अमित सिंह तथा सिमडेगा के लिए मुनेश्वर साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गुमला के लिए मनीर उरांव, गिरिडीह के लिए सरोज सिंह, चाईबासा के लिए गीता कोड़ा, जमशेदपुर के लिए आभा महतो, बोकारो के लिए अमर कुमार बाउरी, रामगढ़ के लिए राकेश प्रसाद, चतरा के लिए अमरदीप यादव, जामताड़ा के लिए सुनील सोरेन, लातेहार के लिए मनीर उरांव और कोडरमा के लिए शालिनी बैसखियार को संयोजक बनाया गया है।

प्रदेश महामंत्री ने बताया कि आंदोलन के पहले दिन आठ सितंबर को रांची, दुमका, हजारीबाग, गिरिडीह, जमशेदपुर और गढ़वा में प्रदर्शन किया जाएगा। नौ सितंबर को कोडरमा, साहिबगंज, बोकारो, पलामू, सिमडेगा और चाईबासा में आंदोलन होगा।

# रामलला का दर्शन कर लौट रहे दंपती समेत तीन की मौत

### पुल की रेलिंग में घुसी क्रेटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोकामा।** अयोध्या से रामलला का दर्शन कर लौट रहे तीन लोगों की मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन पर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे मोकामा थाना क्षेत्र के शिवनार गांव के सामने मृतकों की हुंडई क्रेटा कार पुलिया की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा रेलिंग में घुस गया और इंजन का पूरा हिस्सा गाड़ी के अंदर चला गया।हादसे में तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

सूचना मिलते ही मोकामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।मृतकों की पहचान पवन कुमार गुप्ता (55),उनकी पत्नी सुलोचना देवी (50) और चालक मोहम्मद सदरे आलम (28) के रूप में हुई है। तीनों खगड़िया जिले के मोरकाही



थाना क्षेत्र के दक्षिण मारर गांव के निवासी हैं।बताया जाता है कि पवन कुमार और उनकी पत्नी अक्सर तीर्थयात्रा पर जाते रहते थे।

जानकारी के अनुसार तीनों सोमवार शाम अयोध्या से दर्शन कर क्रेटा से खगड़िया लौट रहे थे।रातभर गाड़ी चलाने से चालक थक गया था और उसे झपकी आ गई,जिससे यह हादसा हुआ।

घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।परिजनों में कोहराम मच गया। रेफरल अस्पताल पहुंचे मृत दंपती के बेटे-बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# ऑटो-पिकअप की ठोकर से एक की मौत, चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** थावे मंदिर में पूजा-अर्चना कर परिवार के साथ घर लौटने की खुशी कुछ ही देर में मातम में बदल गई। राजेपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से आटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आटो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि परिवार के चार अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन समेत फरार हो गया।

मीनापुर थाना क्षेत्र के मुस्तफागंज के गंजबाजार निवासी एक ही परिवार के पांच लोग आटो से थावे स्थित मां भवानी के दर्शन करने गए थे। पूजा-अर्चना के बाद सभी आटो से अपने घर लौट रहे थे। फुलवरिया गांव के समीप पहुंचते ही पीछे से तेज गति में आ रही पिकअप ने आटो को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में विरेंद्र कुमार समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने विरेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। अवधेश समेत चार घायलों का शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया। सूचना मिलते ही राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर दुर्घटना की परिस्थितियों का पता लगा रही है।

एसकेएमसीएच ओपी पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद विरेंद्र कुमार के शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। मौत की खबर मिलते ही गंजबाजार इलाके में मातमी सन्नाटा पसर गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतक के स्वजन का बयान दर्ज कर लिया गया है।

# साक्षरता जागरूकता रैली के साथ हिंदी महोत्सव शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय हिंदी महोत्सव का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन साक्षरता जागरूकता रैली निकाली गई, जो महाराणा प्रताप चौक से शुरू होकर रमेश चौक तक पहुंची। रैली के माध्यम से लोगों को शिक्षा, साक्षरता और सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में साक्षरता विकास और सामाजिक परिवर्तन की आधार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. धनंजय शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, खादी ग्राम के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, साहित्य संवाद के अध्यक्ष लालदेव प्रसाद, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह एवं प्रोफेसर डॉ. विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर अशोक सिंह, वीरेंद्र सिंह, देवलाल सिंह, ललन सिंह एवं संजय सिंह सहित अन्य लोगों ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन




किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह ने की, जबकि संचालन महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया।

अपने संबोधन में श्री ने कहा कि साक्षरता अभियान को लेकर वर्षों से लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति, परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि साक्षर समाज ही मजबूत और जागरूक समाज का निर्माण कर सकता है। शिक्षा व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है तथा सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. धनंजय शर्मा ने कहा कि साक्षरता के साथ संस्कार और नैतिक शिक्षा भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर ही बेहतर समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

अजय श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह तथा प्रोफेसर डॉ. विनोद सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि साक्षरता सामाजिक विकास की पहली सीढ़ी है।

समाजसेवी आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा और साक्षरता समाज में बदलाव की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी साक्षरता का संदेश दिया गया। वरिष्ठ कवि लवकुश प्रसाद, लोक गायक राम श्लोक रामा, धर्मेंद्र यादव एवं मुकेश चौबे ने अपने गीतों और काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति जागरूक किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर साक्षरता अभियान में योगदान देने वाले लोगों के प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह, तुलसी सिंह, ओम प्रकाश पाठक, अशोक सिंह, जितेंद्र सिंह, मधुसूदन तिवारी, सुरेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, कलाकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सात दिवसीय हिंदी महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों में भी साहित्य, शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### हाथियों से परेशान लोगों ने बिछाया बिजली का तार

# करंट से एक हाथी की मौत, जांच में जुटा वन विभाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में नंगे बिजली तार की चपेट में आने से एक वयस्क जंगली हाथी की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, हाथियों के झुंड के घर में घुसकर अनाज खाने से नाराज एक ग्रामीण ने घर के आसपास नंगे बिजली तार का जाल बिछाया और उसमें करंट दौड़ा दिया। वन विभाग ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मृत हाथी का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और दोषी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

ग्रामीणों के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले हाथियों के झुंड ने बीफा उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर उसमें रखा अनाज खा लिया था। इसके बाद गुस्साए बीफा ने कथित तौर पर अपने घर के आसपास नंगे बिजली तार का जाल बिछा दिया।



रविवार देर रात करीब 15-16 हाथियों के झुंड के गांव के आसपास पहुंचने की सूचना मिलने पर उसने तार में करंट दौड़ा दिया और खुद घर से कुछ दूरी पर कोमर डैम के समीप जाकर छिप गया।

इसी दौरान झुंड में शामिल एक वयस्क हाथी नंगे बिजली तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हाथियों के गांव में पहुंचने की सूचना पर हाथी भगाओ दल भी मौके पर पहुंचा था। झुंड को भगाने के दौरान दल के सदस्यों की नजर मृत हाथी पर पड़ी।

वन समिति के अध्यक्ष सुनील उरांव ने बताया कि हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से कोमर और आसपास के गांवों में लगातार उत्पात मचा रहा है। हाथियों ने कई ग्रामीणों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले एक माह के दौरान लवलेश सिंह की करीब पांच एकड़ में लगी सब्जी की फसल भी हाथियों ने बर्बाद कर दी। ग्रामीणों ने फसल क्षति के अनुरूप मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की है।

घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वनरक्षी कैलाश कुमार ने बताया कि मृत हाथी का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मामले की जांच के बाद दोषी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## बाढ़ पड़ी कमजोर, खतरा बरकरार

**पटना।** बिहार में जारी बाढ़ के खतरे के बीच मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान बिहार में मानसून की गतिविधि धीमी और कमजोर दर्ज की गई है। राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्से के कई इलाकों, उत्तर-मध्य एवं दक्षिण-मध्य भाग के कुछ स्थानों तथा शेष क्षेत्रों में एकाध जगहों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मुशहरी में सर्वाधिक 62.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। राज्य में औरंगाबाद सबसे गर्म स्थान रहा, जहाँ अधिकतम तापमान 34.9दर्ज हुआ, जबकि राजगीर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.6 रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मध्य हिस्सों में बना कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर पड़ चुका है, लेकिन इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे बिहार पर बना हुआ है। साथ ही मानसून ट्रफ रेखा भी बिहार से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से 11 सितंबर के आसपास बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना जताई गई है।

# बीएलटीएफ की बैठक में दिये गये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स (बीएलटीएफ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में परिवार नियोजन एवं जनसंख्या स्थिरीकरण से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ, जीविका के प्रतिनिधि, रोगी कल्याण समिति के सदस्य तथा शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। अधिकारियों ने मिशन परिवार विकास के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के प्रति जागरूक करने, योग्य दंपतियों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता, महिला एवं पुरुष नसबंदी, गर्भनिरोधक साधनों तथा योग्य दंपतियों की काउंसलिंग जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों, जीविका समूहों एवं विद्यालय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को मजबूत करने की आवश्यकता बताई गई, ताकि परिवार नियोजन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सके बीडीओ वीरेंद्र कुमार सिंह ने संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मिशन परिवार विकास कार्यक्रम को धरातल पर प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें सभी संबंधित विभागों और समुदाय की सहभागिता आवश्यक है।

# 90 लाख ड्रेस, 126 करोड़ का कारोबार, जीविका दीदियों ने रचा इतिहास

## सिलाई के तौर पर ग्रामीण महिलाओं को मिला नियमित आय और आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया मंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की लाखों जीविका दीदियां अपनी परिश्रम और लगन के बलबूते हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। हाल के दिनों में इन दीदियों ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए ड्रेस की सिलाई कर न सिर्फ करोड़ों का टर्नओवर खड़ा किया है बल्कि अपनी हुनर और शिल्पकारी के माध्यम से लाखों बच्चों के लिए आकर्षक ड्रेस उपलब्ध कराने के सपने को साकार किया है। राज्य में जीविका दीदियों को रोजगार उपलब्ध कराने की मंशा से कुछ वर्ष पहले ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में जीविका-बिहार रूरल लाइवलीहुड्स प्रमोशन सोसाइटी (बीआरएलपीएस) के सहयोग से जानकी जीविका महिला स्टिचिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (जानकी पीसी) का गठन किया गया। इस कंपनी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में करीब 50 हजार दीदियों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में रह रहे बच्चों के लिए ड्रेस सिलाई की जिम्मेदारी सौंपी गई। विभाग का मानना है कि वर्ष 2023-24 में मात्र 19 लाख रुपये का शुरुआती टर्नओवर आज दीदियों की लगन और उनकी मेहनत के बदौलत करोड़ों में पहुंच चुका है। आंकड़े बताते हैं कि ये दीदियां अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर रह रहे बच्चों के लिए अभी तक 90 लाख से भी अधिक ड्रेस की सिलाई कर चुकी हैं। अकेले वर्ष 2026-27 में इन दीदियों ने ड्रेस की सिलाई से 126 करोड़ रुपये का विशाल टर्नओवर खड़ा किया है। ग्रामीण विकास विभाग की मानें तो ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदियां बच्चों के ड्रेस सिलाई के माध्यम से आर्थिक रूप से न सिर्फ सशक्त हुई हैं बल्कि इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आकर्षक ड्रेस उपलब्ध कराने की नई राह भी बनी हैं। गांव की महिलाओं को अपनी चौखट के पास ही नियमित आय और आर्थिक आत्मनिर्भरता का जरिया मिला है। सरकारी ऑर्डर बाहरी राज्यों या बिचौलियों के पास पहुंचने की बजाय सीधे स्थानीय ग्रामीण परिवारों और बिहार की अर्थव्यवस्था में दर्ज हो रहा है। संगठित सिलाई कार्य से महिलाओं के भीतर व्यावसायिक समझ, वित्तीय साक्षरता और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है।



जीविका दीदियां केवल अपने परिवार का सहारा न रहकर बिहार के प्रगति की रीढ़ भी बन चुकी हैं जब एक गांव की महिला अपने हुनर से आत्मनिर्भर बनती है तो वह न केवल अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, बल्कि पूरे समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर देती हैं। जीविका स्टिचिंग कंपनी से जुड़ी हजारों दीदियों ने आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए 90 लाख से अधिक ड्रेसेज सिलकर इतिहास रचा है। दीदियों के पसीने और लगन से मिली इस आर्थिक आजादी ने बिचौलियों का अंत कर सीधे ग्रामीण परिवारों के जीवन में खुशहाली और स्वाभिमान का नया सवेरा लाने का काम किया है।

**श्रवण कुमार**
ग्रामीण विकास एवं जन सम्पर्क मंत्री

# समावेशी विकास के लिए बीमा क्षेत्र में नवाचार जरूरी : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना स्थित होटल मौर्या में आईसीसी बिहार स्टेट काउंसिल की ओर से आयोजित तीसरे आईसीसी इंश्योरेंस कॉन्क्लेव-2026 में हिस्सा लिया। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम 'समावेशी विकास के लिए बीमा में नवाचार' रही। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बदलते सामाजिक और आर्थिक परिवेश में बीमा की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। बीमा केवल आर्थिक सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि कमजोर और वंचित वर्गों को वित्तीय सुरक्षा देकर उन्हें सशक्त बनाने तथा समावेशी विकास को मजबूत करने का प्रभावी साधन है। उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार और डिजिटल बदलाव के जरिए आमजन तक बीमा सेवाओं की पहुंच को सरल और व्यापक बनाया जा सकता है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे व्यवसायियों, किसानों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक बीमा सुविधाओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जनधन, सामाजिक सुरक्षा और विभिन्न बीमा योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को आर्थिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। अब तकनीक और नवाचार के माध्यम से इन सेवाओं को और प्रभावी एवं जनसुलभ बनाने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि ऐसे कॉन्क्लेव उद्योग जगत, बीमा विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को साझा मंच उपलब्ध कराते हैं। यहां विचारों के आदान-प्रदान से भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर विमर्श होता है तथा नई नीतियों, नवाचारों और बेहतर कार्ययोजनाओं का मार्ग प्रशस्त होता है।

# बिहार में जल सुरक्षा और सिंचाई सुविधाओं को मिलेगा नया आयाम, जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में सिंचाई सेवाओं के आधुनिकीकरण, जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन तथा बाढ़ एवं कटाव से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिहार जल सुरक्षा एवं सिंचाई आधुनिकीकरण परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विश्व बैंक एवं बिहार सरकार की संयुक्त सहभागिता से संचालित इस महत्वपूर्ण परियोजना का कुल बजट 4,415 करोड़ रुपये है जिसमें 70 प्रतिशत विश्व बैंक तथा 30 प्रतिशत बिहार सरकार की सहभागिता है। कृषि मंत्री ने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में कृषि को अधिक सक्षम, टिकाऊ एवं जोखिम-प्रतिरोधी बनाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए जल संसाधनों का वैज्ञानिक प्रबंधन, आधुनिक सिंचाई सुविधाओं का विस्तार तथा किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों से जोड़ना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से परियोजना के विभिन्न घटकों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# बिहार विधानसभा संग्रहालय को आधुनिक तकनीक से विकसित करने पर जोर

## बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच मंगलवार को शिष्टाचार मुलाकात हुई। इस दौरान बिहार विधान सभा संग्रहालय सहित जनप्रतिनिधियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक और रचनात्मक विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान बिहार विधान सभा संग्रहालय के निर्माण और विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संग्रहालय में बिहार विधान सभा की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। यह संग्रहालय राज्य की लोकतांत्रिक यात्रा, विधायी परंपराओं और संसदीय विरासत का महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। संग्रहालय को आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों से समृद्ध करते हुए ऐसा स्वरूप देने की योजना है, जिससे आमजन, विद्यार्थी, शोधार्थी तथा देश-विदेश से आने वाले आगंतुक बिहार की लोकतांत्रिक यात्रा और विधायी इतिहास से परिचित हो सकें। बिहार विधान सभा की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही संग्रहालय को ज्ञान, शोध और जन-जागरूकता के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संग्रहालय सहित अन्य विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए आवश्यक सहयोग और समन्वय का आश्वासन दिया। वहीं, डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विधान मंडल से जुड़े विषयों के प्रभावी समाधान और जनप्रतिनिधियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए राज्य सरकार और बिहार विधान सभा के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने विधान सभा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के समाधान और संस्थागत समन्वय को और प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया।

# पप्पू यादव ने बाढ़ पीड़ितों के लिए खोला खजाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत रूपस महाजी पंचायत, काला दियारा, रूपस चिरैया पंचायत एवं हरदासपुर पंचायत में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंचकर पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने जरूरतमंद परिवारों की मदद की। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए राहत सामग्री और आर्थिक सहायता का खुला वितरण किया। इस दौरान उन्होंने साफ कहा गरीबों की मदद से बड़ा कोई त्योहार नहीं है, सरकार के भरोसे किसी को मरने के लिए नहीं छोड़ सकते। इस कठिन घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा रहना हमारा दायित्व है।

# एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज में आइआइटी-पटना का दबदबा, दोनों शीर्ष स्थानों पर कब्जा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2026-27 के पटना रीजनल राउंड में आईआईटी-पटना की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम और द्वितीय दोनों स्थानों पर कब्जा जमाया। ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में आयोजित प्रतियोगिता में हीत जे. जोशी और शिवांशु एस. दास की टीम विजेता बनी जबकि जोवेन एस. पायनाडत और अभिराम पारिपदी की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना के रौशन और गौरव की टीम तीसरे स्थान पर रही। एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चंदन ने बताया कि प्रतियोगिता में बिहार के प्रमुख इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों की 300 से अधिक टीमों ने भाग लिया। इनमें आईआईटी-पटना, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज, पटना, बख्तियारपुर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग तथा गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज-औरंगाबाद सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थी शामिल थे। प्रतियोगिता की शुरुआत लिखित प्रारंभिक चरण से हुई जिसके बाद छह टीमों ने हाई-एनर्जी ऑडियो-विजुअल फाइनल राउंड में जगह बनाई। फाइनल में आईआईटी-पटना की दो टीमों के अलावा चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट-पटना, सीतामढ़ी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ललित नारायण मिश्रा इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड सोशल चेंज, पटना तथा गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज-औरंगाबाद की टीमों ने भाग लिया। फाइनल राउंड का संचालन दिल्ली के प्रसिद्ध क्विज मास्टर गौतम बोस ने किया। पटना रीजनल राउंड की शीर्ष दो टीमें अब 7 अक्टूबर को सेमीफाइनल तथा 8 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रीय फाइनल में भाग लेंगी। दोनों चरणों का आयोजन एनटीपीसी पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई), नोएडा में किया जाएगा। इस अवसर पर एनटीपीसी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम ने विजेता टीम को 60,000 रुपये, उपविजेता टीम को 40,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त टीम को 20,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की। अन्य फाइनलिस्ट टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। महाप्रबंधक विल्सन अब्राहम ने कहा कि एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज युवा प्रतिभाओं को अपने ज्ञान, रचनात्मकता और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करने का प्रभावी मंच प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना राष्ट्र निर्माण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विजेता टीमों को बधाई देते हुए आगामी चरणों के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न इंजीनियरिंग एवं प्रबंधन संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज देशभर के युवाओं में ज्ञान, जिज्ञासा, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और बौद्धिक उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देने वाली प्रमुख पहल है।

# तीन लाख महिला उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** यूनाइटेड वे मुंबई, वीमेन्स वर्ल्ड बैंकिंग और एचएसबीसी इंडिया ने महाराष्ट्र, असम और बिहार की 3 लाख ग्रामीण महिला उद्यमियों को समय पर और किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त पहल की है। यह कार्यक्रम स्मॉल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया और संबंधित स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन्स के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। विचार-विमर्श कार्यक्रम में सिडबी की प्रयास इंडिविजुअल एंटरप्राइज स्कीम के अनुभव साझा किए गए। प्रयास के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को बिना जमानत 50000 रुपये से 2 लाख रुपये तक का ऋण महिला-नेतृत्व वाले सामुदायिक संगठनों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। एनआरएलएम के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने बताया कि लगभग 38.5 लाख महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों को ऋण की आवश्यकता है। वहीं सिडबी के उप प्रबंध निदेशक प्रकाश कुमार ने प्रयास को महिलाओं को औपचारिक ऋण व्यवस्था से जोड़ने वाला अभिनव मॉडल बताया। एचएसबीसी इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सस्टेनेबिलिटी प्रमुख आलोका मजुमदार ने कहा कि महिला उद्यमियों को ज्ञान, कौशल, पूंजी और नेटवर्क तक पहुंच दिलाना जरूरी है। ताकि वे आय सृजित करने वाले उद्यम स्थापित कर सकें और अपने परिवारों व समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकें। प्रयास को आदर्श सामुदायिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर लागू किए जाने पर लगभग 65,800 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का अवसर उत्पन्न हो सकता है।

# बिहार से यूपी-दिल्ली तक का सफर होगा आसान, 14 नए रूटों पर जल्द शुरू होगी निगम की बसें

## परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार और उत्तर प्रदेश के यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। दोनों राज्यों के बीच जल्द ही 14 नए अंतरराज्यीय रूटों पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का परिचालन शुरू होगा। इसके अलावा पिछले 10 वर्षों से चल रहे 25 पुराने रूटों पर बस संचालन के समझौते को भी आगे बढ़ाने पर सहमति बन गई है। सोमवार को लखनऊ स्थित होटल क्लार्क अवध में बिहार के परिवहन मंत्री दामोदर रावत और उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के बीच हुई उच्च-स्तरीय बैठक में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। मंत्री दामोदर रावत ने कहा नए रूटों के जुड़ने से रोजाना के यात्रियों को सफर करने में काफी सहूलियत मिलेगी। बिहार-उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा जैसे राज्यों तक बिहार की बसों का आना-जाना और अधिक सुगम हो जाएगा। इस सुविधा से दिल्ली, नोएडा, लखनऊ, कानपुर से बिहार आने-जाने वाले लाखों यात्रियों को सीधी, सुरक्षित और सस्ती सरकारी बस सेवा उपलब्ध होगी। आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए भी यह पहल बेहद सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण कदम है। श्री रावत ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच पिछले दस वर्षों से चले आ रहे सहयोग को नए मुकाम पर ले जाने का प्रयास है। 14 नए रूट जुड़ने से प्रवासी भाई-बहनों, छात्रों और तीर्थयात्रियों को भी घर तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

# लंबित यात्रा भत्ते के भुगतान को लेकर रेलकर्मियों ने बांधी काली पट्टी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पिछले तीन महीनों से लंबित यात्रा भत्ता (टीए/सीटीए) के भुगतान की मांग को लेकर दानापुर मंडल के रेलकर्मियों ने मंगलवार को बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गेनाइजेशन (आईआरटीसीएसओ) और ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस (ईसीआरएमसी), दानापुर के संयुक्त आह्वान पर कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से विरोध करते हुए अपनी ड्यूटी निभाई। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व मध्य रेल के धनबाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सोनपुर और समस्तीपुर मंडलों में नियमित रूप से टीए/सीटीए का भुगतान किया जा रहा है, जबकि दानापुर मंडल में यह भत्ता लंबित है। कर्मचारियों ने इसे लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि दानापुर मंडल प्रत्येक वर्ष रिकॉर्ड राजस्व प्राप्ति के लिए अव्वल रहने का शील्ड प्राप्त करता है, इसके बावजूद कर्मचारियों को उनके वैध भत्ते से वंचित रखा जा रहा है। आईआरटीसीएसओ दानापुर मंडल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस ने कहा कि रेल कर्मचारी न तो रेल प्रशासन और न ही सरकार के खिलाफ हैं। कर्मचारी केवल अपना हक और सम्मान चाहते हैं। व्यवस्था की खामियों के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करते हुए वे पूरी निष्ठा से ड्यूटी कर रहे हैं।

# वीर शहीद गंगू मेहतर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने यारपुर स्थित अंबेडकर विकास समिति एवं बिहार राज्य राउत मेहतर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 1857 के क्रांतिकारी योद्धा वीर शहीद गंगू मेहतर की पुण्यतिथि समारोह में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वीर शहीदों और महापुरुषों का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होता है। उनके संघर्ष, साहस और बलिदान को याद करने के साथ उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। अंबेडकर विकास समिति और बिहार राज्य राउत मेहतर पंचायत द्वारा महान व्यक्तित्वों और वीर सपूतों की स्मृतियों को जीवंत रखने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वीर शहीद गंगू मेहतर का जीवन साहस, संघर्ष, स्वाभिमान और समाज के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान निर्माता ने समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया। शिक्षित, संगठित और संघर्षशील समाज ही अपने अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा है। वंचित, शोषित, दलित और पिछड़े वर्गों को सम्मान एवं अवसर देकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाने तथा महापुरुषों के संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# बिना मुआवजा के जबरन जमीन हड़पने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार का दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बिहार प्रभारी दिनेश कुमार एवं बिहार राज्य दूग्ध उत्पादक संघ के राज्य अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह ने प्रभावित गांवों में जाकर लोगों से मिले। वहां लोगों की समस्याएं सुनी। मोतनाजे के किसान पंकज कुमार, पवन कुमार, नरेश कुमार एवं सुबोध कुमार आदि ने बताया कि न तो कोई कमिटी सोशल जांच के लिए गांव आयी। न ही लोगों से कोई सहमति ली गई। किसानों ने अभी तक कोई मुआवजा भी नहीं लिया है। प्रशासन की गुंडागर्दी और पुलिसिया तांडव के द्वारा लोगों को आतंकित कर जबरन खेतों में लहलहाते धान की फसलों को जेसीबी और ट्रैक्टर से रौंद कर बर्बाद किया जा रहा है। हमारा प्रतिनिधिमंडल ने मधुबन गांव में जाकर वहां का भी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का जायजा लिया। वहां भी लोगों में काफी आक्रोश है। गांव के गरीब गुरुबे खास कर दलित, महादलित, पिछड़े एवं अति पिछड़े परिवारों के लोगों ने बताया कि गांव के दो चार दलालों को अच्छी खासी रकम देकर मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड पुलिस प्रशासन एवं अपने दलालों की मदद से दिन रात गांव को बर्बाद करने पर तुला हुआ है।

# मठ-मंदिरों में स्थापित हों इंटरनेट व कंप्यूटर युक्त 'सहयोग पुस्तकालय': डॉ. अशोक वर्मा

## धार्मिक न्यास अध्यक्ष डॉ. रणवीर नन्दन ने जनहितकारी प्रस्ताव पर विचार करने का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा ने आज बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष डॉ. रणवीर नन्दन से उनके कार्यालय मुलाकात कर उन्हें एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से राज्य के सभी प्रमुख मठ और मंदिर परिसरों में सरकार एवं न्यास परिषद के सहयोग से आधुनिक 'सहयोग पुस्तकालय' स्थापित करने की पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन सौंपते हुए डॉ. अशोक वर्मा ने कहा कि मठ-मंदिर प्राचीन काल से ही ज्ञान और नैतिक संस्कारों के केंद्र रहे हैं। वर्तमान डिजिटल युग में इस परंपरा को आधुनिक रूप में पुनर्जीवित करना समय की मांग है। डॉ वर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि सहयोग पुस्तकालय में धार्मिक व ऐतिहासिक ग्रंथों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, विज्ञान, साहित्य और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाए साथ ही छात्रों व युवाओं को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के लिए पुस्तकालयों में कंप्यूटर और हाई-स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था हो। डॉ वर्मा ने मांग किया है कि मंदिर परिसरों को केवल पूजा-अर्चना तक सीमित न रखकर युवाओं के ज्ञानवर्धन और संस्कार वर्धन का जीवंत केंद्र बनाया जाए। डॉ. वर्मा ने विश्वास जताया कि इस कदम से मंदिर परिसरों की सामाजिक प्रासंगिकता बढ़ेगी और युवाओं को एक सकारात्मक व अध्ययनशील वातावरण मिलेगा। उन्होंने न्यास अध्यक्ष डॉ रणवीर नन्दन से इस जनहितकारी प्रस्ताव पर शीघ्र राज्यस्तरीय योजना स्वीकृत करने का आग्रह किया।

# रानी कमलापति, जबलपुर से गया के लिए चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु रानी कमलापति-गया एवं जबलपुर-गया के मध्य पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी संख्या 01661/01662 रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति स्पेशल-गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-गया पितृपक्ष स्पेशल रानी कमलापति से 27.09.2026, 02.10.2026 एवं 07.10.2026 को 15.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.10 बजे डीडीयू रुकते हुए 14.30 बजे गया पहुंचेगी।

# जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने और फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए बिहार भूमि पोर्टल पर संदेश अलर्ट की सुविधा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में जमीन के मालिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब उनकी जमीन के रिकॉर्ड में होने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाई की जानकारी मोबाइल पर संदेश के जरिए मिल सकेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जमीन से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने और फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए बिहार भूमि पोर्टल पर संदेश अलर्ट की सुविधा शुरू की है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए भू-धारी अपनी जमाबंदी या संबंधित भूखंड के रिकॉर्ड से मोबाइल नंबर जोड़ सकते हैं। मोबाइल नंबर का सत्यापन एक बार मिलने वाले पासवर्ड के जरिए किया जाएगा। सत्यापन पूरा होते ही संदेश अलर्ट की सुविधा सक्रिय हो जाएगी। जमीन के दाखिल-खारिज की प्रक्रिया शुरू होने से लेकर उसके पूरा होने तक की जानकारी भू-धारी को मोबाइल पर मिल सकेगी। इसके अलावा भूमि रिकॉर्ड में सुधार से जुड़ी प्रक्रिया शुरू होने और उसके निपटारे की सूचना भी संदेश के माध्यम से दी जाएगी। इससे जमीन मालिकों को अपने रिकॉर्ड में होने वाली गतिविधियों की जानकारी समय पर मिल सकेगी और किसी अनधिकृत बदलाव की स्थिति में वे जल्द कार्रवाई कर सकेंगे।

# संपादकीय

## ईओएस-5 की सफलता- अंतरिक्ष विज्ञान में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ता भारत

राजनीतिक बदलावों के बावजूद अंतरिक्ष कार्यक्रमों में बनी नीतिगत निरंतरता ने इसरो को दुनिया की विश्वसनीय एजंसियों में स्थापित किया है। मगर सफलता का उत्सव भविष्य की चुनौतियों को ढक नहीं सकता। वैश्विक अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा तेजी से बदल रही है। इसमें केवल पुरानी उपलब्धियों के भरोसे आगे बढ़ना संभव नहीं। अंतरिक्ष में हासिल की गई कोई भी सफलता विज्ञान की उपलब्धि होने के साथ-साथ एक राष्ट्र की दूरदृष्टि, संस्थागत क्षमता और भविष्य को लेकर उसके आत्मविश्वास को भी परिलक्षित करती है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा ईओएस-5 का सफल प्रक्षेपण इसी अर्थ में खास है। भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होने वाले देश के पहले 'इमेजिंग' उपग्रह की सफलता ने फिर यह साबित किया है कि भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला देश नहीं, बल्कि नई क्षमताओं के साथ आगे बढ़ने वाली शक्ति बन रहा है। यह उपलब्धि महज एक उपग्रह को अंतरिक्ष में पहुंचाने तक सीमित नहीं है।यह मौसम पूर्वानुमान, प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी, कृषि नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, समुद्री गतिविधियों और राष्ट्रीय सुरक्षा तक के मामले में व्यापक स्तर पर उपयोगी साबित होगी। अंतरिक्ष विज्ञान का संबंध अब नागरिक जीवन, आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ चुका है। इसलिए ईओएस-5 की सफलता को भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। सीमित संसाधनों के बावजूद इसरो के वैज्ञानिकों ने अनुशासन, धैर्य और नवाचार के बल पर जो विश्वसनीयता पाई है, वह हमारी अमूल्य राष्ट्रीय पूंजी है। राजनीतिक बदलावों के बावजूद अंतरिक्ष कार्यक्रमों में बनी नीतिगत निरंतरता ने इसरो को दुनिया की विश्वसनीय एजंसियों में स्थापित किया है। मगर सफलता का उत्सव भविष्य की चुनौतियों को ढक नहीं सकता। वैश्विक अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा तेजी से बदल रही है। इसमें केवल पुरानी उपलब्धियों के भरोसे आगे बढ़ना संभव नहीं।सरकार का दायित्व सफल प्रक्षेपणों पर वैज्ञानिकों को बधाई देने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसरो को पर्याप्त संसाधन, अत्याधुनिक सुविधाएं, स्थायी वित्तीय समर्थन और युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं को आकर्षित करने वाली नीति चाहिए।निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के बीच यह भी ध्यान रखना होगा कि इससे इसरो की वैज्ञानिक क्षमता और संस्था के रूप में उसकी अहमियत कहीं से भी कमजोर न पड़े। विज्ञान पर किया गया निवेश खर्च नहीं, भविष्य की भरोसेमंद पूंजी है। इसरो की मजबूती दरअसल उस भारत की मजबूती है, जो धरती की जरूरतों को समझते हुए अंतरिक्ष में अपना भविष्य तलाश रहा है।

**पश्चिम बंगाल में शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख शैक्षणिक प्रकल्प विद्या भारती के कम से कम एक हजार नए विद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की घोषणा नहीं है, बल्कि इसे राज्य की शिक्षा-दृष्टि में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। 4 सितंबर 2026 को सामने आई इस घोषणा के अनुसार अगले एक वर्ष में राज्य के प्रत्येक जिले, नगरपालिका और पंचायत तक विद्या भारती के विद्यालयों का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में पश्चिम बंगाल में विद्या भारती से जुड़े 313 विद्यालय संचालित होने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने विद्या भारती के नेतृत्व को राज्य सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर इस योजना को आगे बढ़ाने का भी निमंत्रण दिया है।**

# बंगाल में भारतीय शिक्षा-दृष्टि को बल देने की अनुकरणीय घोषणा

(ललित गर्ग )

विद्यालय खोलना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन अच्छे शिक्षक, प्रशिक्षित प्रधानाचार्य, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं, डिजिटल संसाधन और गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना कहीं अधिक कठिन कार्य है। इसलिए इस पहल की सफलता संख्या से नहीं, शिक्षा की गुणवत्ता से मापी जानी चाहिए।

पश्चिम बंगाल में शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख शैक्षणिक प्रकल्प विद्या भारती के कम से कम एक हजार नए विद्यालय स्थापित करने का लक्ष्य केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की घोषणा नहीं है, बल्कि इसे राज्य की शिक्षा-दृष्टि में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। 4 सितंबर 2026 को सामने आई इस घोषणा के अनुसार अगले एक वर्ष में राज्य के प्रत्येक जिले, नगरपालिका और पंचायत तक विद्या भारती के विद्यालयों का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में पश्चिम बंगाल में विद्या भारती से जुड़े 313 विद्यालय संचालित होने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने विद्या भारती के नेतृत्व को राज्य सचिवालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर इस योजना को आगे बढ़ाने का भी निमंत्रण दिया है। यह घोषणा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विद्या भारती आज देश के सबसे बड़े स्वैच्छिक शिक्षा-उपक्रमों में से एक है। विद्या भारती के अपने उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उसका नेटवर्क देशभर में 12,500 से अधिक विद्यालयों तक फैला हुआ है और इनमें 35 लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उसके विद्यालय पूर्व-प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्रदान करते हैं तथा खेल, संगीत, कला, विज्ञान, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे क्षेत्रों को भी शिक्षा का हिस्सा मानते हैं। हाल के समाचारों में देशभर में 12,000 से अधिक विद्यालयों और लगभग 10,000 बाल संस्कार केंद्रों का उल्लेख भी हुआ है। आंकड़ों में अंतर अलग-अलग वर्षों और संस्थागत गणना-पद्धतियों के कारण हो सकता है, लेकिन इससे विद्या भारती के व्यापक शैक्षिक विस्तार की तस्वीर स्पष्ट होती है।

विद्या भारती की विशेषता केवल यह नहीं है कि वह विद्यालयों की एक बड़ी श्रृंखला संचालित करती है। उसकी मूल अवधारणा शिक्षा को ज्ञान, संस्कार, चरित्र, राष्ट्रबोध और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने की है। संस्था स्वयं अपने उद्देश्य में भारतीय मूल्यों और संस्कृति पर आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रभावना, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रमुखता देती है। ग्रामीण, जनजातीय, सीमावर्ती और अपेक्षाकृत वंचित क्षेत्रों में शिक्षा का विस्तार भी उसके घोषित उद्देश्यों का हिस्सा है। यहीं से पश्चिम बंगाल की नई पहल का व्यापक महत्व सामने आता है। बंगाल भारत की सांस्कृतिक चेतना का एक अत्यंत समृद्ध केंद्र रहा है। रामकृष्ण परमहंस,



स्वामी विवेकानंद, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, रवींद्रनाथ ठाकुर, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय और अनेक महापुरुषों ने भारतीय चिंतन, शिक्षा, साहित्य और राष्ट्रचेतना को नई दिशा दी। इसलिए बंगाल की शिक्षा व्यवस्था में भारतीय ज्ञान, संस्कृति, मातृभाषा, स्थानीय इतिहास और राष्ट्रीय दायित्व को उचित स्थान देना किसी राजनीतिक आग्रह से अधिक व्यापक सांस्कृतिक आवश्यकता के रूप में देखा जा सकता है। इतिहासकिताबें खोजें

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी इसी दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रावधान करती है। नीति का उद्देश्य विद्यार्थी में भारतीय होने के प्रति गहरी आत्मगौरव भावना विकसित करने के साथ ज्ञान, कौशल, मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता का विकास करना है। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा से जोड़ने की बात करती है। इसमें भारतीय ज्ञान प्रणालियों, जनजातीय ज्ञान, पारंपरिक सीखने की पद्धतियों, योग, दर्शन, साहित्य, कृषि, वास्तुकला, चिकित्सा, खेल और अन्य भारतीय योगदानों को वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक ढंग से पाठ्यक्रम में स्थान देने की बात कही गई है। नीति यह भी कहती है कि पाठ्यचर्या भारतीय और स्थानीय संदर्भ, संस्कृति, परंपरा, भाषा, भूगोल तथा ज्ञान-परंपराओं से जुड़ी होनी चाहिए। इस दृष्टि से देखें तो विद्या भारती का शैक्षिक प्रयोग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनेक लक्ष्य एक-दूसरे के पूरक दिखाई देते हैं। अंतर यह है कि नीति एक राष्ट्रीय नीति-ढांचा उपलब्ध कराती है, जबकि विद्या भारती जैसा सामाजिक संगठन लंबे समय से विद्यालय स्तर पर मूल्याधारित शिक्षा का अपना प्रयोग करता आया है। इसलिए यदि पश्चिम बंगाल सरकार इस विस्तार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण, आधुनिक विज्ञान, तकनीक, डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास और संवैधानिक मूल्यों के साथ जोड़ती है तो इसका प्रभाव केवल नए विद्यालय खोलने तक सीमित नहीं रहेगा।

विद्यालय खोलना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन अच्छे शिक्षक, प्रशिक्षित प्रधानाचार्य, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं, डिजिटल संसाधन और गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना कहीं अधिक कठिन कार्य है। इसलिए इस पहल की सफलता संख्या से नहीं, शिक्षा की गुणवत्ता से मापी जानी चाहिए। यदि नए विद्यालय केवल भवन बनकर रह गए तो लक्ष्य अधूरा होगा; यदि वे अच्छे शिक्षक और अच्छे नागरिक बनाने के केंद्र बनते हैं, तभी यह पहल ऐतिहासिक सिद्ध होगी। यहीं स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। देश के अनेक सरकारी विद्यालय संसाधनों की कमी, शिक्षक-अभाव, आधारभूत सुविधाओं की कमजोरी, तकनीकी पिछड़ेपन और स्थानीय सहभागिता की कमी जैसी समस्याओं से जूझते रहे हैं। सरकार अकेले प्रत्येक विद्यालय की हर आवश्यकता पूरी करे, यह व्यावहारिक रूप से कठिन है। ऐसे में सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं को सरकार के प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि सहयोगी के रूप में देखा जाना चाहिए। विद्या भारती के विस्तार के साथ यह सहयोग एक नया मॉडल विकसित कर सकता है-सरकार आधारभूत संरचना और नियामक सहयोग दे, स्वयंसेवी संगठन शैक्षिक नवाचार, शिक्षक प्रशिक्षण, सामुदायिक भागीदारी और मूल्याधारित कार्यक्रमों में योगदान करें तथा स्थानीय समाज विद्यालय को अपना संस्थान समझकर उसके विकास में सहभागी बने। विद्या भारती के विस्तार के साथ यदि व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण अभियान चलाया जाए, जिसमें भारतीय दर्शन के साथ आधुनिक शिक्षाशास्त्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल तकनीक, मनोविज्ञान, कौशल शिक्षा और नई मूल्यांकन पद्धतियां शामिल हों, तो यह पूरे देश के लिए अनुकरणीय मॉडल बन सकता है।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना जैसे क्षेत्रों में विशेष विस्तार की बात भी कही है और वहां राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को लेकर चिंता व्यक्त की है। इन राजनीतिक आरोपों से अलग शिक्षा की दृष्टि से मूल प्रश्न यह है कि संवेदनशील और सामाजिक रूप से विविध क्षेत्रों में विद्यालय नागरिकता-बोध, संवैधानिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, वैज्ञानिक सोच और राष्ट्रीय एकता को कितना मजबूत कर सकते हैं। शिक्षा का सर्वोत्तम उत्तर किसी समुदाय के विरुद्ध अविश्वास पैदा करना नहीं, बल्कि हर बच्चे में जिम्मेदार और जागरूक भारतीय नागरिकता का निर्माण करना है। वंदे मातरम्, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभावना जैसे विषयों को लेकर मुख्यमंत्री के वक्तव्य ने बहस को राजनीतिक आयाम जरूर दिया है। लेकिन दीर्घकालीन दृष्टि से आवश्यकता ऐसी शिक्षा की है जिसमें राष्ट्रप्रेम स्वाभाविक संस्कार बने, आदेश या भय का विषय नहीं। पश्चिम बंगाल की यह पहल इसलिए संपूर्ण राष्ट्र के लिए भी एक महत्वपूर्ण सबक या प्रेरणा है कि शिक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकती।

# बच्चों की मौत का जिम्मेदार कौन?

(डॉ. रमेश ठाकुर )

हादसे की जिम्मेदारी शायद ही कोई ले? क्योंकि ऐसे हादसे दिल्ली में समय-समय पर होते रहे हैं। कुछ महीनों पहले ही एक अवैध होटल में आग लगने से विदेशी सहित कई लोग जलकर खाक हुए थे। बिल्डिंगों का गिरना तो दिल्ली में आम हो चुका है। दिल्ली में अवैध कॉलोनियों की भरमार है।

मानवीय हिमाकतों के चलते दिल्ली में और एक बड़ी दर्दनाक घटना घट गई। सत्य निकेतन के मोतीनगर स्थिति एक सालों पुरानी जर्जर हालत की बिल्डिंग मौत बनकर रिमझिम बारिश में भरभराकर गिर पड़ी। घटना की सूचना पाकर पहुंचे बच्चों के परिजनों की चीखें कलेजा फाड़ रही हैं। परिजन बिलख रहे हैं,मांए बदहवास और बेसुध हैं। स्थानीय पुलिस और हुकुमती अधिकारियों का घटनास्थल पर जमघट लगा है। राहत-बचाव कार्य जारी है। घायल बच्चे एम्स के ट्रामा सेंटर भिजवाए जा रहे हैं। लेकिन वहां से कुछ बच्चों के ना रहने की सूचनाएं हर किसी को झकझोर रही हैं। बिल्डिंग में रहने वाले बच्चे तकरीबन बाहरी प्रदेशों के थे। वह अपना उज्जवल भविष्य बनाने की चाह लेकर शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे थे। पर, उन्हें क्या पता हादसों का रूप ले चुकी दिल्ली उनकी जान लील लेगी। पढ़ने वाले बच्चों के साथ दिल्ली में आए दिन कोई न कोई हादसा होता ही रहता है। राजेंद्र नगर स्थिति कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में पानी भरने से हुई बच्चों की मौत को शायद ही कोई भूल पाया हो। मुखर्जी नगर की कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना को याद करके भी रोंगटे खड़े होते हैं।

इस तरह की प्रत्येक घटनाओं पर जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं का हमेशा से एक ही बयान होता है। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे, सख्त कार्रवाई होगी? इसके अलावा मृतकों के परिजनों को मुआवजा और घायलों की इलाज कराकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है और जब तक मीडिया में घटना की चर्चाएं होंगी, कार्रवाई के नाम पर सरकारी डंडा पीटा जाता रहेगा। शोर जैसे ही शांत होगा। जांच-पड़ताल ठंडे बस्ते में चली जाएंगी। जमीदोज हुई बिल्डिंग में ज्यादातर विश्वविधायल में पढ़ने वाले और सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले मात्र 20-22 आयु के बच्चे रहते थे। मालिक ने बिल्डिंग को करीब 30 सालों से पीजी के लिए किसी अन्य को किराए पर दिया हुआ था। बिल्डिंग मानकों के एकदम विरुद्ध निर्मित हुई थी। क्षेत्रफल मात्र 55 गज का था जिसमें 30 कमरे बना रखे थे। बिल्डिंग 40 से 45 साल पुरानी बताई जाती है। जबकि, देखने में इससे भी कहीं पुरानी लगती थी। मालिक पर मुकदमा हुआ है। एकाध महीने बाद उसे जमानत मिल जाएगी। उसी जगह पर फिर से दूसरी बिल्डिंग तान दी जाएगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में बने पीजी को लेकर 'इंडियन जियोटेक्निकल कॉन्फ्रेस' ने कुछ वर्ष पहले एक रिसर्च किया था जिसमें पाया था कि 85 फीसदी पीजी बच्चों के रहने के लायक नहीं हैं। इस तरह की रिसर्च रिपोर्ट को भी हुकूमतों ने दरकिनार किया। हादसे का शिकार हुई बिल्डिंग के निर्माण में घोर मानवीय हिमाकत का तांडव किया गया था। दिल्ली नगर निगम से लेकर, पुलिस, फायर ब्रिगेड और सरकार के अधिकारियों ने घूस खाया। घटनास्थल साउथ दिल्ली का सत्य निकेतन क्षेत्र है जिसे डूब या निचला-धरातल क्षेत्र भी कहते हैं। वहां बिल्डिंग बनाने की मात्र ढाई मंजिला इजाजत होती है। पर, अधिकारियों ने घूस खाकर पांच मंजिला तक बनवा दिया। दिल दहला देने वाले हादसे को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि बिल्डिंग में अवैध निर्माण होता रहा और जिम्मेदार लोग आंख मूंदकर तमाशबीन बने रहे। इतना ही नहीं, करीब 40 साल पुरानी इस बिल्डिंग में बारिश के दौरान हर साल बेसमेंट जलमग्न हो जाता था, जिससे इसकी नींव कमजोर होती गई और इस साल बजन नहीं सहन कर पाई जिससे भराभरकर ढह गई।

हादसे की जिम्मेदारी शायद ही कोई ले? क्योंकि ऐसे हादसे दिल्ली में समय-समय पर होते रहे हैं। कुछ महीनों पहले ही एक अवैध होटल में आग लगने से विदेशी सहित कई लोग जलकर खाक हुए थे। बिल्डिंगों का गिरना तो दिल्ली में आम हो चुका है। दिल्ली में अवैध कॉलोनियों की भरमार है। कहने को तो अवैध हैं लेकिन अधिकारी घूस लेकर उसे चंद मिनटों में वैध कर देते हैं। दिल्ली में इस समय करीब 1731 अवैध कॉलोनियां और 650 से लेकर 675 झुग्गी झोपड़ियां हैं जिनमें ज्यादातर किराएदार ही रहते हैं। दिल्ली ऐसा शहर है जहां देश के सभी प्रांतों के लोग रोजी रोटी कमाने आते हैं। शिक्षा का हब भी दिल्ली है। जहां सिविल सेवा की तैयारियां करने बच्चे दूर-दराज से पहुंचते हैं। 5 लाख बच्चे सालाना सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी करने दिल्ली के मुखर्जी नगर आते हैं, रहने के लिए उन्हें पीजी चाहिए होता है। ऐसे में बच्चे सस्ता पीजी खोजते हैं, लेकिन उन्हें क्या पता सस्ता घर उनकी जान ले लेगा? वहीं, करीब 15 लाख बच्चे अन्य प्रदेशों के दिल्ली के विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत हैं।

# बदलते मौसम चक्र में राहत की उम्मीद, अल नीनो के असर को संतुलित कर सकती है अटलांटिक नीना

**इनके स्वरूप और प्रभावों का अध्ययन करने पर पता चला कि इनका संबंध वैश्विक जलवायु और बढ़ते तापमान से भी है। हालांकि इनके नाम प्रशांत महासागर में होने वाली 'अल-नीनो' और 'ला-नीना' से मिलते-जुलते हैं, लेकिन दोनों को एक ही मानना उचित नहीं है। अटलांटिक नीनो और नीना भू-मध्यरेखीय अटलांटिक महासागर में होने वाली परस्पर विपरीत जलवायु घटनाएं हैं। अटलांटिक नीनो की स्थिति तब बनती है, जब भू-मध्यरेखीय अटलांटिक का समुद्री जल सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है।**

(राजेंद्र दीक्षित)

अटलांटिक नीनो और नीना भू-मध्यरेखीय अटलांटिक महासागर में होने वाली परस्पर विपरीत जलवायु घटनाएं हैं। प्रकृति ने अपने भीतर न जाने कितने ऐसे रहस्य छिपा रखे हैं, जिनकी परतें विज्ञान धीरे-धीरे खोल रहा है। जब भी कोई नई प्राकृतिक घटना सामने आती है, मनुष्य को अपने सीमित ज्ञान का एहसास होता है। भू-विज्ञान, मौसम विज्ञान और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ जानना, समझना और सीखना बाकी है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के बीच मौसम की अनिश्चितता ने वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ाई है। ऐसे समय में जब अल नीनो के कारण कमजोर और अनियमित मानसून की आशंका जताई जा रही थी कि इसी बीच अटलांटिक नीना की सक्रियता ने कुछ राहत की उम्मीद जगाई।

अटलांटिक नीनो और नीना अपेक्षाकृत नई समझी जाने वाली जलवायु घटनाएं हैं। प्रारंभ में इनके अस्तित्व ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया था। इनके स्वरूप और प्रभावों का अध्ययन करने पर पता चला कि इनका संबंध वैश्विक जलवायु और बढ़ते तापमान से भी है। हालांकि इनके नाम प्रशांत महासागर में होने वाली 'अल-नीनो' और 'ला-नीना' से मिलते-जुलते हैं, लेकिन दोनों को एक ही मानना उचित नहीं है।

अटलांटिक नीनो और नीना भू-मध्यरेखीय अटलांटिक महासागर में होने वाली परस्पर विपरीत जलवायु घटनाएं हैं। अटलांटिक नीनो की स्थिति तब बनती है, जब भू-मध्यरेखीय अटलांटिक का समुद्री जल सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है। इसके विपरीत, अटलांटिक नीना के दौरान समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से कम हो जाता है। अटलांटिक नीनो के समय पूर्वी हवाएं कमजोर पड़ती हैं, जबकि अटलांटिक नीना में ये हवाएं अपेक्षाकृत मजबूत हो जाती हैं। तेज हवाएं समुद्र की गहराई से ठंडे पानी को ऊपर लाने में मदद करती हैं। इन दोनों घटनाओं का वर्षा और मौसम पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

अटलांटिक नीनो उष्णकटिबंधीय अटलांटिक क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वर्षा बढ़ा सकता है। इसके विपरीत, अटलांटिक नीना की स्थिति में वर्षा का स्वरूप बदल जाता है। अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में कम वर्षा और गिनी की खाड़ी के आसपास अपेक्षाकृत अधिक वर्षा जैसी स्थितियों के पीछे समुद्री तापमान और वायुमंडलीय परिसंचरण में होने वाले बदलाव महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



वैज्ञानिकों के लिए यह तथ्य विशेष रूप से अहम रहा कि वैश्विक ताप लगातार बढ़ने के बावजूद कभी-कभी अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत महासागर के भू-मध्यरेखीय क्षेत्रों में एक साथ ठंडक दिखाई देती है। ऐसी स्थिति का संबंध ला नीना और अटलांटिक नीना जैसी घटनाओं से हो सकता है। ये दोनों घटनाएं समुद्र और वायुमंडल के बीच होने वाली जटिल पारस्परिक क्रिया को समझने में महत्त्वपूर्ण संकेत देती हैं। जुलाई और अगस्त 2024 में उत्तरी अटलांटिक महासागर में लंबे समय से जारी असाधारण गर्मी के बीच भू-मध्यरेखीय अटलांटिक क्षेत्र में ठंडक दिखाई दी।

यह स्थिति इसलिए भी उल्लेखनीय थी, क्योंकि जून के प्रारंभ में समुद्र की सतह का तापमान काफी अधिक था। इसके बाद अटलांटिक नीना के विकसित होने के संकेत मिलने लगे। इसी अवधि में पूर्वी प्रशांत महासागर में भू-मध्यरेखा के निकट समुद्री जल भी ठंडा हो रहा था। प्रशांत क्षेत्र में ला नीना के विकसित होने की संभावना सामान्य तौर पर अक्तूबर या नवंबर के आसपास मानी जा रही थी, लेकिन इसके संकेत अपेक्षाकृत पहले दिखाई देने लगे।

इन घटनाओं को समझने के लिए वैज्ञानिक वायुमंडलीय परिसंचरण के कई संकेतकों का अध्ययन करते हैं। इनमें 'वेग विभव' भी महत्त्वपूर्ण है। इसके माध्यम से यह समझने में सहायता मिलती है कि बड़े क्षेत्र में वायु कहां ऊपर उठ रही है और कहां नीचे उतर रही है। नीचे उतरती वायु सामान्यत~ वातावरण को स्थिर बनाती है। इससे बादलों का निर्माण और उष्णकटिबंधीय तूफानों की गतिविधि कम हो सकती है। इसके विपरीत, ऊपर उठती वायु अधिक बादल और वर्षा के साथ उष्णकटिबंधीय तूफानी गतिविधियों को बढ़ावा दे सकती है। समुद्र की सतह का तापमान और वायुमंडलीय दबाव इन प्रक्रियाओं से गहराई से जुड़े होते हैं।

पिछले चार दशकों के आंकड़ों का अध्ययन करने पर यह संकेत मिला है कि अटलांटिक नीना की सक्रियता के दौरान अपेक्षाकृत उच्च वायुदाब चक्रवातों की संख्या और उनके तट तक पहुंचने की संभावनाओं को प्रभावित कर सकता है। इसके विपरीत, अटलांटिक नीनो अफ्रीकी पूर्वी तरंग गतिविधि और निम्नस्तरीय चक्रवाती परिसंचरण को मजबूत करता है। ऐसी परिस्थितियां केप वर्डे द्वीपसमूह के आसपास गहरे उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में शक्तिशाली तूफानों के विकसित होने की संभावना बढ़ाती हैं।

अटलांटिक नीना का प्रभाव केवल तत्काल मौसम तक सीमित नहीं रहता। पिछले चार दशकों के अध्ययन यह संकेत देते हैं कि गर्मियों में अटलांटिक की समुद्री स्थितियां आगे आने वाली सर्दियों के मौसम को भी प्रभावित कर सकती हैं। ग्रीष्मकालीन अटलांटिक नीनो के बाद कनाडा और उत्तरी संयुक्त राज्य अमेरिका के ऊपर निम्न वायुदाब की स्थिति बनने की संभावना देखी गई है। इससे ऊपरी वायुमंडल में बहने वाली जेट धाराओं की तीव्रता प्रभावित हो सकती है।

जेट धाराएं ऊपरी वायुमंडल में पश्चिम से पूर्व की ओर बहने वाली तेज और संकरी वायु धाराएं हैं। सामान्यत~ ये लगभग 20,000 से 50,000 फुट की ऊंचाई पर पाई जाती हैं और इनकी गति 120 से 240 किलोमीटर प्रति घंटा या उससे अधिक हो सकती है। ध्रुवीय ठंडी हवा और विषुवतीय गर्म हवा के बीच तापमान तथा वायुदाब में अंतर इनके निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। पृथ्वी के घूर्णन के कारण इन हवाओं की दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर मुड़ जाती है। जेट धाराएं ठंडी और गर्म वायु राशियों को अलग रखने के साथ-साथ मौसम प्रणालियों, तूफानों और चक्रवातों के निर्माण को भी प्रभावित करती हैं।

अब सबसे अहम प्रश्न यह है कि सक्रिय अटलांटिक नीना आने वाले समय में क्या प्रभाव डाल सकती है। समुद्र की सतह के तापमान में गिरावट से विकसित यह जलवायु स्थिति प्रशांत महासागर में सक्रिय अल नीनो के प्रभाव को कुछ हद तक संतुलित कर सकती है। इसका सीधा अर्थ यह नहीं है कि मानसून निश्चित रूप से सामान्य या अत्यधिक अच्छा होगा, लेकिन ये परिस्थितियां कमजोर मानसून की आशंका को

# बाढ़ राहत एवं बचाव को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने की प्रेस वार्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** जिले में गंगा, कोसी,बरांडी एवं कारीकोसी नदियों के जल स्तर में वृद्धि के फलस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।जिसमें कुर्सेला, बरारी, अमदाबाद, तथा मनिहारी अंचलों के अन्तर्गत कुल 38 ग्राम पंचायतों के 238 गाँव एवं 03 नगर पंचायत के 12 वार्डो की कुल- 4,33,623 आबादी के बाढ़ प्रभावित होने की सूचना है।जिला प्रशासन स्थिति की लगातार निगरानी कर रहा है वहीं प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यकतानुसार बचाव एवं राहत कार्य के साथ प्रभावित परिवारों के लिए आवागमन, भोजन, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।उक्त जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने पत्रकारों को दी है।उन्होंने बताया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन एवं आवश्यक सामग्रियों की आवाजाही सुलभ बनाने के लिए कुल 77 नावों का परिचालन किया जा रहा है।बरारी में 25, मनिहारी में 11,अमदाबाद में 10, कुर्सेला में 19,प्राणपुर में 04, मनसाही और कोढा में 03-03 एवं फलका में 02 नावों का परिचालन कराया जा रहा है। वहीं प्रभावित परिवारों के लिए सामुदायिक रसोई केन्द्र के माध्यम से भोजन की व्यवस्था की जा रही है।डीपीआरओ ने बताया कि बरारी अंचल के 32 रसोई केन्द्रों में 49440, कुर्सेला अंचल के 03 रसोई केन्द्रों में 4369, मनिहारी अंचल के 02 रसोई केन्द्रों में 993 तथा अमदाबाद अंचल में चल रहे 22 रसोई केन्द्रों में 26665 को मिलाकर कुल 81467 बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। बाढ़ से प्रभावित नये क्षेत्रों के विस्थापितों एवं जलमग्न घरों में रह रहे परिवारों के लिए में मंगलवार की शाम से बरारी में 21, कुर्सेला में 12, मनिहारी में 32 तथा अमदाबाद में 27 मिलाकर 92 नये अतिरिक्त सामुदायिक रसोई केन्द्रों का प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।वहीं प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की सुविधा के उपलब्ध कराने के लिए बरारी में 05, अमदाबाद में 04, कुर्सेला में 02, मनिहारी में 06 चिकित्सा शिविर संचालित है और 708 हैलोजेन टैबलेट का वितरण किया गया है।जबकि बाढ़ प्रभावित पशुओं के उपचार 05 पशु चिकित्सा शिविर संचालित कर पशु की जा रही है। इन शिविरों के माध्यम से अबतक 472 पशुओं का इलाज किया गया। उन्होंने बताया है कि बाढ़ प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों के बीच अबतक 4060 पॉलीथीन शीट्स का वितरण किया गया जा चुका है वितरण कार्य लगातार जारी है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के क्रम में बरारी अंचल अन्तर्गत 40 चापाकल एवं 30 अस्थायी शौचालय, कुर्सेला अंचल अन्तर्गत 10 चापाकल एवं 10 अस्थायी शौचालय तथा मनिहारी अंचल अन्तर्गत 01 चापाकल एवं 04 अस्थायी शौचालय का अधिष्ठापन किया गया है।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की आपदा संबंधी त्वरित सूचना संग्रहण, समन्वयन एवं सहायता हेतु जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र (सह-नियंत्रण कक्ष) 24 7 के आधार पर पालीवार कार्यरत है। कक्ष में प्राप्त सूचना,शिकायत तथा जानकारी से संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जा रहा है।नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06452-239025, 239026, 242400 या ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से नहीं घबराने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। इस दौरान अनावश्यक रूप से बाढ़ आवागमन न कर आपदा संबंधी सूचना को तत्काल जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र सह-नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क करने की सलाह दी गई है।

## आज नौ घंटे बिजली रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** विद्युत शक्ति उप केंद्र मनसाही में बुधवार नौ सितंबर को सुबह के आठ बजे से लेकर शाम के पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी। विद्युत शक्ति उप केंद्र मनसाही में क्षमता विस्तार हेतु पांच एमबीए पावर ट्रांसफार्मर को दस एमबीए पावर ट्रांसफार्मर में बदला जाएगा। इसको लेकर 33 केवी जो मनिहारी ग्रीड से आती हैं।इसको लेकर मनसाही फीडर को बंद रखा जाएगा। इस दौरान सभी फीडर को दो दिन तक रोटेशन पर चलाया जाएगा,पावर ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से दी जाएगी। इसकी जानकारी विद्युत शक्ति उप केंद्र मनसाही के जूनियर इंजीनियर रोशन कुमार राकेश ने देते हुए बताया कि नौ जून को सुबह के आठ बजे से शाम के पांच तक बिजली सुविधा बंद रहेगी। विद्युत शक्ति उप केंद्र मनसाही में पांच एमबीए पावर ट्रांसफार्मर को बदलकर उनके जगह पर दस एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

## सशक्त स्थायी समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर लगी मुहर : महापौर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को नगर निगम के प्रशाल भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम की महापौर ऊषा देवी अग्रवाल ने की। बैठक में शहर के विकास,आधारभूत संरचना एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण स्वीकृति के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। साथ ही एमआरएफ प्लांट में कंपोस्ट के लिए आरसीसी प्लेटफॉर्म निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति पर चर्चा हुई।इसके अलावा वार्ड संख्या-05 स्थित अनुमंडल कार्यालय परिसर में पीसीसी सड़क एवं पेभर ब्लॉक निर्माण से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव पर भी समिति ने विचार-विमर्श



प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपमहापौर मंजूर खान एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार सहित सशक्त स्थायी समिति के सदस्य बिपीन बिहारी चौबे, जिमी प्रकाश, प्रमोद महतो, आलोक कुमार, नितेश कुमार सिंह, मंजू देवी एवं सलीम अंसारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत पूर्व बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि के साथ हुई। इसके बाद विभागीय पत्र संख्या 2762, दिनांक 10 अगस्त 2026 के आलोक में सड़क वर्गीकरण एवं 27 कोष्ठक दर निर्धारित करने से संबंधित प्रस्ताव पर चर्चा की गई। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि बैठक में उदामारखा स्थित बस पड़ाव एवं एमआरएफ प्लांट के बीच चहारदीवारी निर्माण के लिए प्रशासनिक किया। उन्होंने कहा कि शहर में जलस्रोतों के संरक्षण और जीर्णोद्धार को लेकर सार्वजनिक कुओं एवं पोखरों का नगर निगम के आंतरिक संसाधन से जीर्णोद्धार कराने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सशक्त स्थायी समिति की बैठक में विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा से शहर में सड़क, स्वच्छता, जलस्रोत संरक्षण एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं को गति मिलने की उम्मीद है। बैठक के दौरान नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा का चार दिवसीय बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने तथा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा के लिए आगामी दिनों में विभिन्न जिलों का भ्रमण करेंगे। मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम 10 सितंबर तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान वे मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, खगड़िया और बेगूसराय जिलों में बाढ़ की स्थिति एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के तहत 9 सितंबर बुधवार को सुबह 11 बजे कटिहार जिला अतिथि गृह/समाहरणालय में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित होगी। इसके बाद मंत्री संबंधित बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। दोपहर दो बजे वे कटिहार से खगड़िया के लिए प्रस्थान करेंगे।वहीं 10 सितंबर गुरुवार को खगड़िया में समीक्षा और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के बाद मंत्री बेगूसराय पहुंचेंगे। वहां भी बाढ़ की स्थिति एवं राहत कार्यों की समीक्षा कर शाम में पटना लौटेंगे।मंत्री के दौरे को लेकर संबंधित जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने तथा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गंगा के बढ़ते जलस्तर से सिंगल टोला रेलवे ट्रैक पर मंडराया खतरा

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच मनिहारी के सिंगल टोला रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर खतरा मंडराने लगा है। बाढ़ के पानी के दबाव के बीच सिंगल टोला की ओर से गंगा का पानी रेलवे ट्रैक की तरफ रिसाव होने की स्थिति सामने आई है। इससे रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।स्थिति को देखते हुए रेल प्रशासन अलर्ट मोड में है और लगातार निगरानी रखी जा रही है। पानी के दबाव को नियंत्रित करने और ट्रैक की सुरक्षा के लिए मौके पर जियो बैग लगाकर बचाव कार्य कराया गया है। रेलवे कर्मियों की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है, ताकि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में तत्काल आवश्यक कदम उठाया जा सके।गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण आसपास के निचले इलाकों में भी पानी का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में रेलवे ट्रैक की सुरक्षा प्रशासन और रेल विभाग के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। फिलहाल ट्रैक को सुरक्षित रखने के लिए एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं और स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है।

### एसपी ने सालमारी थानाध्यक्ष को किया पुरस्कृत

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार एसपी परिचय कुमार ने मासिक अपराध गोष्टी में सालमारी थाना अध्यक्ष कुमारी जुली को प्रशस्ती पत्र दे कर सम्मानित करते हुए उनका हौसला बढ़ाये। उन्होंने कहा की सालमारी थाना क्षेत्र स्थित बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में पूरे सावन माह एवं प्रत्येक सोमवारी के साथ साथ श्रावणी पूर्णिमा में लाखों कांवरियों के द्वारा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक जलाभिषेक कराने में सालमारी थाना की पुलिस का सराहनीय योगदान रहा है। इस के लिए थाना अध्यक्ष कुमारी जुली का नेतृत्व सराहनीय रहा है। उनका हौसला बढाते हुए प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। पूरे सावन माह में सुव्यवस्थित तरीके से सफलता पूर्वक जलाभिषेक सम्पन्न कराने में सहयोग किया गया है। दिये गये प्रशस्ती पत्र में कहा गया है की इस क्षेत्र का यह सब से बड़ा आयोजन था। जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है। इस में थाना अध्यक्ष ने सक्रियता, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा से हर स्थिति को शांतिपूर्ण बनाये रखा। इस लग्न और निष्ठा के कारण सावन माह बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार शाखा की बैठक आयोजित

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कटिहार शाखा की प्रबंध समिति की बैठक चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा की अध्यक्षता मेआयोजित की गई। बैठक मे विगत किये गये सेवा कार्यों को विस्तार से बताते हुए सचिव संतोष गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चों के साथ साथ महिलाओं के किये स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है, जल्द ही स्थल का चयन कर तिथि घोषित की जाएगी। डॉक्टर रंजना झा ने कहा कि जिले की ग्रामीण क्षेत्रों के बाढ़ की स्थिति पर नजर रखी जा रही है, जरूरत पड़ने पर राहत सामग्री वितरण भी किया जायेगा।

## गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में डीडीसी नेहा कुमारी ने मंगलवार को मनिहारी प्रखंड के सिंगल टोला पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर संचालित कम्युनिटी किचन की व्यवस्थाओं को देखा और प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पॉलीथिन शीट का वितरण कराया, ताकि बारिश और बाढ़ के बीच लोगों को अस्थायी रूप से



राहत मिल सके। वहीं दूषित पानी से होने वाली समस्याओं को देखते हुए लोगों को स्वच्छ पेयजल के इस्तेमाल को लेकर जागरूक किया गया। पानी को शुद्ध करने के लिए टैबलेट के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया गया कि टैबलेट डालने के बाद करीब दो से ढाई घंटे तक पानी को रखने के बाद ही उसका उपयोग करें। डीडीसी नेहा कुमारी ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों से सतर्क और अलर्ट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि जलस्तर में वृद्धि के बीच किसी भी तरह की परेशानी होने पर स्थानीय प्रशासन को तत्काल सूचना दें। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को प्रभावित परिवारों की जरूरतों पर लगातार नजर रखने और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।मौके पर एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह, सीओ चंदन कुमार, पीएचसी प्रभारी इमरान आलम समेत कई पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिले के प्रभारी सह परिवहन सचिव ने लिया बाढ का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार सरकार के परिवहन सह जिले के प्रभारी सचिव राजकुमार ने मंगलवार को जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत तथा बचाव कार्यों का जायजा लिया। वहीं आवश्यक निर्देश भी दिये।इस दौरान उन्होंने कुरसेला प्रखंड के तीनघरिया पंचायत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्रशासन द्वारा संचालित सामुदायिक रसोई, पशु शिविर, मेडिकल कैंप एवं स्वच्छ पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर संभव राहत



उपलब्ध कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है, किसी भी परिवार को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन को सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों तक त्वरित राहत पहुँचाने एवं जीआर राशि वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ,अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन फिरोज अख्तर सहित अन्य वरीय पदाधिकारी साथ रहे रहें।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वाले लाभुक जल्द बनाएं भवन : रजनीश कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** मंगलवार को नगर पंचायत बारसोई में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर विशेष बैठक की गई। इस संबंध में नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि नगर पंचायत बारसोई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 अंतर्गत स्वीकृत कुल 620 लाभुकों में से अब तक कुल 540 लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 80 लाभुकों द्वारा निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। शेष 80 लाभुको को चेतावनी देते हुए कहा कि विभागीय निदेर्शानुसार सभी लंबित आवास



निर्माण कार्य 30 सितंबर 2026 तक पूर्ण किए जाने का निर्देश प्राप्त है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि वैसे लाभुक जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय किस्त की अनुदान राशि प्राप्त करने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया हैं तथा आवास निर्माण कार्य के प्रति गंभीर नहीं है उनसे राशि वसूली हेतु विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहां की प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के सभी लाभुक 30 सितंबर 2026 से पूर्व अपना आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर जियो टैग करा ले। उक्त अवधि के उपरांत योजना के लाभुको का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा तथा अनुदान के रूप में दिए गए राशि वसूली की जाएगी।

## सांसद प्रतिनिधि ने बाढ़ ग्रस्त इलाके का किया दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव मनसाही प्रखंड के चित्तौड़िया पंचायत के वार्ड संख्या 5,4,3 और एक का अंश भाग साहेबनगर पंचायत के वार्ड संख्या चार और पांच मैं आई बाढ़ का निरीक्षण किया एवं अंचल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सामुदायिक किचन चलाया जाए । इस मौके पर कांग्रेस के मनसाही प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक ने कहा कि बाढ़ की तैयारी पूर्व में की गई तो अब बाढ़ पीड़ित घर वार को छोड़कर बांध पर शरण लिए हैं। सिर्फ नाव पर अपने घर सुबह शाम देखने जाते हैं। अब



तक अंचल प्रशासन के सुखा राशन सहित प्लास्टिक एवं सामुदायिक किचन नहीं चलाया गया हैं। जल्द से जल्द सभी सुविधा बाढ़ पीड़ित के बीच मुहैया कराया जाए। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कमरुल हक वार्ड सदस्य अंसारूल हक, अनिसुर रहमान, चंद्रशेखर पासवान, बैजनाथ सहनी, समाजसेवी खुर्शीद आलम उर्फ टिंकू, मोहम्मद शरीफ, भोला साह आदि उपस्थित थे।

## बोट एंबुलेस के माध्यम से दी जा रही चिकित्सकीय सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तत्परतापूर्वक आवश्यक व्यवस्थासुनिश्चित की जा रही हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल टीमों, वोट एम्बुलेंस के माध्यम से लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य जांच,उपचार एवं दवाओं का वितरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को उनके निकट ही समय पर स्वास्थ्य



सुविधा उपलब्ध हो तथा किसी भी आकस्मिक स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय सहायता मिल सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान कर रही हैं। मोबाइल मेडिकल टीम कुसेर्ला, बरारी, मनिहारी, अमदाबाद एवं अन्य सभी प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों व सरकारी अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट ।** आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर मंगलवार को व्यवहार न्यायालय कटिहार के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा की गई। बैठक में लोक अभियोजक, सहायक लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, सरकारी अधिवक्ता एवं सहायक सरकारी अधिवक्ताओं के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।बैठक में प्रधान जिला जज सह अध्यक्ष रणवीर सिंह ने




उपस्थित अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि न्यायालय में आने वाले पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के आधार पर शीघ्र निष्पादन कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत मामलों के त्वरित एवं सरल समाधान का प्रभावी माध्यम है। बैठक में लोक अभियोजक जगदीश प्रसाद साह, मो. मंजर हुसैन, ब्रह्मदेव प्रसाद यादव, महानंद यादव, जय प्रकाश सिंह सहित सरकारी अधिवक्ता रूपेश कुमार, रामानंद गुप्ता एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## युवा शक्ति के संकल्प से मजबूत होगा संगठन, सशक्त होगा बिहार : जितेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय में युवा शक्ति संपर्क अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह,पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी,प्रदेश मंत्री सीमा झा, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी, सौरभ कुमार



मालाकार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी शामिल रहे। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में कुसेर्ला से लेकर डूमर, गेड़ाबाड़ी आंबेडकर चौक से भाजपा जिला कार्यालय तक युवाओं ने पूरे जोश खरोश के साथ प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन और स्वागत किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने युवाओं की ऊर्जा, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर संवाद किया गया। ओर कहा की युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनकी ऊर्जा, सोच और नेतृत्व क्षमता समाज और देश को नई दिशा देने का सामर्थ्य रखती है। उन्होंने कहा कि आज का युवा सिर्फ भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की ताकत और देश के विकास का मजबूत आधार है। युवाओं को संगठन से जोड़कर उन्हें सामाजिक सरोकार, राष्ट्र सेवा और विकास की दिशा में आगे बढ़ाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। युवा सशक्त होंगे, तो बिहार सशक्त होगा।और युवा शक्ति संगठित होगी, तो राष्ट्र और मजबूत होगा। आइए, युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दें और सशक्त युवा, समृद्ध बिहार एवं विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करें। मंचासीन सभी वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि यह अभियान केवल युवा शक्ति संपर्क का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं की आवाज सुनने, उनके विचारों को समझने और उनकी आकांक्षाओं को संगठन एवं समाज के व्यापक मंच से जोड़ने का प्रयास है। आज का युवा अवसर चाहता है, अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का मंच चाहता है और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाना चाहता है। ऐसे में युवाओं के साथ संवाद, सहभागिता और नेतृत्व को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। युवा आगे बढ़ेंगे, तो समाज आगे बढ़ेगा। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला के महामंत्री जोक्शन यादव, सोनू सिन्हा, सहित सभी पदाधिकारी सभी 34 मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता युवा शक्ति संपर्क अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने का कार्य किया।

संक्षिप्त समाचार

## आईसीआईसीआई लोम्बार्ड पर आईआरडीएआई का बड़ा एक्शन, बीमा नियामक ने ठोका 1 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कई सारी बीमा कंपनियां हैं, जो अपने ग्राहकों को कई प्रकार की इंश्योरेंस सुविधा देती हैं। इनमें लाइफ इंश्योरेंस, कार इंश्योरेंस, फैमली का इंश्योरेंस, मेडिकल इंश्योरेंस आदि शामिल हैं। ये सभी कंपनियों को बीमा नियामक के नियमों का पालन करना होता है। इस बीच देश की बड़ी बीमा कंपनियों में से एक लोम्बार्ड को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। लोम्बार्ड देश में प्राइवेट सेक्टर की एक बीमा कंपनी है। इसपर बीमा नियामक इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला। मिली जानकारी के अनुसार, इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। बीमा नियामक के द्वारा यह कार्रवाई 2019 में की गई जांच के दौरान आउटसोर्सिंग प्रैक्टिस, वेंडर मैनेजमेंट और कॉर्पोरेट गवर्नेंस में कमियों की वजह से की गई है। जानकारी के मुताबिक, यह जुर्माना इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 'सेल्स मार्केटिंग और बिजनेस सपोर्ट' के तहत किए गए पेमेंट से जुड़ा है। बताया गया कि स्न्ड्ड19 के दौरान लोम्बार्ड ने इस मद में 709.57 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जिसमें से कंपनी का कहना था कि लगभग 35-37 करोड़ रुपये दूसरी इंश्योरेंस कंपनियों के व्यक्तिगत एजेंटों को दिए गए थे। कंपनी ने इवेंट मैनेजमेंट गतिविधियों के लिए दूसरी इंश्योरेंस कंपनियों के एजेंटों का इस्तेमाल किया। पर्याप्त सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट्स के और इन गतिविधियों को आउटसोर्स की गई गतिविधियों के तौर पर क्लासिफाई करने या आउटसोर्सिंग रिटर्न में इनकी रिपोर्ट करने में नाकाम रही। इवेंट मैनेजमेंट सेवाओं को आउटसोर्स गतिविधि के तौर पर क्लासिफाई न करके, कंपनी इन खर्चों की रिपोर्ट आउटसोर्सिंग रिटर्न में करने में नाकाम रही।

## रुपया बॉन्ड मार्केट में वापसी करने जा रहे मुकेश अंबानी, रिलायंस देगी सालाना 7.47 प्रतिशत ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के दूसरे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लगभग तीन साल बाद देश के रुपया बॉन्ड मार्केट में वापसी करने जा रही है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी पांच साल के बॉन्ड बेचकर 12,500 करोड़ रुपये (1.32 अरब डॉलर) जुटाने की योजना बना रही है। यह रिलायंस का नवंबर 2023 के बाद पहला रुपया बॉन्ड ऑफर होगा। तब कंपनी ने 200 अरब रुपये जुटाए थे, जो किसी भारतीय नॉन-फाइनेंशियल कंपनी की सबसे बड़ी लोकल करेंसी डेट सेल थी। रिपोर्ट में पांच मर्चेंट बैंकरों के हवाले से यह दावा किया गया है। बैंकरों के



मुताबिक रिलायंस पांच साल के बॉन्ड बेचकर 12,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना पर काम कर रही है। इस पर सालाना कूपन यानी वार्षिक ब्याज 7.47 प्रतिशत होगा। कंपनी अगले हफ्ते निवेशकों से बोलियां मंगाएगी। कंपनी ने इस बारे में भेजे गए ईमेल का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। बैंकरों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर पांच साल तक के बॉन्ड पर यील्ड में भारी गिरावट के कारण इस तरह से फंड जुटाना डॉलर में कर्ज लेने की तुलना में सस्ता हो गया है। जून की शुरुआत से पांच साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड में 33 बेसिस पॉइंट की गिरावट आई है। इसकी मुख्य वजह यह है कि आरबीआई की सब्सिडाइज्ड योजनाओं में भारी मात्रा में डॉलर आया है। नॉन-रेजिडेंट डॉलर डिपॉजिट स्कीम के तहत आई रकम ने स्थानीय यील्ड को नीचे गिरा दिया, जबकि अमेरिकी ट्रेजरी दरों में बढ़ोतरी ने भारतीय कंपनियों के लिए डॉलर में फंड जुटाने की लागत बढ़ा दी।

# सिर्फ जीडीपी से काम नहीं चलेगा' यूएन के दिग्गजों ने बताए देश की तरक्की मापने के 31 पॉइंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में जीडीपी के आंकड़ों को लेकर जारी बहस के बीच संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषज्ञ समिति ने देश की प्रगति को मापने के लिए जीडीपी से आगे बढ़ने की जरूरत बताई है। बिजनेस टुडे के मुताबिक यूएन की ओर से गठित हाई-लेवल एक्सपर्ट ग्रुप ऑन बियॉन्ड जीडीपी ने मई 2026 में अपनी रिपोर्ट पेश की थी। इसमें दुनिया के देशों की प्रगति और लोगों की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए 31 संकेतकों वाला एक नया फ्रेमवर्क सुझाया गया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय से जीडीपी और उसकी वृद्धि दर को किसी देश की प्रगति मापने का सबसे अहम पैमाना माना जाता रहा है। हालांकि, जीडीपी बढ़ने के बावजूद कई देशों में असमानता, पर्यावरणीय नुकसान और सरकारी संस्थानों पर घटता भरोसा जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। इसलिए किसी देश की वास्तविक प्रगति को मापने के लिए सिर्फ आर्थिक वृद्धि पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। इसका उद्देश्य यह देखना है कि आर्थिक और सामाजिक प्रगति का फायदा समाज के अलग-अलग वर्गों तक किस हद तक पहुंच रहा है। चौथा हिस्सा स्थिरता और लचीलापन है। इसके जरिए



यह समझने की कोशिश की जाएगी कि मौजूदा विकास लंबे समय तक टिकाऊ है या नहीं और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए समाज कितना तैयार है। भारत जीडीपी के आकलन को बेहतर बनाने के लिए चेन-बेस्ड इंडेक्स सिस्टम की दिशा में भी आगे बढ़ने पर विचार कर रहा है। इस व्यवस्था में हर साल अलग-अलग क्षेत्रों के में बदलाव किया जा सकता है, जिससे अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन की बदलती संरचना को ज्यादा सटीक तरीके से दर्ज किया जा सकेगा। इसी तरह, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की गणना के लिए भी चेन-बेस्ड पद्धति अपनाने का प्रस्ताव दिया था।

### 4 हिस्सों में बांटे गए 31 संकेतक

यूएन विशेषज्ञ समूह ने 31 संकेतकों को चार प्रमुख हिस्सों में बांटा है। पहला हिस्सा बुनियादी सिद्धांतों से जुड़ा है। इसमें शांति, मानवाधिकार और पर्यावरण के प्रति सम्मान को शामिल किया गया है। इसमें लोगों के रोजमर्रा के जीवन से जुड़े कई पहलुओं को शामिल किया गया है। इनमें आय और काम की स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, जीवन से संतुष्टि, सामाजिक एकजुटता, संस्थानों की गुणवत्ता और पर्यावरण की स्थिति जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### 'प्रगति का मतलब सिर्फ जीडीपी ग्रोथ नहीं'

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पूरे फ्रेमवर्क के केंद्र में लोगों और धरती का कल्याण है। विशेषज्ञ समूह के मुताबिक प्रगति का मतलब ऐसी समतापूर्ण, समावेशी और टिकाऊ खुशहाली है, जो आज के साथ-साथ भविष्य के लिए भी बेहतर स्थिति तैयार करे। इस पैनल का गठन यूएन महासचिव ने मई 2025 में किया था।

### भारत में अभी शुरुआती चरण में चर्चा

रिपोर्ट को लेकर भारत के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यह रिपोर्ट अभी हाल में आई है और सरकार ने इसका संज्ञान लिया है। फिलहाल इस पर किसी तरह का काम शुरू करना जल्दबाजी होगी।

# अमेरिका की जगह वेनेजुएला और नाइजीरिया के बदले ब्राजील, लेकिन अंगद के पैर की तरह जमा है रूस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरवरी में ईरान युद्ध शुरू होने के कारण होर्मुज स्ट्रेट से ऑयल की सप्लाई बंद हो गई थी। इससे भारत ने कच्चे तेल के लिए नए स्रोतों का रुख किया। दुनिया के कई देशों से तेल का आयात किया जा रहा है। लेकिन सप्लायर बढ़ने के बावजूद रूस सबसे बड़ा सप्लायर बना हुआ है। साथ ही दूसरे टॉप सप्लायर्स की स्थिति में भी कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला।



ईटी की एक रिपोर्ट में एनालिटिक्स फर्म के डेटा के हवाले से बताया गया है कि मार्च और अगस्त के बीच छह महीने की अवधि में भारत के कच्चे तेल के आयात में 10 नए सप्लायरों में से नौ की हिस्सेदारी कुल मिलाकर सिर्फ 1.4 प्रतिशत थी। इसमें केवल वेनेजुएला एक अपवाद है। भारत के कुल आयात में उसकी कुल हिस्सेदारी लगभग 5 प्रतिशत थी।

**कौन-कौन हैं टॉप सप्लायर:** इस दौरान भारत के टॉप 5 सप्लायरों की आयात में हिस्सेदारी 76 प्रतिशत रही। ईरान युद्ध से पहले के छह महीनों में उनकी हिस्सेदारी 79 प्रतिशत थी। हालांकि, टॉप पांच सप्लायर्स की लिस्ट में बदलाव देखने को मिला है। वेनेजुएला और ब्राजील ने अमेरिका और नाइजीरिया की जगह ली, जबकि रूस और सऊदी अरब प्रमुख सप्लायर बने रहे।

हालांकि पिछले छह महीनों में भारत का कुल आयात 5 प्रतिशत घटकर 4.77 मिलियन बैरल प्रति दिन रह गया। इस दौरान भारत ने 31 देशों से कच्चा तेल मंगाया, जबकि उससे पहले के छह महीनों में यह संख्या 24 थी। बड़े सप्लायर्स में इराक की सप्लाई में सबसे ज्यादा गिरावट आई और उसकी हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से घटकर लगभग 2 प्रतिशत रह गई।

**अमेरिका से सप्लाई में कमी:** इराक की सप्लाई में 8,20,000 बैरल प्रति दिन की कमी आई जिसकी काफी हद तक भरपाई रूस की सप्लाई ने कर दी। रूस से सप्लाई 7,70,000 बैरल बढ़कर रोजाना 2.25 मिलियन बैरल तक पहुंच गई। सऊदी अरब की सप्लाई में लगभग 3,00,000 बैरल की गिरावट आई, जिसकी कुछ हद तक भरपाई वेनेजुएला ने कर दी। इसी तरह अंगोला की सप्लाई में रोजाना 50,000 बैरल की बढ़ोतरी से हुई।

इस दौरान अमेरिका की सप्लाई में रोजाना लगभग 2,00,000 बैरल की कमी आई, जबकि ओमान और ब्राजील से ज्यादा सप्लाई ने इसकी कुछ भरपाई की। वेनेजुएला के अलावा नए सप्लायर्स की हिस्सेदारी बहुत कम रही। इंडस्ट्री के एक एग्जीक्यूटिव ने कहा कि सप्लाई में ये बदलाव मुख्य रूप से ग्लोबल ट्रेडर्स द्वारा अतिरिक्त बैरल खोजने का नतीजा थे। यह सोर्सिंग स्ट्रैटेजी में कोई बड़ा बदलाव नहीं था।

## सोने की कीमतों में नरमी का रुझान, अभी खरीदें या इंतजार करें, क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोल्ड सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नरम होकर 4,400 डॉलर प्रति औंस के करीब आ गया, वहीं एमसीएक्स पर यह लगभग 1 प्रतिशत नीचे 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अमेरिका में रोजगार के ताजा आंकड़े अनुमान से बेहतर रहने से इसी महीने इंटरेस्ट रेट बढ़ सकने का चांस पहले से मजबूत माना जाने लगा है। उधर, अमेरिका और ईरान में तनातनी बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे माहौल में कीमतों पर दबाव बन सकता है, लेकिन लंबे समय के लिए गोल्ड इनवेस्टमेंट की चमक फीकी नहीं पड़ने वाली, जिसने पिछले सालभर में करीब 20 प्रतिशत रिटर्न दिया है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चीफ केविन वार्श ने हाल में कहा था कि महंगाई से निपटना उनकी प्राथमिकता है। वहां महंगाई यूएस फेड के 2 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। कंस्यूमर प्राइस इंफ्लेशन के ताजा आंकड़े शुक्रवार को आएंगे और 16 सितंबर को यूएस फेड की पॉलिसी मीटिंग होगी। दूसरा अहम फैक्टर क्रूड ऑयल का है। सोमवार को यह करीब 1 प्रतिशत चढ़कर 97 डॉलर/बैरल के पार चल रहा था। इसके दाम चढ़ने से महंगाई को हवा मिलेगी।

# शादी की शॉपिंग से मिला आइडिया, 50,000 की सेविंग से खड़ा किया 35 करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है सलोनी शाह और विदुषी जैन की। सलोनी मुंबई से हैं। वहीं, विदुषी मूल रूप से सूरत की रहने वाली हैं। इन्होंने भारतीय आर्टिफिशियल



(इमीटेशन) ज्वेलरी मार्केट में अलग जगह बना ली है। यह मार्केट बहुत असंगठित और बिखरा हुआ रहा है। इसमें ग्राहकों को अक्सर खराब सर्विस और क्वालिटी से समझौता करना पड़ता है। इसी गैप को समझकर सलोनी ने दिसंबर 2016 में सिर्फ 50,000 रुपये से 'अतरंगी' की शुरुआत की। छह महीने बाद उन्होंने विदुषी को साथ जोड़ा। इसके बाद इन दोनों ने मिलकर कमाल कर दिया। आज अपने ओमनीचैनल मॉडल के जरिए ब्रांड हर महीने 2.5 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर रहा है। आइए, यहां सलोनी शाह और विदुषी जैन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**ब्रांड की यह है सबसे बड़ी यूएसपी** = सलोनी और विदुषी के ब्रांड की सबसे बड़ी यूएसपी इसकी 'अफोर्डेबल लग्जरी' और क्वालिटी है। इसके प्रोडक्ट्स की शुरुआती कीमत 950 रुपये से है। वहीं, एवरेज ऑर्डर वैल्यू 4,500 रुपये रहती है। ब्रांड के कलेक्शन में पोलकी, कुंदन, मोती, मीनाकारी और हाई-क्वालिटी अमेरिकन डायमंड के लहंगे-साड़ी से मैच होने वाले गहने उपलब्ध हैं। ऑनलाइन शॉपिंग का रिस्क कम करने के लिए कंपनी की 32 लोगों की टीम में से 6 लोग सिर्फ वीडियो कॉल कंसल्टेशन और स्टाइलिंग सलाह के लिए काम करते हैं।

पूरी तरह से बूटस्ट्रैप्ड होने के बावजूद ब्रांड हर साल 32 प्रतिशत से 35 प्रतिशत की मजबूत ग्रोथ दर्ज कर रहा है। कंपनी को हर महीने 4,500 से 5,000 ऑनलाइन ऑर्डर मिलते हैं। यह 2.5 करोड़ रुपये का मासिक रेवेन्यू जनरेट कर रही है।

### शादी की शॉपिंग के दौरान मिला आइडिया

साल 2016 में सलोनी शाह अपनी शादी की खरीदारी के सिलसिले में चेन्नई गई थीं। वहां उन्हें आर्टिफिशियल गहनों के बाजार में घटिया सर्विस और ट्रांसपेरेंसी की कमी का अनुभव हुआ। इस स्थिति से उन्हें इमीटेशन ज्वेलरी मार्केट में एक मौका दिखा। दिसंबर 2016 में उन्होंने अपनी पर्सनल सेविंग से 50,000 रुपये लगाकर 15-20 नेचुरल स्टोन इयररिंग्स के साथ काम शुरू किया। शुरुआती महीनों में अकेले 12-12 घंटे मेहनत करने के बाद जब काम बढ़ा तो उन्होंने अपनी दोस्त विदुषी जैन को बतौर को-फाउंडर साथ जोड़ा। होम एग्जीबिशन और पॉप-अप्स से स्टार्टिंग की।

# आपका क्रेडिट स्कोर खराब है या मजबूत चुटकियों में यूपीआई ऐप से करें चेक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोई भी व्यक्ति जब लोन लेने या किसी भी समान की खरीदारी के लिए उसे फाइनेंस कराने जाता है, तो संबंधित बैंक या वित्तीय संस्थान सबसे पहले उसका सिबिल स्कोर/क्रेडिट स्कोर की जांच करती है। सिबिल स्कोर किसी भी व्यक्ति की वित्तीय विश्वसनीयता और उसके द्वारा लोन चुकाने की क्षमता को दिखाता है। आमतौर पर 750 के सिबिल स्कोर को अच्छा माना गया है। वहीं, इससे जितना अधिक स्कोर रहेगा, वह उतना ही मजबूत होगा। आपका सिबिल स्कोर कितना अच्छा है आइए इसे एकदम आसान तरीके से यूपीआई ऐप के जरिए चेक करते हैं। वह भी एकदम फ्री में। मतलब कि आपको अपने सिबिल स्कोर को देखने के लिए यहां कोई भी फीस नहीं लग रही है। यूपीआई ऐप (जैसे गूगल पे, फोन पे, पेटीएम आदि) के जरिए आप आसानी से चुटकियों में अपना सिबिल स्कोर चेक कर सकते हैं। सबसे पहले आप अपने मोबाइल फोन पर यूपीआई पेमेंट ऐप खोलें। अब आप सर्च बार में जाकर के क्रेडिट स्कोर/लिखकर सर्च करें।सर्च करते ही आपको अपना क्रेडिट स्कोर दिख जाता है। अगर नहीं दिख रहा है तो आप क्रेडिट स्कोर सर्च करने के बाद अपना नाम और पैन कार्ड नंबर को दर्ज करें। उसके बाद आपको एक ओटीपी आएगा। इसको दर्ज करते ही आपकी स्क्रीन पर आपका सिबिल स्कोर दिख जाएगा। इसके अलावा आप सिबिल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी अपना यह स्कोर देख सकते हैं। अब एक उदाहरण के जरिए समझते हैं। मान लीजिए आपको अपना क्रेडिट स्कोर फोन पे से चेक करना है। अब आप सर्च बार में सर्च करते हैं। इसके बाद आपको अपना क्रेडिट स्कोर दिख जाता है। क्या अभी तक कोई स्कोर नहीं है अगर आप यूपीआई पेमेंट ऐप से किसी का




सिबिल स्कोर सर्च करते हैं और वह शो नहीं होता है, तो इसके संभावित दो प्रमुख कारण हो सकते हैं। पहला कि हो सकता है कि आपने कभी क्रेडिट कार्ड, लोन या कोई कर्ज न लिया हो। दूसरा, हो सकता है कि सीआईबीआईएल के पास आपकी क्रेडिट हिस्ट्री के बारे में पर्याप्त डेटा न हो। क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच में होता है। लोन के लिए कितने क्रेडिट स्कोर को अच्छा माना गया है लोन के लिए 750 या उससे अधिक के क्रेडिट स्कोर को अच्छा माना गया है। क्या 750 से कम के क्रेडिट स्कोर वालों को लोन मिल सकता है हां, 750 से कम के क्रेडिट स्कोर वाले को लोन मिल सकता है। हालांकि, उनसे बैंक या वित्तीय संस्था कुछ अधिक दस्तावेज मांग सकती है।

# डिजिटल ट्रांजैक्शन तेजी से बढ़ा लेकिन नकदी का चलन अब भी मजबूत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में डिजिटल लेनदेन तेजी से बढ़ा है। कभी भुगतान का सबसे भरोसेमंद माध्यम कैश हुआ करता था, लेकिन अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ने तस्वीर बदल दी है। इसने भुगतान को न सिर्फ डिजिटल, बल्कि आसान, और तेज बना दिया है। भारत में करीब 85 प्रतिशत लेन-देन छोटी रकम के होते हैं, जिनमें डिजिटल भुगतान को प्राथमिकता मिल रही है। जुलाई में के जरिए करीब 24 अरब लेनदेन हुए, जिनकी कुल राशि लगभग 30 लाख करोड़ रुपये रही।

हालांकि यह नहीं कह सकते कि पूरी इकॉनमी डिजिटल की ओर मुड़ रही है। भारत में नकदी का चलन अब भी मजबूत है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त 2026 तक देश में नकदी का प्रचलन करीब 42.4 से 42.9 लाख करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 के अंत में यह 41.68 लाख करोड़ था। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लेनदेन के साथ एहतियात के तौर पर भी नकदी रखना पसंद कर रहे हैं।

अक्सर देखा जाता है कि राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई अनिश्चितता या आपदा आती है तो लोग कैश और गोल्ड रखना पसंद करते हैं। यानी जरूरत के अनुसार डिजिटल भुगतान करते हुए भी घर में नकदी रखी जाती है। डिजिटल लेन-देन बढ़ने के बावजूद नकदी का चलन भी मजबूत है। भारत जैसे बड़े और विविधता वाले देश में डिजिटल कनेक्टिविटी, बैंकिंग सुविधा और डिजिटल साक्षरता हर जगह समान नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे कस्बों और अनौपचारिक क्षेत्र में नकदी व्यावहारिक जरूरत है। नकदी के लिए नेटवर्क, स्मार्टफोन, बैटरी या इंटरनेट की जरूरत नहीं होती। इसलिए बिजली और इंटरनेट की समस्या



वाले क्षेत्रों में यह आज भी भरोसेमंद माध्यम है। छोटे लेन-देन में भी लोग इसे सुविधाजनक मानते हैं। इन्हीं वजहों से नकदी को पिछड़ेपन से जोड़ना सही नहीं होगा। नकद भुगतान अर्थव्यवस्था के उन हिस्सों को सहारा देता है, जहां डिजिटल व्यवस्था अभी पूरी तरह नहीं पहुंची है।

डिजिटल बैंकिंग ने लोगों को बैंकिंग से जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है। हालांकि आने वाले समय में लेन-देन पूरी तरह कैश रहित हो जाए, ऐसा संभव नहीं। हां, डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल जरूर बढ़ेगा। वैसे नकदी से जुड़े अपने खर्चे हैं। नोट छापना, परिवहन, सुरक्षा और मैनेजमेंट के लिए बैंकों की शाखाएं खोलना, एटीएम लगाना - इन सब पर भारी संसाधन लगते हैं।

डिजिटल भुगतान में इतना इंतजाम नहीं करना पड़ता, पर वहां साइबर ठगी से जुड़े जोखिम हैं। देश में यह ध्यान रखना होगा कि स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल जानकारी की कमी के कारण कोई व्यक्ति पीछे न छूटे। साइबर जागरूकता बढ़ानी होगी। डिजिटल लेनदेन और कैश को एक-दूसरे का विकल्प मानने के बजाय जरूरत संतुलन की है।

## दिल्ली में 11 सितंबर को बंद रहेंगे बैंक, ब्रिक्स समिट के लिए आरबीआई का आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में 11 सितंबर को ब्रिक्स समिट के कारण स्कूल, ऑफिस और कई संस्थानों पर असर पड़ने वाला है। ऐसे में बैंक जाने वाले ग्राहकों के मन में भी सवाल है कि क्या शुक्रवार के दिन दिल्ली में बैंक बंद रहेंगे अगर आप भी 11 सितंबर को बैंक जाकर अपना काम निपटाने का प्लान कर रहे हैं तो जान लीजिए कि बैंक खुले हैं या नहीं दिल्ली में शुक्रवार 11 सितंबर 2026 को बैंक बंद नहीं रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर महीने के बैंक हॉलिडे कैलेंडर के मुताबिक इस दिन दिल्ली में बैंकों के लिए कोई छुट्टी घोषित नहीं की गई है। यानी ब्रिक्स समिट के कारण राजधानी में ट्रैफिक और सामान्य आवाजाही पर पाबंदियां होने के बावजूद बैंक ब्रांच की सर्विस मिलती रहेगी। दरअसल, 11 सितंबर को नई दिल्ली में 18वां ब्रिक्स लीडर्स समिट आयोजित होने जा रहा है। इसे देखते हुए राजधानी में ट्रैफिक डायवर्जन और कई जगहों पर प्रतिबंध लागू किए जा रहे हैं। स्कूलों और कुछ सरकारी ऑफिसों को भी बंद रखने का फैसला किया गया है। यही वजह है कि लोगों के बीच बैंक बंद रहने को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है। दिल्ली के उलट जयपुर में 11 सितंबर को बैंक बंद रहेंगे। आरबीआई की छुट्टियों की लिस्ट के अनुसार, जयपुर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में होने वाले चुनाव के कारण इस दिन बैंक बंद रहेंगे। इसलिए अगर आपका बैंक अकाउंट या बैंक ब्रांच जयपुर से जुड़ा है, तो 11 सितंबर को बैंक जाने से पहले छुट्टी का स्टेटस जरूर चेक कर लें।

मेरे शब्द मेरी कहानी पठन अभियान

# 1.21 लाख छात्रों एवं 2,015 शिक्षकों की हुई सहभागिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में पठन अभियान 2026 मेरे शब्द, मेरी कहानी के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिले के सभी विद्यालयों में सामूहिक पठन गतिविधि का आयोजन किया गया।

पाकुड़ जिले के 970 विद्यालयों में लगभग 1,21,000 विद्यार्थियों एवं 2,015 शिक्षकों ने प्रातः 11:00 बजे से 11:30 बजे तक सामूहिक रूप से पठन गतिविधि में भाग लिया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में नियमित रूप से पढ़ने की आदत विकसित करना, पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा विद्यालय एवं घर में पठन संस्कृति को मजबूत करना रहा। इसी क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पुरती एवं जिला शिक्षा अधीक्षक प्रियाश्री भगत ने पीएमश्री मध्य विद्यालय धनुषपूजा एवं प्राथमिक विद्यालय शहरकोल टोला एवं एडीपीओ पीयुष कुमार ने मध्य विद्यालय बिल्टू का भ्रमण कर



बच्चों के साथ सामूहिक पठन गतिविधि में सहभागिता की। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने तथा पढ़ने को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी पसंद की पुस्तकों एवं बाल साहित्य का सामूहिक पठन किया। उपस्थित अधिकारियों एवं टीम सदस्यों ने भी बच्चों के साथ पठन गतिविधि में सहभागिता करते हुए उन्हें प्रतिदिन पढ़ने और पुस्तकों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। पाकुड़ जिले में पठन संस्कृति को मजबूत करने तथा बच्चों की भाषाई समझ, अभिव्यक्ति क्षमता, सोचने-समझने की क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किया गया।

## प्रधान डाकघर में छापेमारी

**बक्सर।** प्रधान डाकघर स्थित डाक डिवीजन और सब डिवीजन कार्यालय में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अचानक छापेमारी से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम ने कार्यालय परिसर में औचक दबिश देकर महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। कार्रवाई के दौरान टीम ने तीन लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को लेकर जांच टीम नगर थाने पहुंची है। यहां बंद कमरे में उनसे गहन पूछताछ किए जाने की सूचना है। पूरी कार्रवाई के तुरंत बाद डाक अधीक्षक सरिता कुमारी के कार्यालय से बाहर निकलने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल उनका मोबाइल फोन लगातार बंद बताया जा रहा है। इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, सीबीआई की छापेमारी के वास्तविक कारणों को लेकर अभी तक जांच एजेंसी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

# मंत्री सुदिव्य सोनू के निधन पर समाहरणालय में शोक सभा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के माननीय मंत्री सुदिव्य कुमार के असामयिक निधन पर मंगलवार को समाहरणालय सभागार, पाकुड़ में शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा में उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास अरविन्द कुमार लाल, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमित कुमार सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा तथा ईश्वर से प्रार्थना की।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि मंत्री का असामयिक निधन झारखंड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से पूरा राज्य स्तब्ध और शोकाकुल है। वे झारखंडी चेतना, जनसेवा और राज्य के विकास के प्रति समर्पित एक कर्मठ, संवेदनशील एवं दूरदर्शी जनप्रतिनिधि थे। जनकल्याण और समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता और समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका असमय चले जाना राज्य और समाज के लिए एक ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

# फर्जी प्रमाण पत्र को ले सेविका का चयन रद्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** रानीश्वर के आंगनबाड़ी केन्द्र भुड़ावाली की सेविका पूजा दास को फर्जी प्रमाण पर नौकरी लेना महंगा पड़ गया। जांच में उनका प्रमाण पत्र फर्जी निकलने पर सेविका को चयन मुक्त करते हुए मंगलवार को थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया गया है।

भुड़ावाली आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका पुतुलरानी दास की 23 जून 24 को मृत्यु हो गई। उसकी आश्रिता बहु पूजा दास ने नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर सेविका पद पर बहाली के लिए आवेदन दिया।

पिछले साल आठ फरवरी को सेविका चयन के लिए आम सभा हुई, लेकिन एक भी योग्य आवेदिका नहीं पाये जाने के कारण आम सभा को रद कर दिया गया।

इसके बाद फिर से 11 नवंबर 25 को तत्कालीन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने आम सभा की। जिसमें पूजा दास सहित कुल तीन ने आवेदन दिया।

नियमानुसार पूजा दास को प्राथमिकता देते हुए सेविका चुन लिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से इसकी अनुशंसा की गई।

चयनित आंगनबाड़ी सेविका के शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन सही पाये जाने पर ही मानदेय दिये जाने का प्रावधान है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने पूजा दास के समर्पित शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन के लिए संबंधित परीक्षा बोर्ड एवं संबंधित विद्यालय को भेजा।

उच्च माध्यमिक विद्यालय नौवागढ़ी, मुगैर के द्वारा सूचित किया गया कि पूजा दास का वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2018 का संलग्न प्रवेश पत्र व अंक पत्र उनके विद्यालय से निर्गत नहीं हुआ है। पूजा दास ने पहली आमसभा में कोई भी शैक्षणिक प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किया।

दूसरी बार हुई आम सभा में वर्ष 2018 का माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (वार्षिक) और वर्ष 2020 का इन्टमीडिएट वार्षिक परीक्षा का अंक व प्रवेश पत्र आदि समर्पित किया गया।

# उपायुक्त ने जन समाधान दिवस पर सुनीं आमजनों की समस्याएं

## त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जन समाधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जन समाधान दिवस के दौरान नागरिकों ने व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में दादाजी की सम्पत्ति पर बंटवारा कर अपने हिस्से की जमीन पर अधिकार



दिलाने से संबंधित, शौचालय की राशि भुगतान लंबित रहने से संबंधित, भूमि विवाद से संबंधित एवं आवास से संबंधित सहित अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों के आवेदन शामिल थे।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण जांच कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि जन समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच है। इस पहल के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं, जिससे मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गति सुनिश्चित होती है।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक तक न्याय, सुविधा एवं सरकारी सेवाओं की समयबद्ध पहुँच सुनिश्चित करना है।

# राशि हड़पने की नियत से रची लूट की कहानी, गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** बलबड्डा थाना क्षेत्र के चौरा-धनकुड़िया गांव के पास चार अज्ञात अपराधियों की ओर से भय दिखाकर 1.31 लाख रुपये लूट लिए जाने के मामले का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि लूट की घटना वास्तव में फर्जी थी और कंपनी के कर्मचारी ने ही रुपये हड़पने की नीयत से पूरी कहानी गढ़ी थी।

मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.22 लाख रुपये नकद, वीवो वी 27 मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।

बताया जाता है कि आइआइएफएल समस्ता माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड, कहलगांव शाखा में कार्यरत शंभु कुमार शर्मा, पिता अजय शर्मा,निवासी डोमन खुटहरी,थाना पीरपैंती, जिला भागलपुर ने छह सितंबर की रात बलबड्डा थाना क्षेत्र के चौरा-धनकुड़िया के पास चार अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर ग्राहक से लोन की किस्त के रूप में प्राप्त 1.31 लाख रुपये छीन लिए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी।

इस संबंध में बलड्डा थाना कांड संख्या 55/2026 दर्ज किया गया था। घटना के बाद महागामा एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने जब शंभु कुमार शर्मा से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

पुलिस के मुताबिक,कंपनी की राशि हड़पने की नीयत से उसने झूठी लूट की कहानी गढ़ी थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कंपनी के ग्राहकों से लोन की किस्त के रूप में प्राप्त 1.22 लाख रुपये, एक वीवो वी 27 एंड्रायड मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त होंडा एसपी-125 मोटरसाइकिल (जिसका निबंधन संख्या-बीआर-10एवाई-1051) बरामद की।

# चंदा जुटाकर सड़क के गड्ढे भर रहे ग्रामीण

## 35 करोड़ की लागत से होगा जीर्णोद्धार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण।** चौपारण-चतरा मुख्य मार्ग पर दादपुर और झापा के समीप सड़क की बदहाल स्थिति राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े और जानलेवा गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने से परेशान ग्रामीण अब खुद आगे आए हैं।

दादपुर एवं आसपास के ग्रामीण युवकों ने चंदा जुटाकर सड़क के गड्ढों को भरने का काम शुरू किया है। सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर चौपारण विधायक मनोज कुमार यादव ने पथ निर्माण विभाग, चतरा के अधीक्षण अभियंता को मांग पत्र सौंपा है।

उन्होंने स्वीकृत योजना की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी कराकर सड़क का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराने की मांग की है। विधायक ने बताया कि चौपारण-चतरा मार्ग के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिए विभाग की ओर से निविदा जारी की जा चुकी है, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रक्रिया में विलंब के कारण अब तक संविदा नहीं खुल सकी है। उन्होंने राज्य सरकार और संबंधित विभाग से टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की है, ताकि सड़क की मरम्मत जल्द शुरू हो सके।सड़क की बदहाली से परेशान ग्रामीण युवकों का कहना है कि लंबे समय से सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं। भारी वाहनों के आवागमन से स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। राहगीरों को दुर्घटना का डर बना रहता है।

स्थायी समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने आपस में चंदा जुटाकर गड्ढों की भराई शुरू की है। इससे पहले सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी मिट्टी-मोरम डालकर गड्ढे भरने का प्रयास किया था, लेकिन भारी वाहनों के कारण वह व्यवस्था ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकी। विधायक मनोज कुमार यादव ने ग्रामीणों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सड़क की स्थायी मरम्मत सरकार और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वीकृत योजना को धरातल पर उतारने के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की मांग की। विधायक मनोज कुमार यादव की पहल पर चौपारण से चतरा तक सड़क के निर्माण, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार से करीब 35 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। इसके बावजूद टेंडर प्रक्रिया में विलंब के कारण काम शुरू नहीं हो सका है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों और ग्रामीणों का आवागमन होता है।

## पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से

**गयाजी।** गयाजी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला इस वर्ष 25 सितंबर से शुरू होकर दस अक्टूबर तक चलेगा। इसमें आने वाले श्रद्धालुओं के आवासन के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से 2500 बेड की क्षमता वाली टेंट सिटी और अस्थायी पर्यटक सूचना केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष हेल्पलाइन का भी निर्माण कराया जा रहा है, जिसपर सभी जरूरी सूचनाएं मिलेंगी। इसके साथ फल्गु नदी के तट पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। सभी जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिए ई-रिक्शा का संचालन भी किया जाएगा।

# रोबोट ने लगाया ठुमका, स्क्रीन पर किया साइबर पाठ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में तेघड़ा का श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मेला उस वक्त और खास हो गया, जब मंच पर एक ह्यूमनाइड एआइ रोबोट ने भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के लोकप्रिय गाने ह्यतू लगावेलु जब लिपिस्टिकह्ल पर जमकर डांस किया। फूलों की माला और गमछा पहने रोबोट को ठुमके लगाते देखकर मेले में मौजूद लोग भी उत्सुकता से उसे देखने लगे।मेले में ह्यूमनाइड एआइ रोबोट और कुत्ते के आकार का एआइ रोबोट आकर्षण का केंद्र बने रहे। लेकिन इनका मकसद सिर्फ लोगों का मनोरंजन करना नहीं था।

दोनों रोबोट के साथ लगी एलईडी स्क्रीन के जरिए लोगों को आनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, एपीके फाइल और ओटीपी साझा करने के खतरे के बारे में जानकारी दी गई।

गाने की धुन पर हाथ-पैर हिलाकर डांस करने वाले रोबोट को देखकर बच्चे और युवा खासे उत्साहित दिखे। इसी आकर्षण के जरिए लोगों को इंटरनेट मीडिया के दुरुपयोग, डिजिटल फुटप्रिंट और एआइ व डीपफेक के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक किया गया। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।

इस अनोखी पहल के पीछे 26 वर्षीय शशांक शेखर हैं। सालाना 20 से 25 लाख रुपये के पैकेज वाली नौकरी छोड़कर वह गांव लौट आए। जुलाई 2026 में उन्होंने साइबर वाणी फाउंडेशन की शुरूआत की। उनका लक्ष्य कमाई से ज्यादा गांव-गांव तक साइबर सुरक्षा की समझ पहुंचाना है।

# विद्यार्थियों के मुद्दे को लेकर भाजपा करेगी विरोध प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** जिले में 9 सितंबर को भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में होगा। भाजपा ने राज्य के छात्रों के मुद्दों को लेकर सभी जिलों में प्रदर्शन करने का फैसला किया है.भाजपा के प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने पाकुड़ पहुंचकर प्रदर्शन की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि छात्रों ने राज्य की खराब शिक्षा व्यवस्था को लेकर आंदोलन किया था। सरकार ने इस आंदोलन को दबाने के लिए उन पर सख्त कार्रवाई की। भाजपा छात्रों के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन कर रही है।मिश्रा ने बताया कि प्रदर्शन की तैयारी के दौरान एक एसआईआर से पता चला कि पूरे संथाल परगना में संथाल परगना टेनेंसी एक्ट लागू है। इसके बावजूद एक जमाबंदी में सैकड़ों गैर-आदिवासियों को प्रमाण पत्र जारी कर उनके नाम वोटर लिस्ट में जोड़े जा रहे हैं।

भाजपा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि इस प्रक्रिया में पूरी साफ-सफाई बरती जाए। साथ ही, किसी भी विदेशी नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में न जुड़े, इसकी अच्छे से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश यहां से काफी नजदीक है और घुसपैठिए यहां की नागरिकता हासिल करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम चढ़ाने की कोशिश



कर रहे हैं। जिला प्रशासन को भी इस पर खास ध्यान देना चाहिए।

वही इस मौके पर पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दिनेश मरांडी ने कहा कि पाकुड़ जिले के गायबथान गांव में आदिवासियों को बंगाल से आए दूसरे समुदाय के लोगों ने पीटा था। उन्होंने दावा किया था कि यह जमीन उनकी है। इससे भी पता चलता है कि कैसे लोग आदिवासियों की जमीन लेकर यहां की नागरिकता हासिल कर रहे हैं।प्रशासन को इस पर जांच करने की जरूरत है।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सरिता मुर्मू, भाजपा नेता प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी,मीरा प्रवीण सिंह, जिला महामंत्री रूपेश भगत ,पूर्व जिला अध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, साधन ठाकुर,सोहन मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

# बिरसा शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया शिक्षक दिवस



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** जिले के तोरपा प्रखंड के बिरसा शिशु विद्या मंदिर तपकरा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया, बच्चों के द्वारा डांस, नाटक, प्रस्तुत का शिक्षक, अभिभावकों का दिल जीत लिया, शिक्षकों के प्रति प्रेम प्रकट कर सभी को उपहार भेंट किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने संबोधित किया कि शिक्षक केवल क्लास के गुरु ही नहीं समाज के निमार्ता भी हैं उसके बिना कोई भी समाज प्रगति पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता,वे हमारे बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं, ताकि राष्ट्र निर्माण में उनके विद्यार्थियों का योगदान अहम हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार, रणधीर चौधरी ,सलोमी गुड़िया, दिनेश महतो ,शशि केसरी ,संतोषी गुड़िया ,संदीप गोप, एवं विद्यालय के शिक्षक गण व अभिभावक ग्रामीण उपस्थित थे।

# डॉ. तनवीर आलम का क्षेत्र भ्रमण, ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ. तनवीर आलम ने सदर प्रखंड अंतर्गत झिकरहटी पूर्वी पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने इस्लामपुर, सीतारामपुर, साकार एवं चांदपाड़ा गांव का दौरा कर स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।क्षेत्र भ्रमण के दौरान वर्तमान स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से संबंधित कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर ग्रामीणों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशेष रूप से बिजली, पानी, पीसीसी सड़क, नाला तथा मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। उन्होंने ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा तथा संबंधित विभागों के समक्ष समस्याओं को प्रमुखता से रखा जाएगा।इस दौरान कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं




जनहित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर इस्लामपुर निवासी हिफ़्ज़ुल शेख ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। डॉ. तनवीर आलम जी ने उन्हें कांग्रेस का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत एवं शामिल किया।

मौके पर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, मुखिया नारगिस सुल्तान, पंचायत अध्यक्ष नोजरूल इस्लाम, आतिउर रहमान, डॉ जोहरुल इस्लाम, आफताब आलम, अनिकुल आलम नूर इस्लाम, टोनी आलम, सहमुद्दीन सके, वसीम शेख, हिफजुल इस्लाम, अब्दुल सल्लम, मुकुल शेख, मुजाहिद उल इस्लाम, शमीम अख्तर, सोफिकु शेख, मिथुन शेखर ,ईसा शेख सहित इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फ्लाइट में बिगड़ी महिला की तबियत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** मुंबई से दरभंगा आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट 115 में मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरने से ठीक पहले सवार एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। महिला यात्री का शुगर और ब्लड प्रेशर लो होने की जानकारी सामने आने के बाद विमान के अंदर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही मुंबई एयरपोर्ट पर डॉक्टरों की टीम को विमान के अंदर बुलाया गया। विमान में सवार महिला यात्री की जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें विमान से सफर करने की अनुमति नहीं दी। यात्री के बीमार पड़ जाने और टेकऑफ में देरी होने से विमान में बैठे यात्री हंगामा करने लगे। करीब दो घंटे की देरी के बाद विमान यात्रियों को लेकर दरभंगा के लिए रवाना हो सका। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। सूत्रों के अनुसार, विमान दरभंगा के लिए टेकऑफ करने की तैयारी में था। इसी दौरान महिला की तबीयत अचानक खराब हो गई। महिला की हालत को देखते हुए विमान को रोक दिया गया और चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर उनकी प्रारंभिक जांच की।

# सड़क पर हुआ हाईवोल्टेज ड्रामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** मंदिर में चोरी-छिपे सात फेरे, फिर होटल में नया आशियाना और चंद मिनटों बाद चौखट पर परिजनों का जोरदार हंगामा। यह दृश्य किसी फिल्मी पटकथा का हिस्सा नहीं, बल्कि मंगलवार को जमुई शहर की सड़कों पर सरेआम देखने को मिली असली कहानी है। शादी के बाद सर्किट हाउस के ठीक सामने रजिस्ट्री कचहरी के समीप एक निजी होटल में नवविवाहित जोड़े के ठहरने की खबर जैसे ही लड़की के घरवालों को लगी, वे गुस्से में आगबबूला होकर वहां आ धमके।

होटल के दरवाजे पर जैसे ही परिजनों की नजर शादी में मुख्य गवाह और मददगार बने युवक पर पड़ी, उनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। फिर क्या था– पहले तीखी कहासुनी हुई और देखते ही देखते बीच सड़क पर थप्पड़, जूते और चप्पलों की बौछार शुरू हो गई। दिनदहाड़े हुए इस हाई-वोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए सड़क पर राहगीरों का भारी मजमा लग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिद्धौर बाजार में चाय की दुकान चलाने वाले अभिषेक कुमार का अपने ही पड़ोस की रहने वाली ज्योति कुमारी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों ने अपने रिश्ते को सामाजिक बंधनों से परे शादी में बदलने का फैसला किया।

मंगलवार को दोनों जमुई शहर पहुंचे और स्थानीय पंच मंदिर में विधिवत एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी रचा ली। इस गोपनीय विवाह में गिद्धौर निवासी पल्लव कुमार सहित प्रेमी युगल के कुछ करीबी दोस्त गवाह बने थे। रस्में पूरी होने के बाद कानूनी कागजी प्रक्रिया के इरादे से दोनों रजिस्ट्री कचहरी के पास स्थित एक होटल में कमरा लेकर ठहर गए।

ज्योति की बड़ी बहन ने बताया कि घर में एक पारिवारिक मांगलिक कार्यक्रम चल रहा था और दूर-दराज से रिश्तेदार जुटे हुए थे। इसी गहमागहमी के बीच

सार-समाचार

## मिलर-स्टब्स इन, ब्रेविस आउट

### ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान सोमवार ( 7 सितंबर ) को हो गया। गेराल्ड कोएट्जी को 16 सदस्यों वाली टीम में चुना गया है। कोएट्जी ने 2023 वर्ल्ड कप के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। हाल के दिनों में चोटों से जूझते रहे हैं। हालांकि, उन्होंने हाल ही में बांग्लादेश ए के खिलाफ चार दिन के मैच में कुछ ओवर किए। कागिसो रबाडा और नंद्रे बर्गर के न होने से साउथ अफ्रीका का पेस अटैक कमजोर पड़ गया है। नामीबिया में ट्राई–सीरीज के लिए चुने गए लुथो सिपामला को हैमस्ट्रिंग की दिक्कत हो गई है। साउथ अफ्रीका की टीम से प्रेनेलन सुब्रायन, रुबिन हरमन और डेवाल्ड ब्रेविस को बाहर हो गए हैं। ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की वापसी हुई है, जो भारत के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं थे। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने यह भी जानकारी दी है कि एडेन मार्कराम दूसरे और तीसरे वनडे में उपलब्ध रहेंगे।

## सतारा हाफ मैराथन में दर्दनाक हादसा

### हाफ मैराथन के 4 घंटे बाद अटैक से 65 वर्षीय धावक की मौत



**नई दिल्ली।** सतारा हिल हाफ मैराथन के दौरान कार्डियक अरेस्ट से 65 वर्षीय रिटायर्ड वैज्ञानिक संजय कदम की मौत हो गई। संजय कदम पहली बार सतारा हिल हाफ मैराथन में हिस्सा ले रहे थे। ( प्रतीकात्मक तस्वीर ) महाराष्ट्र के सतारा में रविवार 6 सितंबर 2026 को आयोजित हाफ मैराथन के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई। पुणे के 65 वर्षीय पूर्व वैज्ञानिक संजय कदम ने 21.1 किलोमीटर की दौड़ पूरी की, लेकिन इसके करीब चार घंटे बाद दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई।

'सतारा हिल हाफ मैराथन' को पश्चिमी घाट की खड़ी चढ़ाई और तेज ढलान के कारण देश की सबसे मुश्किल दौड़ों में से एक माना जाता है। पहली बार इस दौड़ में हिस्सा ले रहे संजय कदम को दौड़ के दौरान नीचे की ओर आते समय बेचैनी महसूस हुई थी। मौके पर मौजूद एक हृदय रोग विशेषज्ञ ने उन्हें तुरंत ष्टक्कक्रदिया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एंजियोप्लास्टी के बाद उनकी हालत स्थिर हो गई थी।

## अभिषेक शर्मा अर्धशतक से चूके

### गिल की टीम की उधेड़ दी बखिया, 326 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन

**नई दिल्ली।** शेर–ए–पंजाब टी20 लीग 2026 17वें मैच में अमृतसर सूरमाज के कप्तान अभिषेक शर्मा ने शुभमन गिल की अगुआई वाली फजलिका फॉल्कंस के खिलाफ बेहतरीन पारी खेली। वह अर्धशतक से चूक गए, लेकिन जब तक क्रीज पर थे उन्होंने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की। अभिषेक शर्मा ने फजलिका के खिलाफ 15 गेंद पर 49 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 4 छक्के लगाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 326.67 रहा। अभिषेक को गर्व कुमार ने शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। अभिषेक की पारी के दमपर अमृतसर ने पावरप्ले में ही 79 रन बना लिए। वह छठे ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए।




**अभिषेक शर्मा ने जसन जिंदल को कूटा–** अभिषेक शर्मा ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर पहली बाउंड्री लगाई। उन्होंने जसन जिंदल को स्वीपर कवर पर छक्का लगाया। जसन के अगले ओवर में उन्होंने 2 छक्को और 3 चौके जड़े। इसके बाद 5वें ओवर में विहान मलहोत्रा को तीन चौके और एक छक्का जड़ा।



एशियन गेम्स से पहले अपनी तैयारी को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं सात्विक-चिराग

# 'कोई अतिरिक्त दबाव नहीं'

**नई दिल्ली।** चीन मास्टर्स जीतने के बाद, भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी एशियन गेम्स से पहले मिले 10 दिनों के समय का पूरा फायदा उठाने पर ध्यान दे रहे हैं। मौजूदा चैंपियन होने के नाते इस बड़े टूर्नामेंट में उतरने के बावजूद, इस जोड़ी का कहना है कि उन पर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं है। वर्ल्ड नंबर 5 भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन मास्टर्स के फाइनल में चीन के हे और रेन को 70 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 11-21, 21-13, 21-17 से हराया। यह जीत सात्विक और चिराग के लिए इसलिए भी खास थी, क्योंकि वे 2023 और 2025 में चीन मास्टर्स में दूसरे स्थान पर रहे थे और 2024 में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। वे 2005 में शुरू हुए इस इवेंट को जीतने वाली पहली भारतीय पुरुष डबल्स जोड़ी बन गए। चाइना मास्टर्स में यह जीत उनके करियर का 10वां बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल था और 2026 का तीसरा वर्ल्ड टूर फाइनल था। वे मई में थाईलैंड ओपन में रनर-अप रहे थे और उसी महीने के आखिर में सिंगापुर ओपन का टाइटल जीता था।

चाइना मास्टर्स में उनके सफर ने उन्हें उन कुछ कमियों को दूर करने में भी मदद की जो पिछले महीने नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के दौरान सामने आई थीं। अपनी जीत पर बात करते हुए, इस जोड़ी ने कहा कि इस खिताब ने उन्हें एशियाई खेलों से पहले सही समय पर आत्मविश्वास दिया है।

चिराग ने कहा, 'वर्ल्ड चैंपियनशिप के बाद हम काफी बेहतर हुए हैं। हमें समय मिला और हमने खुद को उसके हिसाब से ढाला। वर्ल्ड चैंपियनशिप में हमारे लिए मुश्किल थी, क्योंकि हमारे पास ज्यादा समय नहीं था। एक मैच, और फिर हमने तुरंत क्वार्टरफाइनल खेला। इसलिए मुझे लगता है कि वर्ल्ड चैंपियनशिप के बाद, हमारा शरीर एक तरह से स्थिर हो गया, उसकी आदत हो गई, और फिर हम बेहतर हुए। फिर चाइना मास्टर्स में हमें यह भी निश्चित तौर पर पता नहीं था कि पूरे हफ्ते हम शारीरिक रूप से कितना झेल पाएंगे। इसलिए हम एक बार में एक ही मैच पर ध्यान दे रहे थे। कुल मिलाकर, पूरे हफ्ते सब कुछ काफी सहज रहा। तो आगे के लिए यह एक अच्छा संकेत है।'

चिराग ने आगे कहा कि चीन में कई मैच खेलने के अनुभव से उन्हें अपनी शारीरिक स्थिति को लेकर और अधिक आत्मविश्वास मिला। उन्होंने कहा, 'वर्ल्ड चैंपियनशिप में हमें कोर्ट पर ज्यादा समय नहीं मिला। खासकर चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे मुश्किल मैच से पहले। हम लगभग तीन महीनों बाद कोई टूर्नामेंट खेल रहे थे। जो पहला टूर्नामेंट हमने खेला, उसमें हमारा खेल बहुत अच्छा नहीं था। जाहिर है, मुझे लगता है कि हमारा शरीर भी उस हिसाब से ढल नहीं पाया था, जबकि यहां चाइना ओपन में हमने पांच मैच खेले, और पहले राउंड को छोड़कर बाकी सभी में हमने तीन-तीन गेम खेले। फिर भी, वर्ल्ड चैंपियनशिप के मुकाबले अब हमारा शरीर कहीं बेहतर महसूस कर रहा है। चाइना मास्टर्स से पहले हमें प्रैक्टिस के लिए एक हफ्ता और मिला। इससे हमें चाइना मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने में वाकई मदद मिली।'

वर्ल्ड चैंपियनशिप से मिली सबसे बड़ी सीख 'अटैक करते समय धैर्य रखना और अपने डिफेंस पर भरोसा करना' थी। उन्होंने कहा, 'वर्ल्ड चैंपियनशिप से हमने जो मुख्य बातें सीखीं, उनमें से एक है अटैक करते समय धैर्य रखना और अपने डिफेंस पर भरोसा करना।

## पाकिस्तानी महिला कप्तान पर लगा जुर्माना

### शैफाली वर्मा को पवेलियन जाने का किया था इशारा

**नई दिल्ली।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को महिला एशिया कप के ग्रुप मैच के दौरान आउट करने के बाद 'अपमानजनक इशारा' करने के लिए पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शनिवार ( 5 सितंबर) को भारत की पारी के दूसरे ओवर में हुई जब शैफाली वर्मा को आउट करने के बाद फातिमा ने पवेलियन की ओर इशारा किया। फातिमा को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आचार संहिता के लेवल एक के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

फातिमा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जुड़ा

यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा, हरकत या इशारे करने से संबंधित है जो बल्लेबाज का अपमान करते हों या उसे आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसा सकते हों। इसके अलावा फातिमा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक और जोड़ा गया है क्योंकि 24 महीने की अवधि में यह उनकी दूसरी गलती है।



**फातिमा के दो डिमेरिट अंक हुए–** इसके साथ ही एक साल के भीतर उनके डिमेरिट अंकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।

फातिमा को इससे पहले छह अगस्त 2025 को डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच के दौरान एक डिमेरिट अंक मिला था।

### लेवल-एक के उल्लंघन पर क्या मिलती है सजा

मैदानी अंपायर निमाली परेरा और शथिरा जाकिर जेसी, तीसरी अंपायर रोकैया सुल्ताना और चौथे अंपायर रबाब अहसन ने उनके खिलाफ आरोप लगाया था। लेवल–एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक है।

यूएस ओपन

## एलेक्जेंडर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई



**न्यूयॉर्क।** यूएस ओपन 2026 में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव का शानदार प्रदर्शन जारी है। ज्वेरेव ने इटली के लुसियानो डार्डेरी को 6-2, 6-2, 7-6(3) से हराकर हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। ज्वेरेव ने अपनी सर्व और हैवी बेसलाइन हिटिंग का इस्तेमाल करके डार्डेरी पर लगातार दबाव बनाए रखा। यहां तक कि जब 21वें सीड वाले डार्डेरी ने शुरुआती सेट में देर से अपनी सर्व टेस्ट की, तब भी ज्वेरेव ने दूसरे सेट में एक और गियर ढूंढने से पहले मजबूती से पकड़ बनाए रखी। डार्डेरी के खराब तरीके से किए गए ड्रॉप शॉट ने ज्वेरेव को अगले सेट में दूसरा ब्रेक दिया, जिससे जर्मन खिलाड़ी 4-0 से आगे हो गया। डार्डेरी तीसरे सेट में उस रिदम को तोड़ने में कामयाब रहे। उनकी दमदार पहली सर्व ने दिक्कतें पैदा करना शुरू कर दिया, जबकि ड्रॉप शॉट के इस्तेमाल से ज्वेरेव को आगे बढ़कर अनजान जगहों पर डिफेंड करना पड़ा। इटैलियन खिलाड़ी ने तीसरे सेट में ज्वेरेव से कड़ी मेहनत करवाई।

हालांकि, ज्वेरेव ने धैर्य बनाए रखा और अहम मौकों पर नियंत्रण के साथ खेला तीसरा सेट भी अपने नाम किया।

जीत के साथ ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव 2026 में सभी चार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अकेले खिलाड़ी बन गए हैं।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद ज्वेरेव ने कहा, 'मुझे लगा कि मेरा स्तर एक जैसा था। उन्होंने तीसरे सेट में बहुत अच्छा खेलना शुरू किया। मैंने मुश्किल से ही किसी को गेंद को इतनी जोर से मारते देखा जितना उन्होंने पूरे सेट में लगातार किया, इसलिए इसका श्रेय उन्हें जाता है।'

ज्वेरेव का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला नीदरलैंड के बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से होगा। बोटिक ने चौथे राउंड में आर्थर गाओ को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। गाओ के खिलाफ हुए मैच में बोटिक ने शुरुआती 2 सेट गंवा दिए थे और टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर थे, लेकिन इसके बाद लगातार 3 सेट जीतकर उन्होंने मैच अपने नाम किया।

### नहीं खेले जा सकेंगे विमेंस चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले

# डीवाई पाटिल स्टेडियम में मरम्मत का काम जारी

**नई दिल्ली।** नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में मरम्मत का काम जारी है, जिसकी वजह से यह स्टेडियम विमेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2027 के मुकाबलों की मेजबानी नहीं कर सकेगा। यह टूर्नामेंट अगले साल 14 से 28 फरवरी के बीच भारत में खेला जाएगा। पिछले हफ्ते, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने छह टीमों वाले इस टी20 टूर्नामेंट के लिए मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम और वडोदरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को वेन्यू के तौर पर चुना। इससे पहले, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के कामकाज में सरकारी दखल के कारण टूर्नामेंट को श्रीलंका से हटा दिया गया था, लेकिन डीवाई पाटिल स्टेडियम का नाम लिस्ट में न होना हैरानी की बात है, क्योंकि इसे देश में महिला क्रिकेट का एक अहम केंद्र माना जाता है। डीवाई पाटिल यूनिवर्सिटी कैंपस में मौजूद यह निजी स्टेडियम विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल का वेन्यू था, जहां भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर अपनी पहली सीनियर महिला आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। यह स्टेडियम विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबलों के लिए भी एक मुख्य वेन्यू है। कई सूत्रों ने 'आईएएनएस' को बताया है कि दर्शकों के स्टैंड में बड़े पैमाने पर मरम्मत का काम जारी है, जिसकी वजह से यह स्टेडियम कुछ समय तक इस्तेमाल के लायक नहीं रहेगा।

हालात की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी को बताया, 'मैच इसी वेन्यू पर होने थे, लेकिन वहां मरम्मत का काम शुरू हो गया है, इसलिए वेन्यू के मालिकों ने खुद ही कहा कि मैच किसी दूसरे स्टेडियम में करवा लिए जाएं। मरम्मत का काम पूरा होने में लगभग 6-8 महीने लगेंगे।' अधिकारी ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान मैच करवाना सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स की वजह से मुमकिन नहीं था। उन्होंने कहा, 'हमारी जानकारी के मुताबिक, मरम्मत का काम स्टैंड वाले हिस्से में हो रहा है, जहां वे दर्शकों के लिए वॉशरूम बना रहे हैं। अभी वॉशरूम सिर्फ ग्राउंड फ्लोर पर हैं, और लेवल 1, 2 और 3 पर कोई वॉशरूम नहीं है। साल 2006 में यह ठीक था, लेकिन अब यह जरूरी है क्योंकि भविष्य में सभी तरह के खेलों के लिए इस वेन्यू की बहुत मांग है। इसके अलावा, जब कॉन्ट्रैक्टर मरम्मत का वह हिस्सा कर रहे होते हैं, तो उन्हें सामने और साइड से भी पहुंच की जरूरत होती है।'



अधिकारी ने कहा, 'यह लगातार चलने वाला काम है, इसलिए निर्माण कार्य और बड़े-बड़े मैच एक साथ नहीं हो सकते। असल में, क्रिकेट के अलावा भी, देशभर से बहुत से लोग स्टेडियम को किसी न किसी खेल आयोजन के लिए इस्तेमाल करने की मांग करते रहते हैं, और सभी को यही बात बताई जाती है। हम बस यही उम्मीद कर रहे हैं कि मरम्मत का सारा काम ठीक से हो जाए, ताकि डीवाई पाटिल स्टेडियम में जल्द ही फिर से मैच शुरू हो सकें।'

इस बात की पुष्टि करते हुए, वेन्यू चुनने की प्रक्रिया से जुड़े एक और अधिकारी ने 'आईएएनएस' को बताया, 'हम बता सकते हैं कि डीवाई पाटिल स्टेडियम में नवीनीकरण का काम चल रहा है; इसलिए इसे पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वेन्यू के तौर पर पेश नहीं किया गया।'

जब उनसे पूछा गया कि जिन बड़े शहरों में पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट मैच हुए हैं, वे विमेंस चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए क्यों उपलब्ध नहीं थे, तो अधिकारी ने कहा, 'जिन टियर-1 सेंटर्स का अक्सर लोग जिक्र करते हैं, वे साल के उस समय किसी दूसरे बड़े टूर्नामेंट की तैयारियों के कारण उपलब्ध नहीं थे।'

## संक्षिप्त समाचार

### उदय प्रताप के निधन से शोक की लहर, दो माह में पुत्र के बाद पिता ने भी तोड़ा दम

**हुसैनाबाद (पलामू)।** ग्राम रानिदेवा निवासी 75 वर्षीय उदय प्रताप का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे सामाजिक कार्यकर्ता विश्वनाथ सिंह के बड़े भाई थे। बताया गया कि उदय प्रताप सोमवार को ही धनबाद से अपने गांव रानिदेवा लौटे थे। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, करीब दो माह पूर्व उदय प्रताप के 28 वर्षीय पुत्र का भी निधन हो गया था। पुत्र की असामयिक मौत से वे गहरे सदमे में थे। इसके बाद से उनकी तबीयत भी लगातार खराब चल रही थी। मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। झामुमो नेता राम प्रवेश सिंह ने उदय प्रताप के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे सरल, मिलनसार और सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्ति थे। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ समाज ने भी एक आत्मीय व्यक्ति को खो दिया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### बरही में सर्पदंश का कहर,भिंडी तोड़ रही महिला की मौत, युवक की हालत नाजुक

**बरही (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरही प्रखंड में सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं से हड़कंप मच गया। गौरियाकरमा गांव में खेत में भिंडी तोड़ रही 24 वर्षीय सुधा देवी की जहरीले सांप के डसने से मौत हो गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। घटना से परिवार में कोहराम और गांव में शोक का माहौल है। वहीं, करमा गांव में 40 वर्षीय गोपाल यादव को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें हजारीबाग ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### बड़ा तालाब के पास संदिग्ध हालत में मिला शव कर्बला चौक निवासी की हुई पहचान

**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बड़ा तालाब के पास मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कर्बला चौक निवासी मो. सरवर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। परिजनों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली गई है। पुलिस मौत के कारणों और पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### एनएच किनारे होटल-ढाबों पर पलामू पुलिस का औचक छापा, 30 बोतल अवैध शराब जब्त

**मेदिनीनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू में एनएच और प्रमुख मार्गों के किनारे संचालित होटल-ढाबों में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर 7 सितंबर की रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में औचक छापेमारी कर होटल-ढाबों की सघन जांच की गई। छतरपुर एसडीपीओ प्रशांत कुमार के नेतृत्व में अनुमंडल क्षेत्र के 11 होटल-ढाबों की जांच हुई, जहां से कुल 30 बोतल अवैध शराब बरामद कर जब्त की गई। संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को पत्राचार किया गया है। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य शराब के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और सार्वजनिक स्थानों पर नशे से जुड़ी घटनाओं पर अंकुश लगाना है। एसपी ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री व भंडारण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

### जसीडीह में चिल्ड्रन पार्क के एंगल से लटका मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में सनसनी

**जसीडीह, देवघर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जसीडीह रेलवे स्टेशन की टीआरडी कॉलोनी स्थित चिल्ड्रन पार्क में मंगलवार सुबह लोहे के एंगल से शर्ट के फंदे के सहारे एक अज्ञात युवक का शव लटका मिला। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को नीचे उतारकर पंचनामा किया। पुलिस ने मृतक के कपड़ों और सामान की तलाशी ली, जिसमें एक रेल टिकट और पर्स मिलने की जानकारी है, लेकिन पहचान से संबंधित कोई स्पष्ट दस्तावेज नहीं मिला। स्थानीय लोगों की मदद से पहचान कराने का प्रयास भी किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, देवघर भेज दिया गया है। पुलिस मृतक की पहचान और मौत के कारणों की जांच में जुटी है।

### चुट्टूपालू घाटी में भीषण हादसा, 20 फीट गड्ढे में गिरा सरिया लदा ट्रेलर; दो की मौत

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चुट्टूपालू घाटी एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसे से दहल उठी। रांची से हजारीबाग की ओर जा रहा सरिया लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में ट्रेलर के नीचे दबे सरिया की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद सरिया हटाकर दोनों शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। चुट्टूपालू घाटी में लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार की देर रात करीब 12:30 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना रेलवे पुलिस ने सदर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों से जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में सूचना देकर शव की शिनाख्त कराने में जुटी है। घटना के कारणों की भी जांच की जा रही है।

# उपस्वास्थ्य केंद्र का सिविल सर्जन ने किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के सक्रिय कार्यकताओं की पहल रंग लाई।



लंबे समय से बंद पड़े छोटकी लारी गांव स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर संगठन की ओर से उठाई गई आवाज के बाद मंगलवार को रामगढ़ के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने उपस्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार, उपस्वास्थ्य केंद्र को पुनः चालू कराने एवं क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जेएलकेएम के जिला प्रवक्ता पांडव महतो के नेतृत्व में एक सितंबर को उपायुक्त ऋतुराज के जनता दरबार में ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन का आवेदन संख्या सीएमपी 001425 है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ऋतुराज ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने मंगलवार को छोटकी लारी स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा केंद्र को सुचारू रूप से संचालित करने और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला कार्यकारी सदस्य तपन महतो, जिला सचिव अमरदीप चौधरी, प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो समेत दर्जनों महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे। जेएलकेएम के सक्रिय कार्यकताओं एवं नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संगठन लगातार आवाज उठाता रहेगा। लंबे समय से बंद पड़े उपस्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण होने से स्थानीय लोगों में राहत की भावना है और उम्मीद जगी है कि जल्द ही केंद्र का नियमित संचालन शुरू होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम

**खूंटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता** भागीरथी पर्यटन विकास मित्र संघ खूंटी बैनर तले मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया।संघ के अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार घोष ने कहा कि साक्षरता सभी के लिए अनिवार्य है,बिना साक्षरता के समाज, राज्य या देश की उन्नति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।विगत पन्द्रह वर्षो में साक्षरता दर में काफी वृद्धि हुई है। सरकार को इसके लिए साधुवाद है।भागीरथी पर्यटन विकास मित्र संघ जन-जन को साक्षर बनाने के लिए अपने स्तर से कार्यरत है। मुरहू के बुद्धिजीवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा साक्षरता दिवस का उद्देश्य लोगों को शिक्षा और साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा सभी के लिए शिक्षा के अवसर सुनिश्चित करना है। पूर्व शिक्षक सुधांशु कुमार दत्ता ने कहा कि साक्षरता व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझने, आत्मनिर्भर बनने तथा समाज और देश के विकास में सक्रिय योगदान देने का अवसर देती है।युवा ध्रुवेन्द्र भास्कर ने कहा कि ह्यसाक्षर समाज ही मजबूत और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है।

# सांसद वीडी राम ने रंजीत पासवान के घर पहुंच जताया शोक

## दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड के उर्दवार मंडल के सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान के पिता श्री लाल कुंवर पासवान के असामयिक निधन की सूचना पर सोमवार को पलामू सांसद वीडी राम उनके आवास पहुंचे।

उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद वीडी राम ने कहा कि लाल कुंवर पासवान का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें। इस दौरान पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा के वरीय नेता कामेश्वर कुशवाहा, ईश्वरी पांडेय, हैदरनगर प्रखंड के पूर्व सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# गोंन्दुडीह कोलियरी में असंगठित मजदूर मोर्चा का धरना




**तेतुलमारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुसुंडा क्षेत्र के गोंन्दुडीह कोलियरी में आज असंगठित मजदूर मोर्चा ने 15 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता कैलाश रवानी एवं संचालन अनिल गुप्ता ने किया। धरना में मुख्य रूप से असंगठित मजदूर मोर्चा के जिला सचिव पवन महतो उपस्थित थे। धरना को संबोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि गोंन्दुडीह कोलियरी में एस टी जी आउटसोर्सिंग कंपनी ने कार्य प्रारंभ कर दिया है।

मोर्चा 13 जुलाई को एक पत्र देकर प्रबंधन से सौहार्द पूर्ण वार्ता के लिए अपील की थी, लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद कंपनी प्रबंधन ने कोई वार्ता नहीं किया मजबूरन आज असंगठित मजदूर मोर्चा ने एक दिवसीय धरना देकर प्रबंधन को चेताया है कि 25 सितंबर तक वार्ता नहीं करती है तो अनिश्चित कालीन चक्का जाम आंदोलन चलाएंगे। कंपनी ने जिस स्थान पर कार्य और ट्रांसपोर्टिंग चला रहा है,वहां मोर्चा के रैयतो की भूमि है। साथ ही परियोजना के आसपास के ग्रामीणों को 75% रोजगार योजना के तहत जोड़कर नियोजन आदि का लाभ दें एंव कोल माइन्स एक्ट 1952 सेक्शन 30 के अंतर्गत मजदूरों से 8 घंटा आउट सोर्सिंग में कार्य ले और सभी कार्यरत मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नियमित रूप से दे।

# दलमा में मिलीं 250 से ज्यादा प्रजाति की दुर्लभ तितलियां

## ब्लू मून, लेमन पैंसी भी देखी गयी, जंगल में दिखा प्रकृति का 'जादू'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड के घने जंगल केवल वन्यजीवों के लिए ही नहीं, बल्कि रंग-बिरंगी और अत्यंत दुर्लभ तितलियों के लिए भी अनुकूल प्राकृतिक आवास बनकर उभर रहे हैं। राजधानी रांची से लेकर जमशेदपुर के दलमा और सारंडा के विशाल जंगलों तक तितलियों की सैकड़ों प्रजातियां देखी जा रही हैं। वनों में मौजूद पर्याप्त वनस्पति, फूलदार पौधे, प्राकृतिक नमी और अनुकूल वातावरण इनके जीवन चक्र के लिए आदर्श परिस्थितियां उपलब्ध करा रहे हैं। यही वजह है कि वन क्षेत्रों में तितलियों की यह समृद्ध विविधता प्रकृति प्रेमियों, पर्यटकों और पर्यावरण विशेषज्ञों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है।



#### पर्यावरण और जंगलों की सेहत का महत्वपूर्ण संकेतक

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, तितलियां किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र (एङ्क२८२३‌ा) के स्वास्थ्य और संतुलन का सबसे बड़ा प्राकृतिक संकेतक होती हैं। जिस वन क्षेत्र में तितलियों की संख्या और प्रजातियों में जितनी अधिक विविधता दर्ज की जाती है, वहां की वनस्पतियों और प्राकृतिक पर्यावरण की स्थिति को उतना ही बेहतर और समृद्ध माना जाता है।

#### धारीदार अल्बाट्रॉस से लेकर 'ब्लू मून' तक की झलक

जीव-जंतु एवं पर्यावरण मामलों के विशेषज्ञ प्रभात कुमार के अनुसार, झारखंड के जंगलों में कई अत्यंत आकर्षक और दुर्लभ प्रजातियां मौजूद हैं। इनमें मुख्य रूप से

**कॉमन मॉरमोन :** काले पंखों पर सफेद धब्बों के कारण आसानी से पहचानी जाती है।

**लेमन इमिग्रेंट :** हल्के पीले रंग के पंख इसे बेहद खूबसूरत बनाते हैं।

**लेमन पैंसी :** इसके पंखों पर आँख जैसी विशिष्ट आकृतियाँ बनी होती हैं, जो इसे अन्य प्रजातियों से अलग बनाती हैं।

**ब्लू मून :** इसके पंखों पर नीले रंग की जादुई चमक देखने को मिलती है।

**अन्य प्रजातिया :** इसके अलावा धारीदार अल्बाट्रॉस और रेड पायरेट जैसी प्रजातियां भी यहाँ पाई जाती हैं।

#### वनस्पतियों और तितलियों की अटूट निर्भरता

विशेषज्ञ प्रभात कुमार बताते हैं कि तितलियों का पूरा जीवनचक्र जंगल की स्थानीय वनस्पतियों पर टिका है। वयस्क तितलियां जहां फूलों से मकरंद (रस) चूसकर ऊर्जा प्राप्त करती हैं, वहीं उनकी इल्लियां विशिष्ट पौधों की पत्तियों पर ही जीवित रहती हैं। इसलिए जंगलों में पौधों और फूलों की जितनी अधिक विविधता होगी, तितलियों का कुनबा भी उतना ही समृद्ध होगा। दलमा के डीएफओ सबा आलम अंसारी ने बताया कि अकेले दलमा वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में 250 से अधिक प्रजातियों की तितलियां दर्ज की जा चुकी हैं। दलमा के जंगलों में स्थानीय फूलदार पौधों का संरक्षण, रासायनिक प्रदूषण पर रोक और प्राकृतिक जलस्रोतों को सुरक्षित रखने के लगातार प्रयास किए गए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। विशेषज्ञों और वन विभाग का मानना है कि तितलियों के इस रंगीन संसार को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक आवासों और स्थानीय वनस्पतियों को संरक्षित रखना बेहद जरूरी है। क्योंकि प्रकृति की यह छोटी-सी जीव प्रजाति पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को जीवंत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। तितलियां को उनके प्राकृतिक आवास को बचाना सबसे अधिक जरूरी है। दलमा में 250 प्रकार से अधिक प्रजाति की तितलियां पाई गई है।

# रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बिजुलिया स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन के सभागार में पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य, नगर विकास एवं आवास तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।चैंबर अध्यक्ष मंजीत साहनी एवं सचिव मनोज चतुर्वेदी ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू जनप्रिय नेता, कुशल प्रशासक और व्यापारी समाज के प्रति सदैव समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही सोनू चैंबर की आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उनका अचानक निधन हम सभी के लिए बेहद दुखद और अविश्वसनीय है। उनके जाने से जो शून्य उत्पन्न हुआ है, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। एफजेसीसीआई के पूर्व उपाध्यक्ष अमित साहू एवं वर्तमान उपाध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का असमय निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी राज्य के साथ-साथ व्यापारी समाज को भी हमेशा महसूस होगी। पूर्व अध्यक्ष मंजीत सिंह एवं विमल बुधिया ने कहा कि जीवन की क्षणभंगुरता का एहसास इस घटना से और गहरा हुआ है। कल तक जो आवाज हमारे बीच थी, वह अब केवल स्मृतियों में रह गई है। उन्होंने मंत्री के आकस्मिक निधन को अत्यंत दुखद बताते हुए शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में अमित साहू, वर्तमान उपाध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मंजीत सिंह, विमल बुधिया, चैंबर उपाध्यक्ष अमरेश गणक, सचिव मनोज चतुर्वेदी, सहसचिव इंद्रपाल सिंह सैनी, राहुल जैन पाटनी, राजू अग्रवाल, परशुराम उपाध्याय, विशाल वासुदेव एवं संजय चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।




# गोविंदपुर में आयोजित हुआ 'स्वास्थ्य आपके द्वार' शिविर

**खूँटी, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निदेर्शानुसार सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ह्यस्वास्थ्य आपके द्वारह्व कार्यक्रम के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोविंदपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गोविंदपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।




शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को चिकित्सा परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई।

टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, एनसीडी एवं सिकल सेल सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गईं।

जरूरतमंद लोगों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में के एस गंगा, देवनिका एवं हंस फाउंडेशन के भी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी।

# गांव-गांव गूंजा पुलिस का संदेश, 15 लाख तक के इनामी नक्सलियों के पोस्टर चस्पां

## सूचना देने वालों को मिलेगा इनाम

**मेदिनीनगर/पिपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा और कस दिया है। वांटेड हार्डकोर नक्सलियों की तलाश तेज करते हुए पुलिस ने पिपरा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में इनामी उग्रवादियों के पोस्टर चस्पा किए हैं। पोस्टरों के जरिए ग्रामीणों से इन वांटेड नक्सलियों की पहचान और ठिकाने से जुड़ी जानकारी पुलिस तक पहुंचाने की अपील की गई है। पलामू एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर पिपरा थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव-गांव पहुंचकर पोस्टर लगाए। पोस्टरों में भाकपा माओवादी और टीएसपीसी से जुड़े ऐसे उग्रवादियों के नाम और तस्वीरें शामिल हैं, जो लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इनमें कई उग्रवादियों पर सरकार ने 10 से 15 लाख रुपये तक का इनाम घोषित कर रखा है।थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पोस्टर में शामिल सभी वांटेड उग्रवादी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी पहचान को सार्वजनिक करना और इनके संबंध में मिलने वाली सूचनाओं के आधार पर गिरफ्तारी की कार्रवाई को तेज करना है। पुलिस ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि वांटेड नक्सलियों के बारे में सटीक और उपयोगी सूचना देने वाले व्यक्ति को घोषित इनाम राशि के अनुसार पुरस्कृत किया जाएगा।

सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का संदेश साफ है कि नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखने में ग्रामीणों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।इनामी नक्सलियों की सूची में भाकपा माओवादी से जुड़े उग्रवादीनितेश यादव उर्फ इरफान जी उर्फ नन्दू उर्फ किरानी — इनाम 15 लाख रुपये,गोदराई यादव उर्फ संजय यादव, पिता सत्यम यादव, थाना छतरपुर, पलामू— इनाम 10 लाख रुपये,इश्तियाक अंसारी उर्फ ठेंगन मियां, थाना मोहम्मदगंज, पलामू— इनाम घोषित नहीं और

मनोहर गंझू उर्फ सोहन गंझू उर्फ दिनेश गंझू, थाना बालूमाथ, लातेहार — इनाम 10 लाख रुपये , सहित चार नक्सली शामिल हैं। वहीं टीएसपीसी से जुड़े दो उग्रवादी आरिफ जी उर्फ शशिकांत जी उर्फ सुदेश जी उर्फ सुरेश जी, थाना मनातू, पलामू— इनाम 10 लाख रुपये और नथुनी सिंह उर्फ नथुनी उर्फ छोटू, थाना मनिका, लातेहार— इनाम घोषित नहीं , शामिल हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि पोस्टर में शामिल किसी भी वांटेड उग्रवादी के दिखाई देने, गांव में आने-जाने या उसके ठिकाने की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस का कहना है कि सूचना देने वाले की पहचान उजागर नहीं की जाएगी।

### धनरुआ में सेंट्रिंग प्लेट चोरी का प्रयास विफल

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव में सेंट्रिंग प्लेट चोरी के प्रयास का मामला सामने आया है। इस संबंध में धनरुआ थाना में कांड संख्या 615/26 दिनांक के तहत मामला दर्ज किया गया है।मेधा कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत साजिद खान पिता रहमत खान, साकिन- रुस्तम नगर, थाना- शाहबाद, जिला- रामपुर (उत्तर प्रदेश) ने थाने में आवेदन देकर बताया कि 4 सितंबर की रात करीब 12:30 बजे वह कंपनी की ओर से रात्रि गश्ती पर थे। गश्ती के दौरान रसलपुर गांव में उन्होंने देखा कि टेंपू पर तीन पीस सेंट्रिंग प्लेट लोड है।जब उन्होंने टेंपू चालक से प्लेट के बारे में पूछताछ की तो टेंपू चालक और उस पर बैठी दो महिलाएं उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगीं। जिसके बाद उन्होंने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए।

# ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को हमेशा मदद करूंगा : कुसुमलत

## सिरका ने टिकाहारा को 2-0 से हराया, पेनल्टी शूटआउट में पवन इलेवन रामगढ़ विजयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के कुंदरूकलां पंचायत क्षेत्र के महथा बगीचा मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूनामेंट के दूसरे दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में सिरका और टिकाहारा की टीमें आमने-सामने हुईं।



सिरका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टिकाहारा को 2-0 गोल से पराजित किया। वहीं दूसरे मुकाबले में पवन इलेवण रामगढ़ और बोकारो की टीम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें पवन इलेवन रामगढ़ ने 5-3 से जीत दर्ज की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र की अध्यक्ष कुमारी कुसुमलता मुंडा शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें पहचानने और आगे बढ़ाने की। खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद करते रहेंगे।

फुटबॉल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलता है।

कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि कुमारी कुसुमलता मुंडा का बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर आयोजन समिति के खेल व्यवस्थापक रामू महतो, अध्यक्ष खेमन महतो, सचिव कुलदीप करमाली, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र महतो, उपाध्यक्ष रंजीत करमाली, सह सचिव छोटेलाल महतो, सह कोषाध्यक्ष विनोद करमाली, मीडिया प्रभारी कौसर अंसारी, बजरंग महतो, कमलेश बेदिया, संरक्षक हीरालाल महतो, निरंजन बेदिया, सुनील मेहता, ताहिर अंसारी, समीम अंसारी, फिजिशियन डॉ. एस. अनवर, व्यवस्थापक सहजाद अंसारी, सागर करमाली, निरंजन महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### धनरुआ में बर्थडे पार्टी में गाना बजाने को लेकर विवाद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के मिश्रीचक गांव में जन्मदिन की पार्टी के दौरान गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धनरुआ थाना में दर्ज कांड संख्या 618/26 के अनुसार, मिश्रीचक पंचायत के नीमा गांव की रेखा देवी ने आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी गोतनी की बेटी पलक कुमारी का जन्मदिन था और घर में साउंड बॉक्स पर हैप्पी बर्थडे का गाना बज रहा था। इसी दौरान गांव के ही फूलन पांडे, रवि कुमार (20), मोहन पांडे (40), विजय पांडे, संजीत कुमार (22) और विकास कुमार (19) हथियार से लैस होकर वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।आरोप है कि मना करने पर आरोपियों ने पूजा कुमारी का हाथ पकड़कर खींचतान की और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में पूजा कुमारी के चेहरे और भौं पर गंभीर चोटें आई हैं और वह जमीन पर गिरकर लहूलुहान हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**गोविंदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित दिल्ली-कोलकाता मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन एलिवेटेड फ्लाईओवर के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पाठक ब्रदर्स हाउस के सामने महिला बड़े वाहन की चपेट में आ गई। समाचार लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी थी। हादसे के बाद सड़क पर शव पड़े रहने और वाहनों की बढ़ती भीड़ से गोविंदपुर के चारों दिशाओं में यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। करीब 10 किलोमीटर तक जाम की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, फ्लाईओवर निर्माण के कारण सड़क संकरी हो गई है और जगह-जगह गड्ढों के साथ भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से निर्माण क्षेत्र में पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती, भारी वाहनों के नियंत्रण और बेहतर यातायात व्यवस्था की मांग की है। लोगों का कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

### बाल संस्कार केंद्रों की गतिविधियों को लेकर वनवासी कल्याण केंद्र की बैठक

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेटरवार वनवासी कल्याण केंद्र प्रखंड इकाई की बैठक मंगलवार को मंदिर टोला स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वनवासी कल्याण केंद्र के प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री सुशील मरांडी, बोकारो जिला उपाध्यक्ष प्रणणा मरांडी एवं जिला संगठन मंत्री आलोक कुमार मांझी, अनिल स्वर्णकार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान चरगी, पतकी,



उलगड्डा एवं कोह पंचायतों में संचालित बाल संस्कार केंद्रों के आचार्यों के साथ केंद्र की गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रांत संगठन मंत्री सुशील मरांडी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने की बात कही।उन्होंने बाल संस्कार केंद्रों के नियमित संचालन और गतिविधियों की समीक्षा के लिए प्रत्येक माह एक बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही केंद्रों पर बच्चों की भागीदारी बढ़ाने तथा संस्कारयुक्त शिक्षा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया।इस अवसर पर शिक्षा प्रमुख शंकर प्रसाद, अनिल कुमार ,राधेश्याम हेंब्रम ,उर्मिला कुमारी हांसदा, सुशीला देवी, मालती टुडु, पार्वती टुडु, पूनम देवी, पायल किस्कू, करिश्मा कुमारी, बैगना मरांडी सहित विभिन्न बाल संस्कार केंद्रों के आचार्य एवं वनवासी कल्याण केंद्र के सदस्यगण उपस्थित थे।

### स्वर्णकार समाज को संगठित कर मजबूत बनाने पर जोर

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रांची से बोकारो लौटने के दौरान अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के बोकारो जिलाध्यक्ष भोला प्रसाद सोनी का पेटरवार में संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने फूल-माला एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भोला प्रसाद सोनी ने कहा कि स्वर्णकार समाज के उत्थान के लिए सबसे पहले समाज को एकजुट और संगठित करना आवश्यक है। इसमें युवाओं को आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नौ प्रखंडों और तीन नगर क्षेत्रों में संगठन की कमेटियों का गठन किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि इसके बाद जिले में रहने वाले स्वर्णकार समाज के लोगों से संपर्क स्थापित कर उन्हें संगठन से जोड़ा जाएगा। समाज के जरूरतमंद लोगों को आवश्यकता के अनुसार आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक सहयोग उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। भोला प्रसाद सोनी ने कहा कि अन्य समाजों की तरह स्वर्णकार समाज की भी राजनीति में मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जाएगा। समाज के लोगों को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का अभियान चलाया जाएगा। मौके पर कृष्णा प्रसाद सोनी, अनिल स्वर्णकार, सीताराम स्वर्णकार, पवन स्वर्णकार, नरेश स्वर्णकार, शंकर स्वर्णकार सोनी, मिठू स्वर्णकार, जितेंद्र स्वर्णकार सहित स्वर्णकार समाज के कई लोग मौजूद रहे।

### यूएएम कर्मियों के लंबित मानदेय भुगतान को लेकर उपायुक्त सख्त, अधिकारियों को शीघ्र भुगतान का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग के तहत यूएएम में कार्यरत चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों के लंबित मानदेय भुगतान के मामले में उपायुक्त अजय नाथ झा ने त्वरित संज्ञान लिया है। मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित कर



मामले की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित मानव बल एजेंसी को कर्मियों के मानदेय, ईपीएफ एवं ईएसआई भुगतान से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं एएमसी एवं ईई को आवश्यक दस्तावेज प्राप्त होने के बाद क्रमवार लंबित राशि का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने एएमसी एवं ईई को एजेंसी को किए गए भुगतान का प्रमाण पत्र भी क्रमवार सिविल सर्जन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि भुगतान प्रक्रिया का समुचित अनुश्रवण और सत्यापन किया जा सके। गौरतलब है कि यूएएम में कार्यरत चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों ने मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं...ह्र लोक संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर लंबित मानदेय भुगतान की मांग रखी थी। कर्मियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने तत्काल संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर भुगतान प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, एएमसी चास संजीव कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी फुसरो राजीव रंजन, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


### पेटरवार व बरईकला में मनाया गया राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत ज्ञान विज्ञान समिति के तत्वावधान में मंगलवार को पेटरवार एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरईकला, कसमार में राष्ट्रीय साक्षरता दिवस डॉ. एमपी परमेश्वरन की स्मृति में मनाया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। मौके पर ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया जाता है। साक्षरता के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यूनेस्को ने वर्ष 1967 में इस दिवस की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना सीखना नहीं है, बल्कि व्यक्ति को अपने अधिकारों, अवसरों और समाज में अपनी भूमिका को समझने में सक्षम बनाना भी है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज पूरी तरह साक्षर नहीं होगा, तब तक जाति-पाति में भेदभाव, बेटा-बेटी में अंतर, अंधविश्वास, जादू-टोना और सांप्रदायिक हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने "ज्ञान का दीप जलाएं, हम भारत को आगे ले जाएं" तथा "हमारी किताबें हमारे साथी हैं, ज्ञान की बातें सिखलाती हैं" जैसे प्रेरणादायी गीत एवं नारों के माध्यम से शिक्षा का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पढ़ने-लिखने और ज्ञान अर्जित करने के महत्व पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उमेश कुमार महतो, राजेंद्र प्रसाद ठाकुर, मनोहर नायक, शांति राम मोदी, विनोद कुमार सिंह, बसंत कुमार महतो, बैजनाथ महतो, बलदेव साव, सावित्री देवी, वंदना कुमारी, महिमा कुमारी, बृहस्पति कुमार मांझी, सुधाकर कुमार सहित समिति के सदस्य वीरेंद्र कुमार ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके अलावा समिति की ओर से विभिन्न स्थानों पर जनवाचन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिन्हा, चमेली देवी, चास की सुनीता देवी, लक्ष्मण महतो एवं नमिता टैगोर ने भी सराहनीय सहयोग किया।

# मतदाता सूची निर्माण की प्रक्रिया में सभी की सहभागिता जरूरी, पारदर्शिता के साथ पूरा करें दायित्व : डीईओ

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची निर्माण एवं पुनरीक्षण की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि इस वक्त महत्वपूर्ण यह है कि सभी लोग इस पूरी प्रक्रिया का हिस्सा हैं। सभी की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची से संबंधित पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हो। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची आवश्यक है। इसके लिए



प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दलों एवं उनके प्रतिनिधियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

**बीएलए-2 को सक्रिय करने पर जोर**

बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि से अपने बूथ लेवल एजेंट-2 (बीएलए-2) को सक्रिय रखने का आग्रह किया गया। बताया गया कि ऐसे सभी नए मतदाता, जिनकी आयु 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, अथवा वैसे व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है लेकिन अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-6 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें तथा इस कार्य में बीएलए-2 की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें।

**81 हजार से अधिक फॉर्म-6 प्राप्त**

बैठक में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्राप्त फॉर्म-6 की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि 27.08.24 से 07.09.26 तक बोकारो जिले में कुल 81,850 फॉर्म-6 प्राप्त हुए हैं। इनमें से 56,532 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि 25,318 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया जारी हैं। विधानसभा क्षेत्रवार प्राप्त आवेदनों में गोमिया में 17,737, बेरमो में 16,017, बोकारो में 36,418 तथा चंदनकियारी में 11,669 फॉर्म-6 प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को लंबित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाते हुए निर्धारित प्रक्रिया के तहत ससमय कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**2.79 लाख मतदाताओं के लिए चल रही नोटिस एवं सुनवाई की प्रक्रिया**

बैठक में मतदाता सूची से संबंधित नोटिस चरण एवं सुनवाई की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि बोकारो जिले में कुल 2,79,044 मतदाताओं से संबंधित नोटिस एवं सुनवाई की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नोटिस एवं सुनवाई की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होनी चाहिए।

**शिकायतों का ससमय करें निष्पादन**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए उनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन, राजनीतिक दल एवं आम मतदाता सभी इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सहभागी हैं। सामूहिक प्रयास से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित भाजपा के विकास कुमार, कांग्रेस के बोकारो जिलाध्यक्ष जवाहर लाल, सीपीआई(एम) के बोकारो जिलाध्यक्ष भागीरथ शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के बोकारो जिलाध्यक्ष मो. सुल्तान, आम आदमी पार्टी के सचिव विधान चन्द्र रात्रि, राष्ट्रीय जनता दल के संदीप पासवान, सीपीआई(एम) की रेणु दास तथा बहुजन समाज पार्टी के समीर कुमार एवं देवानंद राय आदि उपस्थित थे।

# हम आपको सुनते है लोक संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं...(लोक संवाद) कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने क्रमवार कुल 55 मामलों को सुना और प्रत्येक मामले के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से आवश्यक जानकारी लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। लोक संवाद में भूमि संबंधी मामले, भूमि पर कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, आपदा प्रबंधन, सांख्यिकी समेत विभिन्न विभागों से संबंधित मामले आमजनों द्वारा उपायुक्त के समक्ष रखे गए। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरतापूर्वक सुनी तथा संबंधित विभाग को मामले की जांच कर समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



**भूमि एवं जनकल्याण से जुड़े मामलों पर विशेष जोर**

कार्यक्रम में भूमि से संबंधित मामलों में दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, भूमि पर कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, सिविल सर्जन, जेएसएलपीएस आदि से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध अभिलेखों एवं दस्तावेजों के आधार पर मामलों की जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। वहीं, सामाजिक सुरक्षा एवं राशन कार्ड से संबंधित मामलों में पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आपदा प्रबंधन से जुड़े मामलों में भी नियमानुसार आवश्यक सहायता एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

**हर आवेदन की गंभीरता से सुनवाई**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि हम आपको सुनते हैं लोक संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनके समाधान की दिशा में त्वरित पहल करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता के अनुसार मामलों की समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनों की शिकायतों को केवल आवेदन तक सीमित न रखते हुए उसके वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान की दिशा में कार्य करें। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, एडीएसएस सुचिता किरण भगत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीडीएमओ शक्ति कुमार समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा को लेकर चास में निषेधाज्ञा लागू

## परीक्षा केंद्र के 300 मीटर की परिधि में 09 एवं 10 सितंबर को प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा के शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल दंडाधिकारी, चास प्रांजल ढांडा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा का आयोजन 09 एवं 10 सितंबर 2026 को चास अनुमंडल क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र पर किया जाएगा। परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराह्न 03:00 बजे से 06:00 बजे तक आयोजित होगी। निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्र के 300 मीटर की परिधि में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एक साथ एकत्रित होने, भीड़ लगाने अथवा अनावश्यक रूप से भ्रमण करने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति द्वारा आग्नेयास्त्र, पारंपरिक हथियार, लाठी, डंडा, भाला, तीर-धनुष, फरसा, बरछा आदि लेकर चलने, प्रदर्शन करने अथवा उनका उपयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। निषिद्ध क्षेत्र में किसी भी प्रकार के जुलूस, रैली, सभा, धरना अथवा प्रदर्शन का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। परीक्षा एवं परीक्षा केंद्र के कार्य से संबंधित व्यक्तियों, कर्मियों, परीक्षार्थियों, प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों के निषिद्ध क्षेत्र में प्रवेश एवं अनावश्यक भ्रमण पर भी रोक रहेगी। किसी परीक्षार्थी को अनुचित सहायता अथवा सहयोग देना भी प्रतिबंधित रहेगा। यह निषेधाज्ञा 09 सितंबर 2026 एवं 10 सितंबर 2026 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। आयन डिजिटल जोन, चास, ग्राम खमरबेंदी, चास, चांडनकियारी मार्ग, दिल्ली पब्लिक स्कूल के निकट, चास, बोकारो स्टील सिटी, झारखंड।

# अगस्त में 248 मामले दर्ज, पुलिस ने 439 कांडों का किया निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बोकारो पुलिस ने अगस्त महीने में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में जिले की कानून-व्यवस्था, लंबित कांडों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। अगस्त महीने के आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 248 नए मामले दर्ज किए गए, जबकि पुलिस ने विभिन्न थानों में लंबित 439 कांडों का निष्पादन किया। दर्ज मामलों में ठगी और जालसाजी के 36, सड़क दुर्घटना के 45, हत्या के 9, बलात्कार एवं पोक्सो एक्ट के 12, गृहभेदन के 25 तथा वाहन चोरी के 25 मामले शामिल हैं। अपराधियों और फरार अभियुक्तों के खिलाफ भी पुलिस ने



अभियान चलाया। इस दौरान 186 अभियुक्तों के विरुद्ध जारी एनबीडब्ल्यू और पीडब्ल्यू का निष्पादन किया गया, जबकि तीन मामलों में कुर्की की कार्रवाई पूरी की गई। मोबाइल चोरी के मामलों में भी पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अगस्त महीने में 78 चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए। जिले में अब तक कुल 567 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपे जा चुके हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरती गई। अगस्त महीने में 2995 वाहनों से कुल 44 लाख 64 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने आगामी गणेश चतुर्थी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। साथ ही साइबर अपराध, अड्डाबाजी, असामाजिक गतिविधियों और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर विशेष निगरानी रखने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# जैनामोड़ में भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक

## 9 सितंबर के प्रदर्शन की तैयारी पर चर्चा

**जैनामोड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को जैनामोड़ स्थित किसान मोर्चा कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र राज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 9 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आयोजित एक दिवसीय प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र राज ने कहा कि 9 सितंबर के प्रदर्शन में बोकारो जिले से हजारों भाजपा कार्यकर्ता उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जुटेंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं और पदाधिकारियों से प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। बैठक के दौरान बोकारो जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन सिंह को झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यकताओं



ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए संगठन के प्रति उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा छात्रों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो भारतीय जनता पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों के हितों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है और किसी भी प्रकार के अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में संजय सिन्हा, जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी, अनिल स्वर्णकार, रामलाल सोरेन, जयनारायण मरांडी, गिरजा देवी, अंजला सिंह, विभीषण चौधरी, ईश्वर महतो, चंद्रशेखर महतो, सतीश चंद्र राय, धर्मेंद्र महतो, चंद्रशेखर सिंह, दिनेश कुमार महतो, बालेश्वर मुर्मू, रामचंद्र महतो, सुनील मंडल, सुरेश कुशवाहा, भोला रवानी, योद्धी प्रसाद महतो, बैद्यनाथ प्रसाद और नीरज कुमार साह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 10 सितंबर को धनबाद उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेगी भाजपा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जेपीएससी ,जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली की सीबीआई जांच तथा आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग को लेकर भाजपा धनबाद जिला 10 सितंबर को उपायुक्त कार्यालय का घेराव एवं प्रदर्शन करेगी। इसको लेकर मंगलवार को झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा के जगजीवन नगर स्थित आवासीय कार्यालय में धनबाद विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 10 सितंबर के आंदोलन की रूपरेखा और कार्यकताओं की जिम्मेदारियां तय की गईं। भाजपा ने बताया कि कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास करेंगे और विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिला महामंत्री मानस प्रसून, रूपेश सिन्हा, जिला मंत्री रीता यादव, मौसम सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, विभा रानी सिंह, बसंती सिंह, राजाराम दत्ता, हुल्लास दास, रंजय सिंह, इंद्रभूषण कुशवाहा, गौतम चौधरी, मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीएसएल में 'संगच्छध्वम 2026' के तहत हाउसकीपिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के यूटिलिटीज विभाग में कार्यस्थल पर स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'संगच्छध्वम 2026' पहल के तहत हाउसकीपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हाउसकीपिंग को कार्यस्थल की सुरक्षा संस्कृति का अभिन्न अंग बनाते हुए कर्मचारियों में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यस्थल के प्रति जागरूकता तथा उत्तरदायित्व की भावना को और सुदृढ़ करना है। प्रतियोगिता के अंतर्गत मुख्य महाप्रबंधक (यूटिलिटीज) द्वारा यूटिलिटीज विभाग के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित पोस्टों का निरीक्षण किया गया।

# बीएसएल के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन एवं कोल केमिकल (सीओसीसी) विभाग में कार्यस्थल पर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने, सुरक्षित कार्य पद्धतियों को प्रोत्साहित करने तथा सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विभाग के कोल टावर-4 की टीम द्वारा एक प्रभावशाली 'सुरक्षा नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य महाप्रबंधक (सीओसीसी), मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) सहित सीओसीसी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी,



कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने सुरक्षा नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया तथा टीम द्वारा सुरक्षा जागरूकता के लिए किए गए इस सराहनीय एवं रचनात्मक प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक एवं सहभागी गतिविधियां कर्मचारियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित कार्य व्यवहार को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने सीओसीसी विभाग द्वारा सुरक्षा जागरूकता एवं सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सभी कर्मियों से कार्यस्थल पर निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं, मानकों एवं दिशा-निर्देशों का सदैव पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान 'माई एरिया, माई रेस्पॉन्सिबिलिटी' पहल के अंतर्गत विभाग के विभिन्न जोन में सुरक्षा के प्रति नेतृत्वकारी भूमिका निभाने तथा जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ह्यसेफ्टी कैप्टन्स को अधिशासी निदेशक (संकार्य) द्वारा सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा प्रत्येक कर्मी में सुरक्षा के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी एवं सजगता की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com